CMYK

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 07° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 6 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 180 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




असमानता व असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा : खड़गे पेज 2



पाकिस्तान नहीं खेलेगा भारत के साथ टी-20 मैच: शहबाज शरीफ खेल टाइम्स



नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी सम्पादकीय



भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस पेज 12

# प्रधानमंत्री के साथ कुछ भी हो सकता था: लोकसभा स्पीकर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**ओम बिरला बोले-इसलिए मैंने लोकसभा में उनकी स्पीच टाली**

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी बुधवार शाम 5 बजे होने वाली स्पीच टालनी पड़ी। आशंका के चलते मैंने ही उनसे न आने का आग्रह किया था।

बुधवार को पीएम की स्पीच के दौरान कांग्रेस लोकसभा में उन पर हमला करने की योजना बना रही थी, इसी आशंका के चलते स्पीकर ने सदन स्थगित करने का फैसला लिया। दरअसल, पीएम मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया था। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव को हंगामे के बीच गुरुवार को पास कराया गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में जो हुआ, वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर कोई अप्रत्याशित घटना कर सकते थे। बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा कि आप पोस्टर लेकर आएंगे, तो सदन नहीं चलेगा। जिस तरह से महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची, उसे देश ने देखा। ये उचित नहीं था। ये सदन की गरिमा के अनुकूल भी नहीं था। इस बीच विपक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, इसको देखते हुए स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्रवाई शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। बुधवार को शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था- जो सही है, वो करो। ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं। हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी। कुछ मंत्रियों ने विपक्षी सांसदों से जाने को कहा, इसके बाद उन्होंने घेराव बंद किया।

## दावा: कांग्रेस ने हमले की प्लानिंग की थी

कांग्रेस ने पीएम पर हमला करने की योजना बनाई थी। प्रधानमंत्री सदन में मौजूद थे और जवाब देने के लिए भी आने वाले थे। इस दौरान स्पीकर को कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर हमला किए जाने की योजना की जानकारी मिली थी। साथ ही कांग्रेस ने महिला सांसदों को ढाल के तौर पर आगे किया था। इसी वजह से सदन को स्थगित करने का फैसला लिया गया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में बुधवार को विपक्ष और भाजपा सांसदों के बीच भी बहस हुई थी। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम की कुर्सी का घेराव करने वालों में विपक्षी सांसद वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि भी शामिल थीं।

# यूपी में गुमशुदा लोगों की तलाश में नाकामी पर हाईकोर्ट सख्त

- **कहा: एसीएस गृह और डीजीपी हाजिर हों, होगा जवाब-तलब**

**लखनऊ।** उप्र में गुमशुदा लोगों की तलाश मामले में अफसरों के सुस्त रवैये पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए ब्योरे को देखकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से निजी हलफनामे पर जवाब मांगा है।

कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर यह दोनों अफसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अदालत के समक्ष पेश होंगे। उनसे पूछा है कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं और दो साल में एक लाख गुम लोगों की तलाश में नाकामी की क्या वजह है। इसके लिए अगर कोई कार्यप्रणाली नहीं है, तो इसके लिए एसओपी बनाई जाए। खंडपीठ ने गुरुवार को यह आदेश राजधानी के चिनहट निवासी विक्रमा प्रसाद की याचिका पर दिया। याची ने जुलाई 2024 में गुम हुए अपने 32 साल के पुत्र की तलाश के निर्देश पुलिस को देने का आग्रह किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मशाला में जन्मी तिब्बती महिला भारतीय नागरिक घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जन्म के आधार पर नागरिकता की संवैधानिक गारंटी को बरकरार रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसले में 1966 में धर्मशाला में जन्मी तिब्बती मूल की महिला को भारतीय नागरिक घोषित किया है। न्यायालय ने अधिकारियों को उसे तुरंत भारतीय पासपोर्ट जारी करने का निर्देश भी दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने दो फरवरी को यांगचेन द्राकमार्ग्यापोन की एक रिट याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि उनका मामला नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 3(1)(क) के दायरे में आता है। यह कानून 26 जनवरी 1950 से एक जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्मे हर व्यक्ति को जन्म के आधार पर भारतीय नागरिकता प्रदान करता है।

### बिहार चुनाव को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंची जन सुराज पार्टी

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों में 'बड़े पैमाने पर अनियमितताओं' का आरोप लगाते हुए चुनाव को चुनौती दी है और पुन: चुनाव करवाने का आग्रह करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर की गई याचिका में बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिला मतदाताओं के बैंक खातों में 10,000 रुपये डाले गए और इस योजना में नए लाभार्थियों के नाम भी जोड़े गए थे।

### अल-फलाह विवि चेयरमैन चार दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** एक निचली अदालत ने विवादों में घिरे अल-फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी और वित्तीय कदाचार के मामले में चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सिद्दीकी को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। यह कार्रवाई यूजीसी द्वारा दर्ज कराई गई औपचारिक शिकायतों के बाद शुरू की गई है।

# पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

## मोदी ने कहा: कितने ही नारे लगा लो कब्र नहीं खोद पाओगे

**रोज दो किलो गाली खाता हूं, मोहब्बत की दुकान वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे, जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, इनको जवाब देना पड़ेगा**

**देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था, कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जवाब दिया। विपक्ष की ओर से जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन के लिए इस सदन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। देश आज तेज प्रगति कर रहा है।

मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। क्या ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है, विपक्ष की नारेबाजी पर उन्होंने कहा कि कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोंद पाओगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, लेकिन इनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी कि दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था। आपने कोशिश की होगी, लेकिन कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था। दुनिया के देश अब भारत के साथ ऐसे ही समझौते नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे एक वजह यह है कि एक विकसित देश विकासशील देश के साथ समझौता करता है तो उसे बड़ा बाजार मिलता है। मेरे लिए यह नई बात नहीं है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन करता था। तब इस वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में राज्य का एक साझेदार देश जापान हुआ करता था। यह राज्य के लिए एक गर्व की बात थी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी की हुई गलतियों को ठीक करने में जा रही है। दुनिया के मन में उनके समय की जो छवि है, उसको धोने में मेरी ताकत लगती है। इस काम के लिए हमने भविष्य के लिए तैयार नीति पर बल दिया है। देश नीति के आधार पर चल रहा है। विश्व का विश्वास बन रहा है। हमने सुधार (रिफॉर्म), प्रदर्शन (परफॉर्म) और बदलाव (ट्रांसफॉर्म) पर जोर दिया और आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। हम सबके लिए प्रेरणादायी है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खड़गे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे लगाना चाहें तो लगा सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश के मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि देश का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। हम आगे ही आगे देखना है और लक्ष्य को प्राप्त करके ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत के भाग्य के लिए अनेक संयोग एक साथ हमें नसीब हुए हैं। ये अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है। सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं।



### 2004 के बाद पहली बार लोकसभा में पीएम की स्पीच के बिना धन्यवाद प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 7वें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। इससे पहले 10 जून 2004 को विपक्ष ने तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने दिया था। गुरुवार को लोकसभा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस पर स्पीकर ने पहली बार 65 सेकंड के भीतर, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। 3 बजे हंगामे के बाद लोकसभा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं कांग्रेस के लोकसभा से निलंबित सांसद मणिकम टैगोर ने कहा था कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात रखने की इजाजत नहीं दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम नरेंद्र मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा।

# उप्र में चाइनीज मांझे से मौत को माना जाएगा हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **मुख्यमंत्री योगी का रुख सख्त**
- **राज्य में चाइनीज मांझे के इस्तेमाल और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई**



**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि अब से चाइनीज मांझे से मौत होने को हत्या माना जाएगा। इसका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। सीएम योगी ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए यूपी पुलिस को सघनता से अभियान चलाने का निर्देश दे दिया है।

लखनऊ में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक की मौत के बाद सीएम योगी ने बेहद सख्त फैसले लिए हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को इस पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने सख्त लहजे में कहा है कि चाइनीज मांझे की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइनीज मांझे की सप्लाई करने वाले अवैध नेटवर्क की पहचान करने और उन्हें खत्म करने का आदेश अधिकारियों को दिया है। लखनऊ हादसे और सीएम योगी के निर्देश के बाद यूपी पुलिस भी एक्टिव हो गई है। लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में चाइनीज मांझा बेचने वालों की पहचान करने के लिए छापेमारी की गई है। लखनऊ में चार फरवरी को मोहम्मद शोएब नाम के एक युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के चलते मौत हो गई।, वह बाइक से जा रहे थे। इस दौरान उनके गले में चाइनीज मांझा फंस गया और उनकी गर्दन कट गई। वह बाइक समेत नीचे गिर पड़े। खून से लथपथ वह तकरीबन 10 मिनट तक तड़पते रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। इस बीच इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव ने किया आत्मसमर्पण

- **दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से कर दिया था इन्कार**

**नई दिल्ली।** एक्टर राजपाल यादव ने गुरुवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस केस में उनकी सजा के सिलसिले में समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था। साथ ही उन्हें तिहाड़ जेल में सरेंडर का आदेश दिया था। जेल के एक सूत्र ने बताया कि राजपाल यादव ने गुरुवार को शाम 4 बजे जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। अब जेल अधिकारी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन करेंगे। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने बीते दिन बुधवार को राजपाल यादव को जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करने के लिए दी गई समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था।

# मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा कि अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं।

# तेल खरीद पर भारत के रवैये में बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **स्रोतों में विविधता से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता: विदेश मंत्रालय**
- **रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट की**



**नई दिल्ली।** भारत ने रूस और वेनेजुएला से तेल खरीद को लेकर चल रही तमाम अटकलबाजियों के बीच गुरुवार को स्पष्ट किया कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत के पहले के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अपने लोगों के हित में पहले की तरह की कदम उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाजार परिस्थितियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक वेनेजुएला का सवाल है वह ऊर्जा क्षेत्र में लंबे समय से भारत का साझेदार रहा है व्यापार के स्तर पर भी और निवेश के स्तर पर भी। उन्होंने कहा कि हम 2019-20 तक वेनेजुएला से ऊर्जा और कच्चा तेल आयात कर रहे थे, जिसके बाद हमें इसे रोकना पड़ा। इसके बाद 2023-24 में हमने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू किया, लेकिन प्रतिबंध दोबारा लगाए जाने के बाद हमें इसे फिर से रोकना पड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी के साथ साझेदारी रही है और भारत की वहां 2008 से मौजूदगी बनी हुई है।

### ईरान में हिरासत में लिए गए 16 में से 8 भारतीय नाविक रिहा : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** ईरान में हिरासत में लिए गए 16 भारतीय नाविकों में से आठ को रिहा कर दिया गया है और उनके स्वदेश लौटने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि शेष नाविकों के संबंध में भारतीय दूतावास के अधिकारी ईरानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमें ईरान में 16 नाविकों तक कांसुलर पहुंच मिली है। बंदर अब्बास में हमारे अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार इन 16 में से आठ को रिहा कर दिया गया है और वे भारत लौट रहे हैं। शेष आठ नाविकों के मामले में हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और उन्हें समुचित सहायता देने के तरीकों पर काम कर रहे हैं।

# UPSC सेवा में रहते हुए बार बार परीक्षा देने का रास्ता बंद

- **रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार, नए नियम 2026 से लागू**

**नई दिल्ली।** संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है।

आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस आथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, आईएएस और आईएफएस को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ, तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है, तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा। पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद, लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पदाधिकारियों का निलंबन लोकतंत्र पर हमला: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारियों के निलंबन को छात्र लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि यह कार्रवाई जेएनयू के करीब 8,000 छात्रों के जनादेश का अपमान है, जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुना है। चौधरी ने आरोप लगाया कि जब 'सरकारी' छात्र संगठन चुनाव जीतने में असफल रहता है, तब सरकार और प्रशासन विरोधी छात्र संगठनों की आवाज दबाने के लिए निलंबन, जुर्माने और डराने-धमकाने जैसे हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय में कथित अनधिकृत बायोमेट्रिक निगरानी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करने पर पदाधिकारियों को दंडित करना एक खतरनाक तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है।

### इंडिगो के खिलाफ करेंगे सीसीआई के महानिदेशक जांच

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दिसम्बर 2025 में बड़ी संख्या में उड़ानों में व्यवधान के लिए इंडिगो को प्रथमदृष्टया नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुए आयोग के महानिदेशक को उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। इंडिगो ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि सीसीआई ने चार फरवरी के आदेश में उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। सीसीआई के आदेश में कहा गया है कि जिन यात्रियों ने इंडिगो की उड़ानों के टिकट बुक कराए थे, उनके पास अंतिम समय में उड़ान रद्द होने की सच्चाई स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

# अखिलेश ने ईसी और भाजपा पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा है।

**■ भाजपाइयों के घरों पर अपना झंडा लगाने के साथ उनके घरों को बूथ बना दे चुनाव आयोग**

अखिलेश यादव ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर कड़ा बयान देते हुए कहा कि आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं, मानो भारत निर्वाचन आयोग और भाजपा के बीच कोई फर्क ही न रह गया हो। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो ऐसा लगता है जैसे चुनाव आयोग का झंडा भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी बनाने के साथ उनके घरों पर लगा दिया जाए और बूथ भी वहीं बना दिए जाएं। गुरुवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने पूछा क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है। प्रशासनिक पर्यायवाची कोश में 'चुनाव आयोग' को 'भाजपा' के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा शासनकाल में सरेआम वोट काटने-बढ़ाने जैसी गतिविधियां हो रही हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाएं आंख मूंदे बैठी हैं। आज जो लोग वोट छीन रहे हैं, वे कल जनता के बाकी अधिकार भी छीनेंगे।

### आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में आसाराम आश्रम की 45,000 स्क्वायर मीटर से ज़्यादा पब्लिक जमीन पर राज्य सरकार के अधिकार को बरकरार रखा है। कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले ने लंबे समय से चल रही कानूनी उलझन को खत्म कर दिया है और शहर के भविष्य के खेल और शहरी विकास का रास्ता साफ कर दिया है। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। अब इस पर बुलडोजर चलाया जाएगा। यह विवादित जमीन मोटेरा जैसे बहुत ही अहम इलाके में है, जो नरेंद्र मोदी स्टेडियम और सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बगल में है। अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और भविष्य में होने वाले ओलंपिक्स की तैयारी कर रहा है।

# असमानता, असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में असहिष्णुता तेजी से बढ़ रही है और भाजपा आरएसएस असमानता को बढ़ावा दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि कि देश में असमानता लगातार बढ़ रही है और केवल एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति सिमट कर रह गई है। राज्यपाल केंद्र सरकार की एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और जिन राज्यों में भाजपा का शासन है वहां असहिष्णुता तेजी से फैल रही है।

**■ एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत सम्पत्ति सिमटी**

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर उत्तराखंड की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने एक युवक 'मोहम्मद दीपक' पर मुकदमा दर्ज किया। जो सद्भावना की रक्षा के लिए खड़ा हुआ था। अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो आम आदमी रक्षा के लिए कहां जाएगा। जो शख्स झगड़ा सुलझाने के लिए जाता है, भाजपा के लोग उसी को धमकाते और मारते हैं। इसीलिए मैं कहता हूं भाजपा के पास सहिष्णुता नहीं है। उन्होंने कहा कि गैर राजग शासन वाले राज्यों में राजभवन भाजपा आरएसएस के दफ्तर बन गए हैं। राज्यपाल केंद्र सरकार के एजेंट की तरह काम करते हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल, हर जगह राज्यपालों ने कैबिनेट से पारित भाषणों से इंकार किया और विधेयकों को रोकने जैसे कदम उठाए। श्री खड़गे ने कहा कि भाजपा आरएसएस के मन में बराबरी की बात कभी नहीं रही है। उनकी सोच अमीरों को और अमीर बनाना और गरीबों को और गरीब बनाना है। उन्होंने वैश्विक असमानता रिपोर्ट 2026 का हवाला दिया, जिसके अनुसार भारत में टॉप एक प्रतिशत लोगों के पास देश की लगभग 40 प्रतिशत कुल संपति सिमटी चुकी है, टॉप 10 प्रतिशत दो-तिहाई यानी 65 प्रतिशत हाउसहोल्ड एसेट के मालिक हैं, आय के स्तर पर भी टॉप 10 प्रतिशत अकेले 58 प्रतिशत राष्ट्रीय आय ले जा रहा है, जबकि सबसे नीचे के स्तर 50 प्रतिशत को सिर्फ 15 प्रतिशत पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि आपकी विकास की सोच पसंदीदा, चुनिंदा पूंजीपतियों के लिए है। मेहनतकश लोगों की दिक्कतों से आपका कोई मतलब नहीं। यही आपका विकसित भारत है। नौजवानों की पीड़ा से इस सरकार को कोई मतलब नहीं।

## यूपी में कृषि ऋण स्वीकृति प्रक्रिया पूरी तरह से बदली: योगी

# किसानों को अब पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ 2026-27 के लिए कृषि ऋण लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये तय किया गया, सरकार और किसान कर रहे हैं एआई का प्रयोग**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिए किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। योगी ने कहा कि आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोड्यूसर एफपीओ (1005 सदस्य) और मथुरा की 750 महिलाओं वाली सरसों उत्पादक कंपनी पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल हैं। महिलाओं ने प्रोसेसिग और वैल्यू एडिशन के जरिए बेहतर मुनाफा कमाया है। सरकार ऐसे प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग देगी।

योगी ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' के विजन के तहत सहकारिता क्षेत्र में डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले बंद होने की कगार पर खड़े 16 जिला सहकारी बैंकों में से 15 आज मुनाफे में हैं। एमएसएमई सेक्टर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) योजना ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स कार्यरत हैं और लगभग 3 करोड़ परिवार इससे जुड़े हैं। निर्यात 84 हजार करोड़ से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। योगी ने कहा कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को 2.14 लाख करोड़ का भुगतान हुआ, जबकि बीते 9 वर्षों में ही 3 लाख करोड़ का भुगतान किया गया है।

### 2017 के बाद गन्ना किसानों को तीन लाख करोड़ का भुगतान: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में गन्ना किसानों की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को कुल 2.14 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि वर्ष 2017 से 2025 के बीच केवल 8.9 वर्षों में 3 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री यह बातें राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आधे समय से भी कम अवधि में पिछली सरकारों की तुलना में 86 हजार करोड़ रुपये अधिक भुगतान गन्ना किसानों को किया गया है। योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार गन्ना किसानों को 400 रुपये प्रति क्विटल का भुगतान कर रही है। यह सरकार की किसान हितैषी नीतियों और ठोस निर्णयों का परिणाम है, जिससे अन्नदाता किसानों को सीधा लाभ मिला है।

# उत्तर मध्य भारत में कोहरा व बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, वार्ता**

**■ 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली को सबसे ठंडा बताया गया**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान गिरने के बीच गुरुवार को दिल्ली में दृश्यता में सुधार हुआ। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पालम को 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली में सबसे ठंडा जगह बताया और चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में कई पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर और मध्य भारत में कोहरा, बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

दिल्ली के बेस स्टेशन सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आया नगर में 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। सुबह तड़के पालम में न्यूनतम दृश्यता 1,100 मीटर दर्ज की गई। मौसम विज्ञान ने कहा कि दो पश्चिमी विक्षोभों के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने का अनुमान है, जिससे पांच-छह फरवरी और फिर नौ-दस फरवरी को छिटपुट बारिश और हिमपात हो सकता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों और पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग- अलग स्थानों पर सुबह और रात के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति छह फरवरी तक बने रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में सात फरवरी तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है, जबकि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तरपूर्वी राजस्थान, उप-हिमालई पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड और मेघालय में अगले कुछ दिनों तक कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83313.93
निफ्टी 25642.80



सोना 154570
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार | देश




चांदी रु. 300000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 504 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली रही और बीएसई का सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60 प्रतिशत) टूटकर 83,313.93 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 25,642.80 अंक पर आ गया। तीन दिन की तेजी के बाद बाजार में बिकवाली हावी रही है। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। धातु, ऑटो, आईटी, निजी बैंकों, रियलटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल, बीईएल, आईटीसी और इंफोसिस में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर करीब तीन प्रतिशत और टाटा स्टील का एक प्रतिशत से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा।

# सोना और चांदी की चमक फीकी पड़ी

**नई दिल्ली।** सोने की चमक लगातार दो दिनों की तेजी के बाद गुरुवार को फीकी पड़ी और चांदी भी आज सस्ती हुई है। आज 24 कैरट वाला सोना प्रति दस ग्राम 5020 और 22 कैरट की शुद्धता वाला सोना 4600 सस्ता हुआ है। अब चांदी की बात करें, तो एक किलो चांदी भी दिल्ली में आज सस्ती हुई है।

आज प्रति किग्रा यह 20,000 गिरी है। दिल्ली में आज 24 कैरेट वाला सोना 1,54,570, 22 कैरेट वाला सोना 1,41,700 और 18 कैरेट वाला सोने की कीमत 1,15,970 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई में 24 कैरेट वाला सोना 1,54,420, कोलकाता में 1,54,420 , चेन्नई में 1,56,220, बेंगलुरु में 1,54,420 , हैदराबाद में 1,54,420 , लखनऊ में 1,54,570, पटना में 1,54,470, जयपुर में 1,54,570 और अहमदाबाद में 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम है। दिल्ली में चांदी फिसलकर आज 3,00,000 प्रति किलो के भाव में बिक रही है। बाकी अहम महानगरों की बात करें तो मुंबई और कोलकाता में भी यह इसी भाव पर बिक रही है, लेकिन चेन्नई में इसका भाव प्रति किग्रा 2,99,900 है यानी कि चारों महानगरों में सबसे महंगी चांदी चेन्नई में ही बिक रही है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट-रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी) जतिन त्रिवेदी के मुताबिक रिकॉर्ड हाई से आई गिरावट, मार्जिन में बढ़ोतरी और मुनाफावसूली के चलते बाजार में फिलहाल काफी वोलैटिलिटी बनी हुई है। कमोडिटी एक्सपर्ट एनएस रामास्वामी के मुताबिक सोना और चांदी में आई हालिया गिरावट जरूरत से ज्यादा तेजी के बाद एक नेचुरल शशेकआउटश रही। उनका कहना है कि डक्कलर में मजबूती ने कुछ बिकवाली को जरूर ट्रिगर किया।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालें चीनी महंगी, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। वहीं चीनी और दालों में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये घटकर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी चार रुपये सस्ता हुआ और 2,871 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटा 11 रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 53 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल में 50 रुपये और मसूर दाल में 38 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल 34 रुपये और चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 17 रिंगिट टूटकर 4,208 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.23 प्रतिशत की गिरावट में 55.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये और पाम ऑयल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 20 रुपये और मूंगफली तेल की 10 रुपये गिर गई। वहीं वनस्पति 32 रुपये और सूरजमुखी तेल 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# देश में बनेगा उभयचर विमान एल्बेट्रोस 2-0 का पिछला हिस्सा

**नई दिल्ली।** पानी और जमीन दोनों पर उतरने में सक्षम उभयचर विमान बनाने में विशेषज्ञता रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई कंपनी एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (एएआई) ने भारत में अपने एल्बेट्रोस 2-0 विमानों के एक हिस्से के निर्माण के लिए भारतीय कंपनी एपोजी एयरोस्पेस के साथ करार किया है।

साथ ही एएआई ने इन विमानों के रक्षा और सरकारी ग्राहकों को विमानों की बिक्री के लिए एपोजी एयरोस्पेस को भारतीय उपमहाद्वीप में अपना प्राधिकृत प्रतिनिधि सहयोगी भी घोषित किया है। इसके अलावा एल्बेट्रोस विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिग (एमआरओ) सुविधा देने के लिए भी प्राधिकृत किया गया है। दोनों कंपनियों द्वारा गुरुवार को आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एपोजी एयरोस्पेस एल्बेट्रोस 2-0 विमान के लिए टेल सेक्शन (पिछले हिस्से) का निर्माण करेगी। एएआई की प्रवर्तक कंपनी एंफीबियन एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स (एएएच) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष ख्वा होंग ने कहा कि भविष्य में देश में असेम्बली लाइन लगाने की भी उनकी योजना है। उन्होंने कहा कि देश में उभयचर विमानों के लिए काफी बड़ा बाजार है। कंपनी ने एल्बेट्रोस 2-0 के तीन संस्करण लॉन्च किए हैं - सैन्य, सरकारी और वाणिज्यिक। एएएच के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपी रेड्डी ने बताया कि भारतीय नौ सेना ने चार उभयचर विमानों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं और कंपनी को विश्वास है कि उसे इसका ऑर्डर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को तत्काल 25-30 उभयचर विमानों की जरूरत है। रेड्डी ने कहा कि पहले चरण में तीन साल में 25-30 विमानों के भारत में आने की उम्मीद है। भारत इन विमानों का इस्तेमाल करने वाला एशिया का पहला देश होगा। उन्होंने बताया कि एल्बेट्रोस का डेमो विमान अगले चार-छह महीने में भारत में आ जाएगा जबकि ग्राहक के इस्तेमाल के लिए पहला विमान डेढ़ से दो साल में आ सकता है। उन्होंने बताया कि शुरुआती 15 विमान की कीमत 3,500 करोड़ रुपये के आसपास हो सकती है।

### प्लास्टइंडिया 2026 प्रदर्शनी शुरू, कई देश ले रहे हैं हिस्सा

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख प्लास्टिक प्रदर्शनियों में से एक, प्लास्टइंडिया 2026, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य तौर पर देश की प्लास्टिक का सामान बनाने में हुई प्रगति को दिखाया गया है। चार से 10 फरवरी तक चलने वाले इस वैश्विक कार्यक्रम का यह सालाना संस्करण रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस मेले का मुख्य फोकस विनिर्माण-आधारित विकास और बड़े पैमाने पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक आत्मनिर्भर औद्योगिक आधार बनाने पर है। इसमें 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय स्टॉल लगे हैं और इनमें मशीनरी, कच्चे माल और अन्य चीजों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्लास्टइंडिया मेले में शून्य कचरा प्रौद्योगिकी को पहली बार ध्यान में रखा जा रहा है। साथ ही इसमें नई चीजों की खोज एवं स्टार्ट-अप को विशेष ध्यान दिया गया है।

# चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले आयोजित किया केंद्रीय पर्यवेक्षकों का सम्मेलन

**नई दिल्ली, वार्ता**

चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों के लिए दो दिवसीय सम्मेलन शुरू किया, जिसमें 824 निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

**■ 824 निर्वाचन क्षेत्रों में पारदर्शी चुनाव की भूमिका पर जोर**

चुनाव आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सम्मेलन के लिए देश के विभिन्न राज्यों से कुल 1,444 अधिकारियों को बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये सत्र पांच और छह फरवरी को नई दिल्ली में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ मिलकर पर्यवेक्षकों को संबोधित किया और चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनसे आयोग की अपेक्षाओं के बारे में बताया। पर्यवेक्षकों को चुनाव आयोग के मार्गदर्शक बताते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में उनकी उपस्थिति पूरी चुनाव मशीनरी में नई ऊर्जा भर देगी। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं संधू ने पर्यवेक्षकों के लिए जमीनी स्तर पर सुलभ और सक्रिय रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों को क्षेत्र में चुनाव अधिकारियों के लिए एक दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में काम करना चाहिए। उनके आने की जानकारी अच्छी तरह से प्रचारित की जानी चाहिए और उन्हें आसानी से उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि मतदाताओं की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके और पक्षपात की कोई भी आशंका न रहे। आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर देते हुए श्री जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयोग के निर्देशों को 'अक्षरश: और भावना से' लागू किया जाए। साथ ही निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखा जाए। उन्होंने वोटर सूचना स्लिप (वीआईएस) के समय पर वितरण के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ इंटरैक्टिव संदेह-निवारण सत्र भी आयोजित किए। वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें चुनावी सूची तैयार करने, पांच चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने, सूचना प्रौद्योगिकी एप्लिकेशन और प्लेटफॉर्म के उपयोग और चुनाव के दौरान मीडिया से संबंधित मामलों को संभालने के प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी दी। यह दोहराते हुए कि केंद्रीय पर्यवेक्षक आयोग के 'आंखें और कान' होते हैं, आयोग ने उनसे चुनाव कानूनों, नियमों और दिशानिर्देशों से अच्छी तरह परिचित होने और उनके सख्त और निष्पक्ष अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीधी प्रतिक्रिया देने को कहा।

# गुड गवर्नेंस मॉडल से पहुंच रहा योजनाओं का लाभ: सीएम

## कहा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पात्रता परीक्षण, सत्यापन एवं भुगतान प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ और त्वरित करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पात्रता परीक्षण, सत्यापन एवं भुगतान प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध रूप से पहुँचता रहे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत माह जनवरी 2026 की पेंशन किस्त का वन-क्लिक के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में भुगतान किया। यह पहल राज्य सरकार की तकनीक आधारित, पारदर्शी और संवेदनशील शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करती है तथा सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।





■ मुख्यमंत्री धामी ने किया वन-क्लिक प्रणाली से 9.47 लाख से अधिक लाभार्थियों को पेंशन भुगतान, जनवरी 2026 में 141.66 करोड़ की पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से खातों में हस्तांतरित

■ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पारदर्शिता और तकनीक आधारित शासन का सशक्त उदाहरण

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर, वृद्ध, दिव्यांग, विधवा, किसान, निराश्रित एवं जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी और तकनीक आधारित प्रणाली के माध्यम से प्राप्त हो, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर एवं वन-क्लिक भुगतान प्रणाली से न केवल भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है, बल्कि लाभार्थियों को बिना किसी कार्यालयी प्रक्रिया के सीधे उनके बैंक खातों में सहायता राशि प्राप्त हो रही है। इससे शासन और आम नागरिक के बीच विश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। धामी के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत जनवरी 2026 माह में राज्य के 9,47,345 पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पेंशन एवं सहायता योजनाओं के माध्यम से कुल 1 अरब 41 करोड़ 66 लाख 51 हजार की धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की गई, जिसमें नियमित पेंशन के साथ-साथ एरियर भुगतान भी सम्मिलित है। इस अवधि में वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत सर्वाधिक लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई, वहीं विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण-पोषण अनुदान, तीलू रौतेली एवं बौना पेंशन योजनाओं के माध्यम से भी हजारों पात्र नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा का संबल मिला। यह व्यापक कवरेज राज्य सरकार की समावेशी और संवेदनशील नीति को दर्शाती है। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पेंशन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम यह है कि 01 दिसम्बर 2025 से 03 फरवरी 2026 की अवधि में 15,784 नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से जोड़ा गया। साथ ही, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मृतक लाभार्थियों का समयबद्ध सत्यापन करते हुए 1,523 अपात्र नामों को पोर्टल से हटाया गया, जिससे योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक और पात्र व्यक्तियों तक ही सीमित रह सके।

### डिजिटल पेंशन पोर्टल से सकारात्मक परिणाम मिले

राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई डिजिटल पेंशन पोर्टल प्रणाली, स्वत: आयु-पात्रता पहचान और नियमित मॉनिटरिंग के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। अप्रैल 2024 से जनवरी 2026 की अवधि में 60 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही 428 पात्र नागरिकों को स्वत: वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति दी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पात्रता निर्धारण और स्वीकृति प्रक्रिया अब अधिक सरल, त्वरित और मानवीय हो गई है।

धामी ने कहा कि, "राज्य सरकार का संकल्प है कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचे। पेंशन योजनाएं केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन का आधार हैं। हमारी सरकार गरीबों, वृद्धों, महिलाओं, दिव्यांगों और किसानों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर अपर सचिव संदीप तिवारी सहित समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन-जन की सरकार, कार्यक्रम बना जनसुनवाई व सेवा का प्रभावी मॉडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और त्वरित जनसमाधान का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। इस अभिनव पहल के माध्यम से सरकार सीधे जनता के द्वार तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रही है।

■ मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में जन-जन के द्वार' पहुंच रही सरकार

05 फरवरी तक प्रदेश के सभी 13 जनपदों में कुल 574 कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें से 12 कैंप गुरुवार को आयोजित किए गए। इन कैंपों के माध्यम से अब तक 4 लाख 55 हजार 790 नागरिकों ने प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की है, जबकि आज अकेले 13 हजार 489 लोगों ने कैंपों में अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 44,602 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 30,089 शिकायतों का सफल निस्तारण किया जा चुका है। यह आंकड़े मुख्यमंत्री श्री धामी की "समाधान के साथ शासन" की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 64,155 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा 2,52,334 नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया है। विशेष रूप से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं में बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों को सहायता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि " सरकार का दायित्व केवल नीतियां बनाना नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक उसका लाभ पहुँचाना है। 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' इसी सोच का परिणाम है। यह कार्यक्रम दूरस्थ, पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है, जहाँ अधिकारी स्वयं जाकर समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहे हैं।

# अस्तित्व की तलाश वाले दलों का जमावड़ा है महापंचायत: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने अंकिता भंडारी मामले मे इंडी गठबंधन की महा पंचायत को अस्तित्व की तलाश मे जुटे दलों का जमावड़ा बताया। उन्होंने कहा कि उन्हे अपने ही घरों मे पंचायत की जरूरत है।



■ अंकिता के बहाने तुष्टिकरण की कोशिशों को लगने वाला है झटका

चौहान ने कहा कि अंकिता भंडारी मामले मे सीबीआई जांच शुरू हो चुकी है। पूर्व मे इन दलों ने अंकिता भंडारी के मामले मे सीबीआई जांच की संतुति को लेकर संशय की बात की। लेकिन अब सीबीआई जांच शुरू हो गयी तो यह दल बैकफुट पर आ गए। हालांकि उनका मकसद अंकिता को न्याय दिलाने को लेकर नही है और इस बहाने वह अपनी औपचारिक उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं।

चौहान ने कहा कि इंडी गठबंधन मे शिरकत करने वाले बामपंथी दलों के अलावा कांग्रेस और सपा की असलियत से जनता वाकिफ है। राज्य विरोधी रही सपा और दुष्प्रचार मे कांग्रेस के अवसरवादी एजेंडे को बामपंथी तूल देने की कोशिशों मे जुटे हैं। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से अंकिता मामले की सीबीआई जांच के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे यह दल सीबीआई जांच शुरू होने के बाद अब जांच को लेकर ही आशंका जता रहे हैं

चौहान ने हरदा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि एक और सीबीआई जांच की मांग और दूसरी और जांच पर सवाल से उनकी मंशा को समझा जा सकता है। चौहान ने कहा कि प्रदेश मे कानून का राज है और कोटद्वार की घटना हो या मसूरी मे मजार की घटना मे कानून अपना कार्य कर रहा है। किसी को भी प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ने की अनुमति नही दी जा सकती है।

## थराली में हुआ हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**थराली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आरएसएस ने इसे शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, इसी क्रम में आरएसएस के द्वारा थराली में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन कर हिन्दू धर्म को मजबूत बनाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की गई इस अवसर पर नंदादेवी यात्रा की झांकी सहित तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

गुरुवार को रामलीला मैदान थराली में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता आरएसएस के नवीन चन्द्र सिलोड़ी ने कहा कि हिन्दू धर्म विश्व के श्रेष्ठ धर्मों में से एक हैं, हिन्दू धर्म मानवता के संरक्षण का संदेश देता हैं, उन्होंने हिन्दू धर्म का प्रचार प्रसार करने के साथ ही इसे मजबूत बनाने पर बल दिया।

# सैन्यधाम लोकार्पण की सभी तैयारियों समय से हों पूर्ण: जोशी

■ सैनिक कल्याण मंत्री ने की सैन्यधाम के अंतिम चरणों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने शासकीय आवास पर सैन्य धाम के अंतिम चरणों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से शीघ्र पूर्ण किया जाए।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सचिव सैनिक कल्याण एवं विभागीय अधिकारियों के साथ सैन्य धाम के लोकार्पण की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सैन्य धाम के निर्माण को रोकने के संबंध में पूर्व में दायर की गई जनहित याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया है कि जिस भूमि पर सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है, वह वन भूमि की श्रेणी में नहीं आती। इस निर्णय के लिए सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मा. उच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को लोकार्पण की सभी तैयारियों को सुचारु एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शीघ्र समय लेकर सैन्य धाम का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सैन्य धाम प्रदेश के वीर सैनिकों के सम्मान और गौरव का प्रतीक होगा। इस अवसर पर सचिव सैनिक कल्याण दीपेंद्र चौधरी, उपनिदेशक विंग कमाण्डर (सेनि) निधि बधानी, एमडी उपनल बिग्रेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट, उपनिदेशक कर्नल (सेनि) योगेन्द्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# 125 बीघा भूमि की अवैध प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरीखदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्र में अनियोजित विकास के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को लगभग 125 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण उपविधियों के तहत की गई इस कार्रवाई में अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लॉटिंग की सड़कों पर बुलडोजर चलाया गया। एमडीडीए द्वारा लगातार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माण एवं प्लॉटिंग न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि इससे शहरी अव्यवस्था, पर्यावरणीय असंतुलन एवं भविष्य की विकास योजनाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।



■ नियमों की अनदेखी कर अवैध प्लॉटिंग व निर्माण करने की अनुमति किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जाएगी: तिवारी

**होरावाला रोड छरबा में 25 बीघा अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त:** जानकारी के अनुसार विकास, आलोक नौटियाल द्वारा होरावाला रोड, छरबा, आईटीआई के समीप देहरादून क्षेत्र में लगभग 20 से 25 बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग की जा रही थी। बिना प्राधिकरण की अनुमति भूमि का विभाजन कर प्लॉट काटे जा रहे थे तथा आंतरिक सड़कें विकसित की जा रही थीं। एमडीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर इन सभी अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया और संबंधित लोगों को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी।

**लांघा रोड छरबा सहसपुर में 100 बीघा भूमि पर कार्रवाई:** इसी क्रम में तडियाल एवं जोशी द्वारा लांघा रोड, छरबा, सहसपुर देहरादून क्षेत्र में लगभग 100 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध भी बड़ी कार्रवाई की गई। यहां पर अवैध रूप से विकसित कॉलोनी के स्वरूप में प्लॉट चिन्हित किए गए थे तथा सड़कों का निर्माण किया जा रहा था। एमडीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई सड़कों, सीमांकन एवं अन्य अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

**पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई:** ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता शशांक सक्सेना, अवर अभियंता सिद्धार्थ सेमवाल, मनीश नौटियाल (सुपरवाइजर) सहित एमडीडीए का तकनीकी स्टाफ एवं पर्याप्त पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

### नियमों की अनदेखी कर अवैध कॉलोनियां विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी : तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण एवं अनधिकृत प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को नियमों की अनदेखी कर अवैध कॉलोनियां विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियोजित विकास ही एमडीडीए की सर्वोच्च प्राथमिकता है और आमजन के हितों की रक्षा के लिए इस प्रकार की कार्रवाइयां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### भूमि खरीदने या निर्माण से पहले प्राधिकरण की अनुमति अवश्य जांच लें : बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लॉटिंग और निर्माण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बिना स्वीकृति किए जा रहे किसी भी विकास कार्य पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि भूमि खरीदने या निर्माण से पहले प्राधिकरण की अनुमति अवश्य जांच लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**आमजन को किया गया सतर्क:** एमडीडीए ने आम नागरिकों से अपील की है कि भूमि क्रय-विक्रय या निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति अवश्य प्राप्त करें। बिना स्वीकृति किए गए निर्माण या प्लॉटिंग पर न केवल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी, बल्कि नियमानुसार कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। प्राधिकरण द्वारा अवैध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

**आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई:** प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण एवं प्लॉटिंग के खिलाफ भविष्य में भी अभियान लगातार जारी रहेगा। शिकायत मिलने पर त्वरित जांच कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि मसूरी-देहरादून क्षेत्र में नियोजित और संतुलित शहरी विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

# 241 केंद्रीय पीएम श्री योजना विद्यालय प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में बदलाव को कार्यरत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पीएम श्री योजना के तहत 241 स्कूल उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में बड़े परिवर्तन की दिशा में कार्यरत हैं। संसद में केंद्र सरकार द्वारा दी गई ऐसे ही एक महत्वपूर्ण जानकारी में बताया गया कि सहकारी क्षेत्र में प्रदेश में अब तक 1216 पैक्स इकाई स्थापित हो गई है जिनमें 669 ईआरपी पर ऑनबोर्ड हो गई हैं।

■ उत्तराखंड में सहकारिता की 1216 पैक्स इकाई स्थापित

राज्यसभा में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा राज्य में केंद्र द्वारा चयनित पीएम श्री विद्यालयों और पैक्स योजना की प्रगति को लेकर सवाल पूछे गए। जिसमें एक सवाल का जबाब देते हुए शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयन्त चौधरी ने बताया कि पीएम श्री योजना अपनी स्थापना के दिन 7 सितंबर, 2022 से लेकर अब तक कुल 241 विद्यालयों का चयन किया गया है। जिसमें वर्षवार राज्य के लिए स्वीकृत पीएसबी परिव्यय और स्वीकृत पीएसबी केंद्रीय अनुभाग क्रमश वित्त वर्ष 2023-24 में 72.91 करोड़ 65.62 करोड़ रुपए, 130.10 करोड़ और 117.09 करोड़ 2024-25, 2025-26 में 149.07 करोड़ और 134.16 करोड़ रुपए है।

विस्तृत जबाब में कहा गया कि शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में एक विषय है। पीएम श्री योजना के तहत, राज्य,संघ राज्य क्षेत्र स्कूल स्तर पर कमी की पहचान करके प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं। राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत घटक-चार प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है और वित्तीय और कार्यक्रम संबंधी मानदंडों और उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार परियोजना अनुमोदन बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया जाता है।

# शिविर में लोगों को पहुंचाया स्वास्थ्य सेवा का लाभ

■ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शर्मा टीम के साथ रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विकासखण्ड रायपुर के अंतर्गत ग्राम द्वारा समोली में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग देहरादून की टीम द्वारा स्थानीय नागरिकों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में मरीजों व लाभार्थियों को नि:शुल्क ओपीडी सेवा एवं स्वास्थ्य जांच उपलब्ध करायी गयी।



**शिविर में लाभार्थियों को प्रदान की गयी स्वास्थ्य जांच सेवाएं**

| | |
|---|---|
| स्त्री रोग जांच - 32 | गैर संचारी रोग जांच - 87 |
| परिवार नियोजन परामर्श - 30 | आयुष्मान कार्ड- 30 |
| दिव्यांग प्रमाण पत्र- 04 | टीबी जांच - 14 |
| रक्त जांच- 11 | किशोर स्वास्थ्य परामर्श- 22 |
| बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम स्क्रीनिंग - 200 | |

शिविर में जनपद देहरादून के प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल , प्रभारी सचिव मीनाक्षी सुंदरम, क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काउ, जिलाधिकारी सविन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा, सीएचसी रायपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रताप रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बिमलेश जोशी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक उमेश सिरसवाल सहित अन्य क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्कूली वाहनों के लिए नियम बनाने को बाल आयोग का मंथन

■ आयोग अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने की अधिकारियों के साथ बैठक

■ वाहनों का सत्यापन व मॉनिटिरिंग को लेकर भी हुई चर्चा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने उत्तराखण्ड राज्य में संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के आवागमन के लिए चल रही स्कूल वैन/बस/तीन पहिया वाहन/आटो/ई-रिक्शा आदि के सत्यापन, उनकी मॉनिटिरिंग व नियम बनाये जाने के सम्बन्ध में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद देहरादून से सम्भागीय परिवहन अधिकारी डा अनीता चमोला व सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी पंकज श्रीवास्तव उपस्थित हुए तथा अन्य समस्त जनपदों द्वारा आनलाईन के माध्यम से बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज की गई। आयोग की ओर से डा शिव कुमार बरनवाल,श सचिव व डा सतीश कुमार सिंह, अनुसचिव उपस्थित हुए।



बैठक में अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने बताया कि ऐसे वाहन जो कि स्कूल से बच्चों को लाना-लेजाना कर रहे है, किन्तु उन्हें स्कूल द्वारा निर्धारित नही किया गया है। स्कूलों के बच्चों को लाने -लेजाने वाली प्राईवेट गाडियों (जैसे वैन, ऑटो, विक्रम इत्यादि) को आरटीओ से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के लिए निर्देश दिये गये तथा उनका सत्यापन किया जाना आवश्यक है व स्कूलों में भी उनका रिकार्ड होना जरूरी है, जिसमें ड्राईवरों का पूर्ण विवरण व मनौस्थिति की जांच रिपोर्ट भी रक्षित हो।

### बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें और उनसे निरंतर संवाद बनाए रखें: डॉ. गीता

**देहरादून।** बाल आयोग अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण तीन मासूम बहनों की मृत्यु की खबर अत्यंत हृदयविदारक और समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। हाल ही में सामने आई गाजियाबाद 66की यह दुखद घटना दर्शाती है कि बच्चों का डिजिटल दुनिया में असुरक्षित रूप से उलझना उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। मैं सभी अभिभावकों से अपील करती हूँ कि बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें और उनसे निरंतर संवाद बनाए रखें। हर बच्चे का जीवन अनमोल है, उसकी सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

डॉ गीता खन्ना ने स्कूलों में बच्चों को लाने -ले जाने के लिये चल रही प्राईवेट वाहनों को चिन्हित किये जाने के लिये एक यल्लों स्ट्रिप लगाये जाने के लिए सुझाव दिया , जिससे वाहन चिन्हित हो जाये कि वाहन में बच्चे यात्रा कर रहे है तथा उन प्राईवेट वाहनों को वाहन स्वामी अपने अन्य कार्य के लिये भी प्रयोग में ला सके।

स्कूलों में बच्चें किस ट्रांसपोर्ट मोड से आना-जाना कर रहे है, उसका पूर्ण विवरण स्कूलों के पास रक्षित होना चाहिये। आयोग अध्यक्ष ने जनपदवार परिवहन विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही का विवरण सुना , जिसके बाद उनके द्वारा जनपद बागेश्वर की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुये उनके अनुरूप कार्य किये जाने के लिए कहा गया तथा साथ ही अपनी कार्यप्रणाली को आयोग के साथ सांझा किये जाने की बात कही गयी। उन्होंने सभी जनपदों को उनके समक्ष आ रही चुनौतियों, कठिनाईयों व उनके सुझाव को भी आयोग के उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# घनसाली में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर प्रशासन गंभीर

- डीएम ने जन संघर्ष मोर्चा के साथ की मैराथन बैठक, जिला अस्पताल के प्रस्ताव पर शासन को भेजा जाएगा रिमाइंडर प्रसूता मृत्यु मामले में सीएम राहत कोष से मिलेगी मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** घनसाली क्षेत्र में लचर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर आंदोलन की राह पकड़े घनसाली जन संघर्ष मोर्चा और जिला प्रशासन के बीच आखिरकार संवाद का रास्ता खुल गया है।

जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। प्रशासन ने आंदोलनरत संगठन की मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और शासन स्तर पर लंबित मामलों में तेजी लाई जाएगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने मोर्चा सदस्यों को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि घनसाली में जिला अस्पताल की स्थापना का विषय प्रशासन के संज्ञान में है। इस संबंध में शासन को पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर एक अनुस्मारक पत्र (रिमाइंडर) प्रेषित किया जा रहा है ताकि प्रक्रिया को गति मिल सके। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के उच्चीकरण की मांग पर उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय में अभी शासन स्तर से दिशा-निर्देश प्राप्त होना शेष है, जैसे ही वहां से कोई आदेश आता है, उस पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने यह भरोसा दिलाया कि वे जनता की मांगों को शासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।वार्ता के दौरान जन संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिसिया कार्रवाई का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया और इस पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में पूर्व में हुई गर्भवती महिलाओं की दुखद मृत्यु का मामला भी बैठक में गूंजा। मोर्चा ने पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन के इस सकारात्मक रुख से उम्मीद जगी है कि जल्द ही घनसाली की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार देखने को मिलेगा।

वार्ता में प्रशासन और संगठन के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्याम विजय और उप जिलाधिकारी अल्केश नौडियाल ने विभागीय पक्ष रखा। वहीं घनसाली जन संघर्ष मोर्चा की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष संदीप आर्य, जिला पंचायत सदस्य विक्रम सिंह घणाता, अनुज लाल शाह, क्षेत्र पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम आर्य, विनोद लाल, सुनीता रावत, यूकेडी ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राणा, शांति श्रीवान, हर्षमणि उनियाल और विनोद चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे। जिलाधिकारी ने अंत में दोहराया कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और शासन के साथ समन्वय बनाकर समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

## अकरी-बारजूला पेयजल योजना से आपूर्ति न होने पर रोष

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के पाव अकरी स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र ग्रामीणों को समस्याओं को अकरी बारजूला संघर्ष समिति की बैठक आहूत कि गई। बैठक में अकरी बारजूला पेयजल पम्पिंग योजना से जलापूर्ति न होने से ग्रामीणों ने कड़ा रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने न्यूली पेयजल योजना का पुर्नगठन किए जाने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सिंह बुटोला ने कहा कि सेज से मठुण गांव मोटरमार्ग का निर्माण कार्य न होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पूर्व में पेयजल और मोटरमार्ग से सम्बंधित समस्याओं को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया गया था, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा मांगों पर कोई भी सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई। कहा कि समस्याओं का समाधान न होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## चंद्रशेखर सहित कई नेताओं के पहुंचने की खबर, प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवादाता**

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार के पटेल मार्ग स्थित वकील अहमद की कपड़े की दुकान के नाम को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने तीन पक्षों पर मुकदमे दर्ज किए हैं। अब सांसद चंद्रशेखर समेत कुछ नेताओं के कोटद्वार पहुंचकर माहौल खराब करने की आशंका से पुलिस फोर्स अलर्ट है। कोटद्वार में सांसद चंद्रशेखर समेत कुछ राजनीतिक शख्सियतों के पहुंचने की खबर पर पौड़ी पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सीमा पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। यूपी से आने वाले वाहनों को लौटाया जा रहा है। स्वयं एसएसपी ने भी डेरा डालते हुए पुलिस प्रशासन को ब्रीफ किया है। पुलिस बल पैदल मार्च कर रहा है। सघन चेकिंग चल रही है। कोटद्वार में दीपक कुमार द्वारा खुद को मोहम्मद दीपक कहने के बाद से मचे घमासान में राजनीतिक सरगर्मियां काफी बढ़ी हुई है। मुस्लिम समाज के लोग और यूपी, उत्तराखंड के विपक्षी दल दीपक का समर्थन कर रहे हैं। इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं के ट्वीट करने से माहौल गरमाया हुआ है। कोतवाली पुलिस ने इस विवाद में पहला मुकदमा दुकानदार वकील अहमद की ओर से बजरंग दल के अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया है। दूसरा मुक. दमा बजरंग दल कार्यकर्ता कमलपाल की ओर से दीपक उर्फ मोहम्मद दीपक व कांग्रेस नेता विजय रावत समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किया है। तीसरा मुक. दमा खुद बाजार चौकी के इंचार्ज विनोद कुमार की ओर से देहरादून और हरिद्वार से हंगामा करने आए बजरंग दल कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज कराया गया है। पुलिस को आशंका है कि बजरंग दल की तर्ज पर यदि दीपक को समर्थन देने वाले भी कोटद्वार पहुंचे तो माहौल खराब हो सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुरोला प्रमुख ने संभाला कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला** (उत्तरकाशी)। उच्चतम न्यायालय दिल्ली के आदेश से सिविल कोर्ट उत्तरकाशी के आदेश को स्थगित करने के बाद पुरोला प्रमुख निशिता शाह ने वीरवार को सितंबर 2025 के बाद कार्यभार संभाला है। जिससे पुरोला विकास खंड में विकास की उम्मीद जग गई है। बता दें कि उच्चतम न्यायालय न्यायालय ने सिविल जज, सी.डी. उत्तरकाशी के 24 सितंबर 2025 को पारित अंतरिम आदेश को स्थगित करने का आदेश दिया है। जिसके बाद प्रमुख पुरोला ने पुन: अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

वीरवार को जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तरकाशी द्वारा जारी आदेश के बाद प्रमुख के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों को बहाल कर दिया गया है। प्रमाण पत्र में स्पष्ट किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निचली अदालत के अंतरिम आदेश पर रोक लगाए जाने के उपरांत, संबंधित प्रशासनिक आद. ेशों के अनुसार प्रमुख क्षेत्र पंचायत को पुन: अधिकार सौंपे गए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र पंचायत स्तर पर विकास कार्यों, वित्तीय स्वीकृतियों एवं प्रशासनिक निर्णयों की प्रक्रिया दोबा. रा शुरू हो गई है।स्थानीय स्तर पर इस घटनाक्रम को क्षेत्र पंचायत के कार्य संचालन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय से लंबित विकास कार्यों, बैठकों और योजनाओं के क्रियान्वयन को अब गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, आगे की कार्रवाई न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी, लेकिन फिलहाल सुप्रीम कोर्ट की रोक के चलते प्रमुख क्षेत्र पंचायत को पूर्ववत दायित्व सौंप दिए गए हैं।

# खनन को लेकर बना गठजोड़ पहुंचा रहा भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में खनन व्यवस्था को लेकर एक गंभीर और चिंताजनक तस्वीर सामने आ रही है। राज्य में खनन पट्टाधारियों, खनन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस, वन विभाग और डंपर मालिकों के बीच कथित तौर पर ऐसा मजबूत गठजोड़ बन चुका है, जिसके चलते सरकार को रेत, बजरी और पत्थर के परिवहन से मिलने वाले राजस्व में रोजाना लाखों और सालाना करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। यह मामला अब सिर्फ अवैध खनन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

नियमों के अनुसार खनन सामग्री के प्रत्येक वाहन पर उसकी क्षमता के अनुरूप रॉयल्टी (रमाना) अनिवार्य है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। सूत्रों और स्थानीय जानकारों के अनुसार 5 घन मीटर क्षमता वाले डंपर पर केवल 3 घन मीटर का रमाना। 10 घन मीटर क्षमता वाले डंपर पर महज 5 घन मीटर का रमाना। यानी हर डंपर से 2 से 5 घन मीटर तक की सामग्री बिना रॉयल्टी के परिवहन की जा रही है। यह सीधे-सीधे सरकारी राजस्व की चोरी है। राज्य की सड़कों पर ओवरलोड डंपरों की भरमार है, लेकिन चेक-पोस्ट पर निगरानी लगभग नाममात्र की रह गई है। सूत्रों का दावा है कि पुलिस और वन विभाग के कुछ अधिकारी बिना जांच वाहनों को आगे बढ़ने देते हैं। बदले में नियमित "सेटिंग" की जाती है। शिकायत करने वालों को दबाया या साइडलाइन किया जाता है। यह स्थिति साफ इशारा करती है कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि एक सुनियोजित तंत्र है।



### राजस्व बढ़ने के दावे, लेकिन सवाल बरकरार

रूद्रप्रयाग।सरकार द्वारा पिछले वर्षों में खनन राजस्व 300 करोड़ से बढ़कर 1200 करोड़ तक पहुंचने के दावे किए गए हैं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है किय़ यदि अंडर-रिपोर्टिंग और अवैध परिवहन पर लगाम लगाई जाती, तो वास्तविक राजस्व इससे कहीं अधिक हो सकता था। इससे यह सवाल उठता है कि कागजों में बढ़ा राजस्व, जमीनी हकीकत में क्यों कमजोर दिखता है?

अवैध और अति-खनन का असर सिर्फ राजस्व तक सीमित नहीं है। नदियों की तलछट तेजी से खत्म हो रही है। नदी तंत्र कमजोर हो रहा है। बाढ़ और भू-कटाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह स्थिति जारी रही तो इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं।

**एक नजर .......**

### उफल्डा व डांग में पेयजलापूर्ति न होने से लोग परेषान

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत उफल्डा व डांग के कुछ हिस्सों में पेयजलापूर्ति न होने से स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय शकुंतला देवी का कहना है कि उनके क्षेत्र में दिन में केवल एक घंटे ही पेयजल आपूर्ति होती है। जिससे दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि कई बार तो पानी का फोर्स भी कम रहता है। जल संस्थान की कनिष्ट अभियंता पूजा धनाई ने बताया कि ट्यूबवेल में आई तकनीकी दिक्कत से यह समस्या उत्पन्न हुई है। तकनीकी खराबी को ठीक कर लिया गया है। जिन क्षेत्रों में पेयजल समस्या बनी हुई थी वहां उपभोक्ताओ को अब प्रयाप्त व नियमित पेयजल आपूर्ति होगी।

### लेखिका महाश्वेता का साहित्य सामा. जिक परिवर्तन का माध्यम

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अंग्रेजी विभाग एवं इकोज लिटरेचर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को प्रख्यात लेखिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता महाश्वेता देवी की जन्म-शताब्दी मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने महाश्वेता देवी की रचनाओं पर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका गुप्ता ने कहा कि महाश्वेता देवी का साहित्य केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम रहा है। उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से आदिवासी समुदाय, महिलाओं और हाशिये पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कविता के माध्यम से लोगों को जीवन जीने की कला बताई और विकट परिस्थितियों में प्रयत्नशील रहने का संदेश दिया। कहा कि आज के समय में भी महाश्वेता देवी का लेखन समाज को संवे. दनशील बनाने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर प्रो. मंजुला राणा ने उनकी प्रमुख कृतियों जैसे हजार चौरासी की माँ, अरण्येर अधिकार और द्रौपदी का विशेष उल्लेख किया गया। मौके पर मुख्य नियंता प्रो. दीपक कुमार सहित आदि मौजूद थे।

### मोहम्मद दीपक को आजाद का बड़ा ऑफर, किसी भी विस से लड़ लें चुनाव

**कोटद्वार।** जन अधिकार पार्टी ज के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने कोटद्वार में इंसानियत की मिसाल कायम करने वाले दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक को उत्तराखंड की किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि यदि दीपक कुमार इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं, तो जन अधिकार पार्टी (ज) उन्हें अपने बलबूते पर चुनाव लड़ाएगी।गौरतलब है कि कोटद्वार में एक बुजुर्ग मुस्लिम टेलर को कुछ हुड़दंगाइयों द्वारा परेशान किया जा रहा था। उस समय दीपक कुमार ने साहस और मानवता का परिचय देते हुए स्वयं का नाम मोहम्मद दीपक बताकर उस बुजुर्ग को प्रताड़ना से बचाने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने दीपक पर हमला करने और माहौल बिगाड़ने की कोशिश भी की। आज मोहम्मद दीपक केवल एक नाम नहीं, बल्कि इंसा. नियत, साहस और भाईचारे की एक मिसाल बन चुका है। ऐसे व्यक्ति को विधानसभा में पहुंचना चाहिए, ताकि समाज में एक सकारात्मक संदेश जाए और भाईचारे की भावना मजबूत हो। आजाद अली ने कहा कि यदि मोहम्मद दीपक जैसे लोग विधानसभा तक पहुंचते हैं, तो न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश में आपसी सद्भाव और इंसानियत की नई मिसाल कायम होगी।

## कांग्रेसियों ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था व हेट स्पीच पर अकुंश लगाने को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** स्थानीय जनता के साथ कांग्रेसियों ने कांग्रेस की पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत की अध्यक्षता में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सदभाव बिगाड़ने के कृत्य और हेट स्पीच पर अकुंश लगाने की अगुआई में एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी कोटद्वार के माध्यम से राज्यपाल उत्तराखंड शासन को प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया कि विकास नगर दून, देहरादून और ऋषिकेश में लचर कानून व्यवस्था के चलते 03 महिलाओं की नृशंस हत्या की गई है, देहरादून में तो युवती ने पूर्व पुलिस को संभावित खतरे से आगाह कर दिया था। इस तरह की घटनाएं रोकने के लिए शासन प्रशासन को आवश्यक उपाय करने चाहिए।

ज्ञातब्य है कि लचर कानून व्यवस्था के चलते ही नेशनल क्राइम रिसर्च ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार महिला अपराधों की दृष्टि से हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड पहले स्थान पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी मांग में कहा गया कि कोटद्वार में हालिया घटनाक्रम में 31 जनवरी को सैकड़ों हुड़दंगियों द्वारा सामाजिक सद्भावना की मिसाल बने युवक दीपक कुमार को गालीगलोज, अभद्रता के साथ हमला किया गया है। इन सभी हमलावरों पर शक्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं, साथ ही दीपक और साथियों पर दर्ज मुकद्दमा वापस लिए जायें।एक अन्य मांग में कहा गया है कि सेंट्रल फॉर स्टडी ऑफ ऑर्गेनाइजेशन हेट की एक रिपोर्ट में 71 हेट स्पीच के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हेट स्पीच में देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि वर्ष 2025 में कुल 1318 दर्ज की गयी हैं। प्रमुख हेट स्पीच लव जेहाद, लैंड जेहाद, थूक जेहाद जैंसे गैरकानूनी शब्दावली को माना गया है, इस पर रोक लगे और कानूनी शब्दावली का प्रयोग हो। कांग्रेसियों ने राज्यपाल से निवेदन किया है कि प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, महिला अत्याचारों में अभिवृद्धि, सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाली घटनाओं एवं हेट स्पीच पर अंकुश लगाने हेतु प्रदेश सरकार को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे वर्णित घटनाओं पर रोक लग सके, अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाएगी।

## जन जन की सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।**जन,जन की सरकार जन, जन के द्वारा कार्यक्रम के तहत विकास खंड देवाल के अंतर्गत न्याय पंचायत लिगड़ी का बोरागाड़ में शिविर आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली, पानी, यातायात,संचार,स्वास्थ्य,शिक्षा,आपदा सहित तमाम अन्य मुद्दों की 52 समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से 37 शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। बोरागाड़ में गुरुवार को थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में कुल 52 शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज जिसमें से वरियता के तहत 37 समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया।इस मौके पर शिविर में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि जनता की छोटी, छोटी शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है,इन शिविरों का आम जनता को भारी लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर देवाल के क्षेत्र प्रमुख तेजपाल रावत ने जन,जन की सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए अब तक पूरे राज्य में लोगों की हजारों समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण हो चुका हैं,इस मौके पर थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्राप्त समस्याओं एवं शिकायतों का प्राथमिक के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर देवाल के खंड विकास अधिकारी जगदीश चन्द्र बैरवाण, थराली के तहसीलदार अक्षय पंकज सहित तमाम विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## मेरुड़ा न्याय पंचायत में लगा बहुउद्देश्यीय शिविर

**कोटद्वार ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन पर जनपद की सभी न्याय पंचायतों में चलाए जा रहे जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड जयहरीखाल की न्याय पंचायत मेरुड़ा में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 537 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 44 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं 251 लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।गुरुवार को आयोजित शिविर में अपर सचिव पंचायतीराज श्याम सिंह ने प्रतिभाग कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई मामलों का मौके पर समाधान करते हुए शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अपर सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं और सेवाओं को सीधे लोगों तक पहुंच. ाने में भूमिका निभा रहा है।

## वनाग्नि रोकने के लिए सतर्कता बनाएं अधिकारी:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में वनाग्नि रोकथाम को लेकर बैठक लेते हुए सभी विभागों को समन्वित, सक्रिय और जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समय से पूर्व की गई तैयारी ही वनाग्नि से होने वाली क्षति को न्यूनतम कर सकती है तथा इसमें जनसहभागिता की अहम भूमिका है।

जिलाधिकारी ने वन विभाग को निर्देश दिये कि वनाग्नि के सभी संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए जनपद स्तर से ग्राम स्तर तक बनी समितियों को सक्रिय रखा जाए। आग की घटनाओं की रोकथाम हेतु उपलब्ध उपकरणों की समुचित जाँच, मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता तथा फायर वाचरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि आग लगाते हुए पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही सभी वन प्रभागों में वनाग्नि की सूचनाओं के आदान -प्रदान हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना कर उनका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा आपात स्थिति में त्वरित सूचना तंत्र को प्रभावी बनाया जाए।

उन्होने जिला मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रीय कार्यालयों संस्थानों के अधिकारियों को निर्देश दिये सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय के आसपास घास-फूस, कूडा करकट व झाडियों की नियमित सफाई बनाये रखें। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशीन और अतिसंवेदनशील स्थलों के आसपास की बसावटों यथा गांवों, कसबों की मैपिंग प्राथमिकता के अधार पर करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्राम स्तर पर बने सभी युवा एवं महिला मंगल दलों व ग्राम प्रहरियों को सक्रिय रखें।

बैठक में बताया गया कि जनपद का 61.38 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है। वनाग्नि का सर्वाधिक खतरा 15 फरवरी से 15 जून के मध्य रहता है। जनपद में 5795.50 हेक्टेयर क्षेत्र अति संवेदनशील तथा 70717 हेक्टेयर क्षेत्र संवेदनशील श्रेणी में है। वर्तमान में 260 क्रू स्टेशन स्थापित किये गए हैं।

प्रभागीय वनाधिकारी पौड़ी वन प्रभाग महातिम यादव ने बताया कि वनाग्नि रोकथाम के दृष्टिगत जनपद में कुल 09 कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं। पर्याप्त संख्या में क्रू स्टेशनों की स्थापना की जा चुकी है तथा फायर वाचरों की तैनाती की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि ग्राउण्ड लेवल पर मॉक ड्रिल, शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा वन अग्नि रोकथाम के क्रम में लीसा विदोहन की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिवमोहन शुक्ला, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान प्रवीण सैनी, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी रविन्द्र फोनिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

## रक्षा मंत्री ने माउंट एकांकागुआ के लिए अभियान दल को झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरवार को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक से अर्जेंटीना में माउंट माउंट एकांक. ागुआ के लिए एक संयुक्त अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 6,961 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह पर्वत दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी और एशिया के बाहर सबसे ऊंचा पर्वत में से एक है।

यह संयुक्त अभियान उत्तरकाशी के नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (एनआईएम) और पहलगाम के जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड विंटर स्पोर्ट्स (जेआईएमएंडडब्ल्यूएस) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।रक्षा मंत्री ने एनआईएम और जेआईएमएंडडब्ल्यूएस की सराहना करते हुए कहा कि ये संस्थान अपने कर्मियों को साहस, दृढ़ता और संकल्प के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कर रहे हैं। टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए, उन्होंने कहा कि इस दुर्गम शिखर पर चढ़ना न केवल शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा है, बल्कि नेतृत्व, टीम वर्क और मानसिक दृढ़ता की भी परीक्षा है, जो भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्वतारोहियों की पहचान है।छह सदस्यीय टीम में अत्यधिक प्रशिक्षित प्रशिक्षक शामिल हैं - कर्नल हेम चंद्र सिंह, कैप्टन संथोष कुमार, दीप बहादुर सही, विनोद गुसाईं, नायब सुबेदार भूपिंदर सिंह और हवलदार रमेश कुमार। यह यात्रा 6 फरवरी, 2026 को शुरू होगी और अभियान महीने के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

माउंट एकांकागुआ पर प्राप्त ज्ञान, अनुभव और आत्मविश्वास सीधे तौर पर देश भर के युवाओं, सशस्त्र बलों के कर्मियों और साहसिक उत्साही लोगों के सुरक्षित, मजबूत और अधिक प्रभावी प्रशिक्षण में योगदान देगा।

## केदारनाथ यात्रा की तैयारियों पर होटल व्यवसायियों का दबाव, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फाटा/रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के दौरान सामने आने वाली अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं को लेकर श्री केदारधाम होटल ऑनर्स एसोसिएशन केदारघाटी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिलाधिकारी प्रतीक जैन से मुलाकात कर ज्ञापन प्रेषित किया।

प्रतिनिधिमंडल ने केदारनाथ यात्रा के दौरान सड़क, विद्युत, पेयजल, सफाई, पार्किंग एवं यात्रा रजिस्ट्रेशन जैसी मूलभूत सुविधाओं में आ रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। होटल व्यवसायियों ने विशेष रूप से यात्रा काल में हो रही अनियमित विद्युत कटौती पर रोक लगाने, यात्रा पड़ावों पर पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा कूड़ा निस्तारण के लिए प्रत्येक बाजार क्षेत्र में उपयुक्त स्थान चिन्हित करने की मांग रखी।



जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने होटल व्यवसायियों को आश्वस्त किया कि यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा, ताकि तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश नौटियाल एवं सचिव मनोज सेमवाल ने बताया कि विगत केदारनाथ यात्रा के दौरान उत्पन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें गौरीकुंड हाईवे के डेंजर जोन पर कार्य में तेजी लाने, सड़क पर पड़े गड्ढों की मरम्मत, तथा विद्युत, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग की गई है। इसके साथ ही उन्होंने यात्रा के दौरान ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन केंद्र संचालित करने की भी मांग की, जिससे बिना पंजीकरण के केदारघाटी पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को भी तत्काल रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिल सके।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश नौटियाल, सचिव मनोज सेमवाल, कोषाध्यक्ष मंजीत गजवान, नंदलाल एवं धीरेन्द्र रावत उपस्थित रहे।

# खेल में कैरियर बनाएं पहाड़ के युवा: रेखा आर्या

■ सोमेश्वर के गोविंदपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट विजेताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/अल्मोड़ा।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के गांव गोविंदपुर में आयोजित मकर संक्रांति क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में खेल ढांचे का लगातार विस्तार किया जा रहा है और अब दूर दराज की गांव में भी खेल मैदान और मिनी स्टेडियम बनाने पर सरकार का फोकस है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति विकसित हो रही है और ऐसे में पहाड़ी क्षेत्र के युवाओं को खेल को करियर के रूप में अपनाना चाहिए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के लिए पदक जीतने पर आउट ऑफ टर्न जॉब और सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था कर दी है। जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अब अपने करियर को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने टूर्नामेंट की विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया । इसके साथ ही पिछले दिनों राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले युवाओं को भी मेडल पहनकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेश नयाल, मंडल अध्यक्ष गणेश जलाल, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा आर्य, विधायक प्रति. निधि भुवन जोशी, गोपाल खोलिया, अशोक जलाल, राहुल खोलिया, गणेश अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने 17 गांव के खिलाड़ियों को बांटी क्रिकेट किट

सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के कंडारकुआं मंडल में दीपाधार मंदिर प्रांगण में आसपास के 17 गांवों के युवक मंगल दल एवं क्रिकेट खेलने वाले युवाओं को क्रिकेट किट वितरित की गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि युवा जब खेलकूद की गतिविधियों से जुड़ते हैं तो इससे न केवल नई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, बल्कि युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास भी बेहतर होता है।इस अवसर पर भुवन जोशी, हरीश परिहार, गोपाल सती, भुवन फर्त्याल, दीवान नेगी, जानकी, गोपाल राम, त्रिलोक सिंह रावत, भूपाल परिहार, धन सिंह रावत, तारा सिंह परिहार, विशन सिंह कन्वाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास की योजनाएं पहुंचा रही है और सोमेश्वर क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में विकास कार्य कराए गए हैं।

# राज्य सरकार मसूरी के सुव्यवस्थित विकास के लिए प्रतिबद्ध : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को अपने शासकीय आवास में मसूरी की पार्किंग व्यवस्था एवं वेंडर जोन निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, एसडीएम मसूरी राहुल आनंद, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन सहित जिला प्रशासन एवं नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे।



■ कैबिनेट मंत्री ने की शासकीय आवास में मसूरी की पार्किंग व्यवस्था एवं वेंडर जोन निर्माण को लेकर बैठक

बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मसूरी में पार्किंग समस्या तथा वेंडर जोन से संबंधित सभी कार्यों की कागजी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका और प्राइवेट प्लेयर के सहयोग से मसूरी में जल्द ही वेंडर जोन एवं पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी राहत मिलेगी।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि मसूरी की प्रमुख सड़कों का भी शीघ्र जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और पर्यटन को बढ़ावा मिले। उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री जोशी ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार मसूरी के सुव्यवस्थित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी योजनाओं को समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारा जाएगा।

# दून हत्याकांड: एसपी विशाखा ने खंगाला घटनास्थल और पुलिस रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के कोतवाली नगर क्षेत्र में युवती की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस मुख्यालय ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है।

मामले की जांच के लिए नियुक्त विशेष जांच अधिकारी पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने गुरुवार को घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने साफ किया कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मामले में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**मुख्यालय स्तर से हो रही है निगरानी:** उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय इस मामले को लेकर गंभीर है। पुलिस महानिरीक्षक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) सुनील कुमार मीणा ने बताया कि प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए मुख्यालय स्तर से जांच की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्याय की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सभी वैज्ञानिक और दस्तावेजी साक्ष्यों को एकत्रित किया जा रहा है।

■ पीड़ित परिवार से मिलीं जांच अधिकारी
■ कहा, लापरवाही मिलने पर दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

## ग्राउंड जीरो पर पहुंचीं एसपी, परिजनों के दर्ज किए बयान

जांच अधिकारी श्रीमती भदाणे ने गुरुवार को घटनास्थल पर पहुंचकर अपराध के हर पहलू का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ पीड़ित परिवार से भी मुलाकात की। काफी देर तक परिजनों का पक्ष सुनने के बाद एसपी ने उनके बयान दर्ज किए। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होगी।

## पुलिस रिस्पॉन्स की हो रही है 'सर्जिकल' जांच

इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली भी अब जांच के दायरे में है। एसपी भदाणे ने कोतवाली नगर और खुड़बुड़ा चौकी पहुंचकर घटना से जुड़े तमाम दस्तावेजों और दैनिक रोजनामचों की गहन समीक्षा की।जांच के दौरान यदि किसी भी स्तर पर पुलिसकर्मियों द्वारा कर्तव्य निर्वहन में लाप. रवाही या त्रुटि पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# गरीब व असहाय परिवार के दिव्यांग बुजुर्ग को व्हीलचेयर की भेंट



**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को अपने जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान एक गरीब एवं असहाय परिवार के सदस्य मंत्री जोशी से मिलने पहुँचे और उन्होंने अपने बुजुर्ग दिव्यांग परिजन की कठिन परिस्थितियों से अवगत कराया। परिवारजनों ने दिव्यांग बुजुर्ग के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का कैबिनेट मंत्री जोशी से आग्रह किया। परिवार की पीड़ा को समझते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए मौके पर ही नीला 60 वर्ष बुजुर्ग दिव्यांगजन ब्रह्माखाला निवासी को व्हीलचेयर प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने परिवार की आवश्यकता को देखते हुए रसद सामग्री एवं कंबल भी उपलब्ध कराए। कैबिनेट मंत्री जोशी की इस मानवीय पहल से परिवार. जनों के चेहरे पर खुशी और राहत दिखाई दी। सहायता मिलने पर परिवार के सभी सदस्यों ने मुस्कान के साथ "थैंक्यू मंत्री जी" कहते हुए कैबिनेट मंत्री जोशी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 256/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 22.01.2026 द्वारा निविदा संख्या 16, 21/25-26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 05.02.2026 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 06.02.2026 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 17.02.2026 एवं खुलने की तिथि 18.02.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 514/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनांक : 05.02.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी०आई०एन० सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: https://ujvnl.uk.gov.in

पत्रांक-100 **निविदा सूचना** दिनांक- 05/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) (एसएचपी), यूजेवीएन लि0, ऋषिकेश इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
**निविदा सं0-18/अ0अ0(वि0/या0)/एसएचपी/ ऋषिकेश/2025-26**
जिला चमोली स्थित उर्गम ल0ज0वि0 (2×1500 कि0 वा0) के यूनिट-2 टरबाईन, सम्बद्ध असेम्बली एवं स्पेयर रनर के अनुरक्षण एवं रखरखाव आदि का कार्य।
**अनुमानित मूल्य :** रु0 24,82,000/-(कर अतिरिक्त)
**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 05.02.2026 16:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि-** 05.03.2026 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **https://ujvnl.uk.gov.in** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) (एसएचपी), ऋषिकेश**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# समाज के कमजोर वर्गों के साथ हमेशा कांग्रेस खड़ी रहेगी: थापर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वार्ड 42 - काँवली क्षेत्र में अम्बेडकर भवन शास्त्री नगर में कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर के नेतृत्व में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौसम को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सरोकार के तहत सैकड़ों महिलाओं को कंबल वितरित कर सम्मानित किया गया।

प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने स्वयं मातृशक्ति को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समाज के कमजोर वर्गों, महिलाओं और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रही है और आगे भी जनता की सेवा ही कांग्रेस की प्राथमिकता रहेगी।

■ काँवली में महिला सम्मान समारोह आयोजित

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर, प्रवक्ता मोहन काला, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता मोनी, सूरज क्षेत्री, राजेन्द्र राज, सुनीता, सुमन, शबनम सहित कैन्ट विधानसभा के अनेक कांग्रेसों शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मातृशक्ति ने इस नेक कार्य के लिए सभी कांग्रेसजनों को आशीर्वाद देकर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे आयोजन भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।

## अवैध गैस रिफिलिंग का पर्दाफाश, छापेमारी 146 गैस सिलेंडर में बरामद

**ऋषिकेश।** तीर्थनगरी में पूर्ति विभाग की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शिकायत के बाद पूर्ति विभाग की टीम गैस की कालाबा. जारी का भंडाफोड़ किया है. साथ ही टीम ने 146 सिलेंडरों को मौके पर जब्त करने की कार्रवाई की। पूर्ति निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञातों के खिलाफ केस दर्ज कर पड़ताल तेज कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। श्यामपुर के लक्कड़घाट की गली नंबर तीन में पूर्ति विभाग की टीम ने गैस की कालाबाजारी का बड़ा पर्दाफाश किया है. टीम ने पांच-दस नहीं, बल्कि 146 घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।

# इंस्पेक्टर अरविंद चौधरी बने कालसी के नए थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण तबादले किए गए हैं। इस फेरबदल में इंस्पेक्टर अरविंद चौधरी को एक बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए कालसी थाने का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है।पुलिस कार्यालय में अब तक प्रभारी एसआईटी शाखा के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे इंस्पेक्टर अरविंद चौधरी को तत्काल प्रभाव से कालसी थाने की कमान सौंपी गई है। जनहित और रिक्त पदों के सापेक्ष किए गए इस स्थानांतरण के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि कालसी क्षेत्र में पुलिसिंग और अधिक प्रभावी होगी। अरविंद चौधरी के अलावा तीन अन्य पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया। निवर्तमान थानाध्यक्ष उप निरीक्षक दीपक धारीवाल को अब एसओजी शाखा, देहरादून में नई जिम्मेदारी दी गई है। वही बी.एल. भारतीपुलिस कार्यालय में वरिष्ठ नागरिक सेल के प्रभारी रहे इंस्पेक्टर बी.एल. भारती को चकराता थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। शेखर चन्द्र नौटियाल चकराता के निवर्तमान थानाध्यक्ष उप निरीक्षक शेखर चन्द्र नौटियाल का तबादला कोतवाली विकासनगर के लिए किया गया है।



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
सी0आईएन0 सं0: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्र सं0: 103 दिनांक: 05/02/2026

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), पथरी विद्युत गृह, बहादराबाद, हरिद्वार इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
1. निविदा सं0: 37/अधि.अभि.(पथरी)/2025-26 – वार्षिक अनुबंध के आधार पर पथरी विद्युत गृह के इन्टेक से डेबरीस हटाने एवं इसके निस्तारण का कार्य।
अनुमानित लागत: रू. 18,86,850/- (जीएसटी रहित)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 06.02.2026
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 19.02.2026, 16:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## सनातन प्रीमियर लीग के लिए 6 और 7 फरवरी को होगा ट्रायल

**देहरादून।** क्रिकेट, संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनूठे संयोजन के साथ सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल) का पहला सीजन मार्च 2026 में आयोजित किया जाएगा। इसकी कड़ी में अब देहरादून में नि:शुल्क ट्रायल आयोजित किया जा रहा है । यह ट्रायल अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी (एसीए) ग्राउंड्स, नेशनल स्कूल ऑफ क्रिकेट, देहरादून में 6 और 7 फरवरी को आयोजित होगा, जहां सैकड़ों युवा खिलाड़ी पहुंचकर अपना हुनर दिखाएंगे

एसपीएल के संस्थापक विजय शर्मा हैं, जबकि सह-संस्थापक देव जोशी और आनंद मिश्रा हैं।

# ढाई साल से 'लापता' सिपाही पर गिरी गाज, एसएसपी ने किया बर्खास्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कर्तव्य के प्रति लापरवाही और लंबे समय से बिना बताए ड्यूटी से गायब रहना एक पुलिसकर्मी को भारी पड़ गया।

देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने अनुशासनहीनता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए, पिछले ढाई वर्षों से अनुपस्थित चल रहे आरक्षी अनिल सिंह को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है।पुलिस लाइन देहरादून में तैनात सिपाही अनिल सिंह को 16 अप्रैल 2023 को कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए जनपद चमोली भेजा गया था। लेकिन आरक्षी ने वहां आमद दर्ज कराने के बजाय 65 दिनों तक अनाधिकृत रूप से गायब रहकर अनुशासन की धज्जियां उड़ाईं। बताया गया है कि जून 2023 सिपाही ने वापस देहरादून में आमद दी। सितंबर 2023 1 सितंबर को प्रात: कालीन गणना (रोल कॉल) से आरक्षी फिर गायब हो गया। तब से लेकर आज तक उक्त सिपाही ने ड्यूटी पर वापसी नहीं की। क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा सौंपी गई अंतिम जांच रिपोर्ट और तथ्यों का गहन अवलोकन करने के बाद, एसएसपी ने 5 फरवरी 2026 को कड़ा फैसला सुनाया। ड्यूटी पर लापरवाही बरतने के आरोप में अनिल सिंह को बर्खास्त करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

■ अनुशासनहीनता नहीं होगी बर्दाश्त: अजय सिंह

## मंत्री सुबोध उनियाल ने सुनीं जन-समस्याएं, 35 शिकायतों का मौके पर समाधान

**देहरादून।** सरकार आपके द्वार अभियान के तहत गुरुवार को रायपुर ब्लॉक की न्याय पंचायत द्वारा में विशाल बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम और जिलाधिकारी सविन बंसल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही कि प्राप्त 80 शिकायतों में से 35 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। मालदेवता-द्वारा मार्ग पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा नशे और स्थानीय महिलाओं से अभद्रता की शिकायत पर प्रभारी मंत्री ने पुलिस को सख्त चेकिंग अभियान चलाने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना है। शिविर में विधायक उमेश शर्मा 'काऊ' ने भी शिरकत की। शिक्षा विभाग को स्थानीय प्राथमिक विद्यालय को 'सेंटर फॉर एक्सीलेंस' बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यालय: अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
कुटुम्ब विहार, ग्रा0 व पो0 सिनौला, मसूरी, देहरादून-248003 फोन नं. : 0135-2736032 e-mail: jalnigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांक : 288/135/13 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक:- 05.02.2026

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों के लिये सम्मुख अंकित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 20.02.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय मे आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन (अथवा अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय मे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (रु0 में) | निविदा विक्रय की अन्तिम तिथि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मसूरी पेयजल योजना के अन्तर्गत इन्टेक वैल का सफाई का कार्य। | 20000.00 | 01 माह | 1000.00 + GST@18% | 19.02.2026 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (सिविल/यांत्रिक कार्य) |

नोट:- शर्तें कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता**

## बुजुर्ग महिला से चेन छीनने वाला गिरफ्तार

**देहरादून।** राजधानी में स्ट्रीट क्राइम के खिलाफ एसएसपी की सख्ती का असर दिखने लगा है। थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस ने दून यूनिवर्सिटी रोड पर एक वृद्ध महिला से दिनदहाड़े चौन छीनने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से छीनी गई चौन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। 2 फरवरी को अनिकेत विहार निवासी मालमती राणा से शिवम डेयरी के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने गले से चौन छीन ली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने बुधवार (4 फरवरी) को मोथरोवाला पुल के पास से अभियुक्त शादाब अली (25 वर्ष), निवासी डोईवाला को दबोच लिया।पूछताछ में अभियुक्त ने कुबूल किया कि वह नशे का आदी है और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उसने इस लूट को अंजाम दिया। वह चौन को बेचने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# जीजीआईसी में करियर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), कौलागढ़ में गुरुवार को एनएसडीसी से संबद्ध कौशल विकास संस्था लर्न्ट स्किल्स लिमिटेड की और से करियर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को वर्तमान समय में उपलब्ध विभिन्न करियर एवं रोजगार अवसरों की जानकारी देना था। कार्यशाला के दौरान लर्न्ट स्किल्स की टीम ने छात्राओं को देश एवं विदेश में रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया। विशेष रूप से जापान में टीआईटीपी/एसएसडब्ल्यू योजना के अंतर्गत उपलब्ध ओवरसीज जॉब अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। लर्न्ट स्किल्स लिमिटेड से जुड़े हॉस्पिटैलिटी विशेषज्ञ संजीव बिंजोला ने हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस क्षेत्र में भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। वहीं ओवरसीज ट्रेनिंग डिवीजन की प्रिया दोभाल ने विभिन्न विदेशी देशों में उपलब्ध नौकरियों की जानकारी दी तथा विदेशी भाषा सीखने के महत्व पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शिवानी पेटवाल सहित शिक्षिकाएँ अनुपमा ममगाईं, सीमा बिष्ट एवं विजयलक्ष्मी नैथानी उपस्थित रहीं। छात्राओं ने कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता करते हुए करियर से जुड़े प्रश्न पूछे। कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने एवं सही करियर विकल्प चुनने के लिए प्रेरणा मिली।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता, सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण**

पत्रांक : 48/सिं.उ.ख.गै./निविदा/गैरसैंण दिनांक : 04.02.2026

**निविदा सूचना संख्या:-10/स०अ०-तृतीय/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु अलग-अलग मुहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 18.02.2026 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगीं निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की तिथि से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू०) | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| **दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत** | | | | | |
| | रा० उ०मा०वि० घण्डियाल के विद्यालय की सुरक्षा दीवार एवं प्रार्थना स्थल मरम्मत कार्य | 21000.00 | 4 माह | 1000+ 18%GST | ई एवं उच्चतर |
| 2 | रा०प्रा०वि० जखेट में जीर्ण-शीर्ण भवन का मरम्मत कार्य रा०प्रा०वि० छिमटा में जीर्ण-शीर्ण भवन का मरम्मत कार्य | 30000.00 | 4 माह | 1000+ 18%GST | ई एवं उच्चतर |
| 3 | रा०प्रा०वि० बडेथ में भवन की छत का मरम्मत कार्य | 30000.00 | 4 माह | 1000+ 18%GST | ई एवं उच्चतर |
| 4 | आदिबद्री फीडर-3 (रीच 0.100 किमी0 से 0.130 किमी० का मरम्मत कार्य | 25500.00 | 4 माह | 1000+ 18%GST | ई एवं उच्चतर |
| 5 | | 6000.00 | 3 माह | 500+ 18%GST | ई एवं उच्चतर |

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम एवं शर्तों का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता हैं

**सहायक अभियन्ता**
**सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण**

# सनातन संस्कृति से भारत की पहचान : आरिफ मोहम्मद

## राष्ट्र चेतना के प्रतीक थे स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि : सीएम

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार स्थित सप्तऋषि आश्रम मैदान त्रिदिवसीय मूर्ति स्थापना समरोह में शिरकत की। समारोह के दूसरे दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सनातन चेतना के जीवंत प्रतीक आप सभी संत-महात्मा, धर्मगुरु एवं श्रद्धालुजन, माँ गंगा के पावन तट पर स्थित सप्तऋषि क्षेत्र में एकत्र होकर राष्ट्र और संस्कृति के लिए अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन महापुरुषों ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रधर्म, सेवा, त्याग और करुणा के लिए समर्पित किया, वे केवल संन्यासी नहीं बल्कि राष्ट्र चेतना से जुड़े दिव्य संत थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज ने आध्यात्मिक ज्ञान को सामाजिक सेवा से जोड़ते हुए ऐसा जीवन दर्शन प्रस्तुत किया, जिससे अनगिनत लोगों को सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। उन्होंने भारत माता मंदिर की स्थापना कर सनातन संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का कार्य किया, जो आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का केन्द्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूर्ति स्थापना नई पीढ़ी के लिए आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बनेगी। संत परंपरा किसी एक पंथ या संप्रदाय तक सीमित न होकर वसुधैव कुटुंबकम के भाव से सम्पूर्ण विश्व को जोड़ने का कार्य करती है। सनातन धर्म मानव निर्मित नहीं, बल्कि शाश्वत सिद्धांतों पर आधारित है, जो समय के साथ चलता है और कभी पराजित नहीं होता। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन के दुखों का समाधान है। भारत की पहचान सनातन संस्कृति से है। शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार मठ देश की आध्यात्मिक एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा एक है, उसकी अभिव्यक्ति विभिन्न आस्थाओं के माध्यम से होती है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हरिद्वार में गंगा तट पर स्थित भारत माता मंदिर देश की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2027 के कुंभ मेले की तैयारियाँ की जा रही हैं और महाराज जी का जीवन निरंतर सद्कर्म और साधना से प्रेरित रहा। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि भारत में बीते वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है और आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने कहा कि जल, थल और वायु मार्गों का तीव्र विकास हुआ है तथा युवा शक्ति देश को विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर कर रही है। संत समाज भारतीय संस्कृति को सुदृढ़ करने और देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, राजराजेश्वराश्रम, योगगुरु बाबा रामदेव, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, श्रीमहंत ज्ञानदेव शास्त्री, आचार्य म.मं. स्वामी बालकानंद, निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी विशोखानंद भारती, संघ संचालक राम गोपाल कृष्ण, प्रज्ञा भारती, आचार्य प्रमोद कृष्णम, श्रीमहंत नारायण गिरी, जूना अखाड़े के महामंत्री महेश पूरी, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष आलोक कुमार, म.मं. ललितानंद गिरी, सुरेश चौहान, विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, राज्य मंत्री विनय रोहिला, जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे, मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं अनुयाई उपस्थित रहे।

# कोर्ट के आदेश पर पांच महिला सहित दस पर मारपीट एवं दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष की पांच महिला सहित दस पर दहेज उत्पीड़न एव मारपीट का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर के आधार पर कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। पुलिस के अनुसार गांव धनपुरा निवासी महिला ने महिला सहरुन पत्नी इरशाद ने कोर्ट के आदेश पर पांच महिलाए एव पांच पुरषो सहित दस के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर दहेज उत्पीड़न एव मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने बताया मेरे पिता ने मेरी शादी मुस्लिम रीति रिवाज के साथ साथ कराया था। दहेज में सोने चांदी के जेवरात एव एक वेगनआर कार दी गई थी। शादी के कुछ दिन बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने मुझे दहेज के लिए प्रताड़ित किया मारपीट व घर से निकला कहां अपने पिता से 10 लख रुपए लेकर आओ वरना यहां नहीं आना कई बार समाज के लोगों के बीच बैठकर समझौता भी हुआ, आरोप है कि कुछ समय बाद ही लड़के पक्ष के लोगों ने फिर से दहेज की मांग करते हुए महिला के साथ उत्पीड़न व मारपीट करना सुरु कर दिया। लड़की पक्ष के लोग जब दहेज की मांग पूरी नही कर सके तो उन्होंने लड़की के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में लड़की पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन कार्रवाई न होने पर महिला पक्ष के लोगो ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश के बाद तनवीर, तौहीद, पुत्र तहसीन, समीना पत्नि तहसीन, यासीन, नसीम, पुत्र यामीन, रुखसाना पत्नि यासीन, महबीस उर्फ अतिका, पुत्री न मालूम, शमा परवीन पुत्री तहसीन इसरार पुत्र यामीन नसीमा पुत्री यामीन निवासी सुल्तानपुर कोतवाली लक्सर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच सुरु कर दी है। पथरी एसओ मनोज नोटियाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पांच महिला सहित दस के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# ऊर्जा विभाग की कार्रवाई, 15 घरों से पकड़ी बिजली चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऊर्जा विभाग ने ज्वालापुर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से विद्युत उपयोग करने वालों पर करारा प्रहार किया है। विभाग द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का नेतृत्व उपखंड अधिकारी (एसडीओ) शिल्पी सैनी ने किया। इस दौरान 15 घरों से बिजली चोरी होते हुए पकड़ी गई। ऊर्जा विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और ईमानदार उपभोक्ताओं ने विभाग की इस पहल का स्वागत किया है। जानकारी के मुताबिक अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर उपखंड अधिकारी शिल्पी सैनी के नेतृत्व में क्षेत्र के मौहल्ला हज्जाबान, पीठ बाजार, कस्साबान, पांवधोई आदि इलाकों में ऐसे 40 घरों का निरीक्षण किया गया जिनके विद्युत बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काटे गए थे। निरीक्षण के दौरान 15 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। कई स्थानों पर सीधे लाइन से कनेक्शन जोड़कर तथा मीटर से छेड़छाड़ कर विद्युत उपयोग किया जा रहा था। टीम ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए अवैध कनेक्शनों को काटा और नियमानुसार जुर्माने एवं एफआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसडीओ शिल्पी सैनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी इस प्रकार के सघन अभियान लगातार चलाए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## धर्म स्थल और पर्यटन स्थल में किया जाना चाहिए फर्क

**हरिद्वार।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि हिन्दू समाज के धार्मिक पूजा स्थलों एवं श्रद्धा केंद्रों की अपनी प्राचीन परंपराएं, मर्यादाएं एवं धार्मिक व्यवस्था है। मंदिर पर्यटन या भ्रमण के स्थल नहीं हैं। इसलिए धर्म स्थल और पर्यटन स्थल में फर्क किया जाना चाहिए। मंदिर में भगवान की प्रतिष्ठा होती है और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के उद्देश्य से वहां आते हैं। जो इस परंपरा में विश्वास रखते हों, उन्हें ही मंदिरों और अन्य धर्मस्थलों पर जाने की अनुमति हो। जो धर्म मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं रखता और मूर्ति तोड़ने का आदेश देता हो अथवा जो मानते हों कि उन्हीं का भगवान, उन्हीं की पुस्तक से उन्हें मोक्ष मिलेगा।

### हरियाणा की महिला से छूटा नकदी से भरा बैंग

# ज्वालापुर पुलिस ने चंद घंटों में तलाश कर लौटाया

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** अपनी बेटी के हाथ पीले करने का सपना लेकर हरियाणा से हरिद्वार आई एक महिला का रुपयों से भरा बैग ई-रिक्शा में छूट गया। जिसमें बेटी की शादी के लिए रखे 2 लाख 16 हजार की नकदी थी। महिला रोती बिलखती हुई ज्वालापुर कोतवाली पहुंची इस मुश्किल घड़ी में कास्टेबल संदीप कुमार की मेहनत और सूझबूझ रंग लाई, जिन्होंने शहर के दर्जनों सीसीटीवी कैमरे खंगालकर महिला की खोई हुई पूरी रकम सुरक्षित बरामद कर उनके सुपुर्द कर उसने चेहरे पर खोई हुई मुस्कान लौटाई है। महिला ने सामान मिलने पर ज्वालापुर पुलिस की प्रशांसा की।

जानकारी के मुताबिक, हरियाणा के रोहतक की रहने वाली एक महिला अपनी बेटी की शादी के लिए ज्वालापुर के एक होटल में आई हुई थी। 3 फरवरी को वह बस अड्डे से ई-रिक्शा में बैठकर रानीपुर मोड़ तक आई, लेकिन उतरते समय अपना बैग रिक्शे में ही भूल गईं। महिला के पास रिक्शे का नंबर या चालक का कोई पता नहीं था, जिससे शादी की खुशियां चिंता में बदल गई थीं। घनी आबादी और हजारों ई-रिक्शा के बीच बिना नंबर के रिक्शे को ढूंढना एक बड़ी चुनौती थी। उन्होंने हार न मानते हुए शहर के विभिन्न रास्तों और बस स्टैंड के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से चेक किया। संदीप की सटीक सुरागरसी और मेहनत के कारण ही 5 फरवरी को उस ई-रिक्शा चालक का पता लगा कर ढूंढ निकला पूछताछ में चालक ने बताया कि वह भी महिला को ढूंढने की कोशिश कर रहा था। जब महिला के सामने बैग खोला गया, तो उसमें रखे 2 लाख 16 हजार रुपये सुरक्षित मिले। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि अपनी मेहनत की कमाई और बेटी की शादी के पैसे वापस पाकर महिला भावुक हो गई। उन्होंने विशेष रूप से संदीप कुमार और पूरी टीम का दिल से आभार जताया। पुलिस टीम में कां, नवीन, महिला कां, रीता रावत, शामिल रही है।

# कोर्ट के स्टे का उल्लंघन सिडकुल में कॉमन रास्ते पर धड़ल्ले से निर्माण

**ग्राम सलेमपुर महदूद का मामला, भूखंड स्वामी ने डीएम व एसएसपी से की शिकायत**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर महदूद में 18 फुट चौड़े कॉमन रास्ते को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इस मामले में भूखंड स्वामी राकेश कुमार ने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर अवैध कब्जे और नियमों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया है। राकेश कुमार ने शिकायत में बताया कि उनके आवासीय भूखंड की एक दिशा में 18 फुट चौड़ा रास्ता छोड़ा गया है। इसी प्रकार दूसरी दिशा में इक्कड़ कला खुर्द निवासी एक अन्य भूखंड स्वामी के प्लॉट के लिए भी 18 फुट चौड़ा कॉमन रास्ता निर्धारित है। यह रास्ता दोनों भूखंडों से होते हुए आगे निकलता है और लंबे समय से स्थानीय लोगों के आवागमन में उपयोग किया जा रहा है। राकेश कुमार का आरोप है कि कुछ लोगों ने इस कॉमन रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण से गलत तरीके से घर का नक्शा पास कराकर नियमों के विपरीत व्यावसायिक निर्माण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मौके पर बेसमेंट खोदकर बड़े पैमाने पर व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा है, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि सार्वजनिक रास्ते को भी अवरुद्ध कर रहा है। आरोप लगाया कि मामले को लेकर न्यायालय से स्थगन आदेश (स्टे) प्राप्त होने के बावजूद संबंधित लोगों की ओर से धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी रखा गया है, जो न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है। राकेश कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध निर्माण पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कॉमन रास्ते को कब्जा मुक्त कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि स्थानीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वह हरिद्वार न्यायालय के बाद उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

# अजित पवार की अस्थियों का गंगा में विसर्जन

# देशभर में निकलेगी अस्थि कलश यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** पिछले दिनों प्लेन क्रैश हादसे में दिवंगत हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अस्थियों का आज धर्मनगरी हरिद्वार में गंगा नदी में विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। बृहस्पतिवार सुबह राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज शर्मा अजित पवार की अस्थियां लेकर हरिद्वार के वीआईपी घाट पहुंचे, जहां उनके पुरोहित अभिषेक झा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अस्थि विसर्जन संपन्न कराया। अस्थि विसर्जन के बाद राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज शर्मा ने बताया कि दिवंगत नेता अजित दादा की स्मृति में एक भव्य अस्थि कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का विधिवत शुभारंभ आज हरिद्वार के गंगा तट से हिंदू रीति-रिवाजों के साथ किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अस्थि कलश यात्रा हरिद्वार से प्रारंभ होकर काशी, मध्य प्रदेश की नर्मदा नदी, गुजरात की साबरमती नदी तथा जम्मू-कश्मीर की चेनाब नदी तक जाएगी। इसके पश्चात यात्रा दक्षिण भारत के रामेश्वरम और कन्याकुमारी तक पहुंचेगी, जहां विभिन्न पवित्र नदियों में अजित पवार की अस्थियों का विसर्जन किया जाएगा। धीरज शर्मा ने कहा कि अजित दादा की विचारधारा को मानने वाले लोग पूरे देश में हैं। इस यात्रा के माध्यम से उन सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को अंतिम दर्शन का अवसर दिया जाएगा, जो उनसे भावनात्मक रूप से जुड़े रहे हैं। इस अवसर पर तीर्थ पुरोहित उज्जवल पंडित, पूर्व मेयर हरिद्वार मनोज गर्ग, डॉ. बृजेश यादव, डॉ. विमल शर्मा, सौरभ आहूजा, युवराज सिंह, अंकित चौधरी सहित सैकड़ों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सत्संग का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु संत रविदास मिशन गुरु गद्दी शुक्रताल धाम के तत्वावधान में पुल जटवाड़ा पर भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग की अध्यक्षता मिशन के अध्यक्ष संत गुरु डा. सतपाल दास और संचालन महात्मा मेहरचन्द दास ने किया। डा. सतपाल दास ने कहा कि सतगुरु रविदास सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में सर्वोपरि गुरु हैं। उनके विचार और साक्ष्य आज भी समाज और ब्रह्माण्ड में विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की प्राचीन नगरी काशी में अनेक शंकराचार्यों और जगद्गुरुओं का प्रभाव रहा है, लेकिन वहां संत शिरोमणि रविदास का मंदिर आज भी विद्यमान है, जो उनकी महत्ता और सर्वोच्च गुरु परंपरा को दर्शाता है। राजेश गौतम ने कहा कि संत रविदास ने समानता, भाईचारे और मानवता की अमूल्य माला समाज को दी है। कार्यक्रम में महात्मा मेहरचंद दास, रामदास, सुषमादास, महात्मा महिपाल दास, बिरम दास, अमर दास, नेपालदास सहित अनेक संत-महात्मा और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पुलिस वाहन पर जानलेवा हमला, आरोपी के बेटे सहित तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र से एक वांछित अपराधी को पकड़कर ले जा रही मुजफ्फरनगर पुलिस की गाड़ी को पीछे से आ रही स्कॉर्पियो और थार सवार युवकों ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हमले का मकसद आरोपी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाना था। ज्वालापुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी के बेटे सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार अनुराग सिंह ने बीती 3 फरवरी को यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की छपार थाना पुलिस एक धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी संजय निवासी सुभाष नगर, ज्वालापुर को गिरफ्तार करने आई थी। पुलिस टीम जब आरोपी को पकड़कर कोर्ट ले जा रही थी, तभी भूमानंद अस्पताल के पास आरोपी के बेटे इशान्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिस की गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि इशान्त ने साथियों साथ पुलिस के निजी वाहन को जान से मारने की नीयत से अपनी स्कॉर्पियो और थार गाड़ियों से टक्कर मारी। इस हमले में पुलिस की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। सूचना मिलते ही ज्वालापुर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची तीन हमलावरों को हिरासत में लेकर कोतवाली ली आई। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि ज्वालापुर पुलिस ने मौके से इशान्त, शिवम मलिक और अमन निवासीगण सुभाष नगर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो और थार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। फरार चल रहे अन्य आरोपियों कुणाल त्यागी, अनिरुद्ध और अन्य की तलाश के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार, उपनिरीक्षक रविंद्र जोशी, कां. मनोज डोभाल, भागचंद और ताजवर चौहान शामिल रहे।

# जन अधिकारी पार्टी ने दिया कोटद्वार के दीपक को चुनाव लड़ने का प्रस्ताव

**हरिद्वार।** जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने कोटद्वार में इंसानियत की मिसाल कायम करने वाले दीपक कुमार को उत्तराखंड की किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि यदि दीपक कुमार इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं, तो पार्टी उन्हें अपने बलबूते पर चुनाव लड़ाएगी। प्रैस को जारी विज्ञप्ति में आजाद अली ने कहा कि कोटद्वार में एक बुजुर्ग मुस्लिम टेलर की मदद करने वाला दीपक इंसानियत, साहस और भाईचारे की मिसाल बन चुका है। ऐसे व्यक्ति को विधानसभा में पहुंचना चाहिए, ताकि समाज में एक सकारात्मक संदेश जाए और भाईचारे की भावना मजबूत हो। आजाद अली ने कहा कि यदि दीपक जैसे लोग विधानसभा तक पहुंचते हैं, तो न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश में आपसी सद्भाव और इंसानियत की नई मिसाल कायम होगी।

# दो नाबालिग युवक लापता, जांच में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से दो नाबालिग युवक सन्दिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गये। युवक के परिजनों ने मामले में पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों नाबालिगों की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुलजार पुत्र सलीम निवासी बुढाहेड़ी ने तहरीर देकर बताया मेरा भाई गुलशनववर 14 वर्ष 29 जनवरी को सुबह स्कूल के लिए गया था, मगर स्कूल के बाद घर वापस नहीं लौटा हमने उसे स्कूल व आसपास रिस्तेदारी में भी तलाश किया मगर कहि नही मिला। एक नंबर से उसका कॉल आया जिससे हमारा उससे कोई संपर्क नहीं हुआ लेकिन व्हाट्सएप डीपी में उसका फोटो लगा हुआ दिखाई दिया जिसका मोबाइल नंबर 6397 927707 है। हमें डर है कि हमारे भाई के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो जाए। दूसरी ओर नेहा पत्नी कुशलपाल निवासी बहादरपुर जट ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका नाबालिग लड़का प्रिंस कुमार 26 जनवरी शाम को लगभग सात बजे मोहल्ले की दुकान पर सामान लेने गया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी वह वापस नही आया तो उसे ढूढने के लिए मोहल्ले की दुकान व आसपास तलाश किया परन्तु नही मिला, उसके बाद रिस्तेदारी में भी तलाश किया मगर उसका कही पता नही लगा। पुलिस ने दोनों नाबालिग युवको की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया दो नाबालिग युवकों के अलग अलग गांव से लापता होने के मामले में दोनों नाबालिग युवकों की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही युवकों को बरामद कर लिया जाएगा,

# जमीन धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर पुलिस ने भूमि धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2025 से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से जमीन हड़पने का आरोप है। पुलिस ने उसे को कोर्ट में पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली ज्वालापुर में 24 अक्टूबर 2025 को नमन शर्मा पुत्र नवीन कुमार शर्मा निवासी संगमपुरी साधु बेला सप्त सरोवर रोड हरिद्वार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। तहरीर में आरोप लगाया गया कि विनोद पुत्र भरतू उर्फ रामगोपाल, देवेंद्र, रविकांत व नूतन निवासीगण गाजीवाला श्यामपुर ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर वादी की भूमि से संबंधित कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और उन्हें असली बताकर जमीन आरोपी नूतन के नाम करा दी। पुलिस ने इस संबंध में कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तब से ही आरोपी फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल के निर्देश पर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत ज्वालापुर पुलिस ने बुधवार को मामले में फरार आरोपी विनोद पुत्र भरतू उर्फ रामगोपाल, निवासी कांगड़ी गाजीवाला थाना श्यामपुर, को गाजीवाला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रविंद्र जोशी व कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल रहे।

# ऊर्जा विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** गुरुवार तड़के बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। यह कार्रवाई उपखंड अधिकारी जगजीतपुर रूपेश कुमार की अगुवाई में सुबह 6:30 बजे की गई। विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विद्युत चोरी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार तड़के व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छापेमारी करते हुए क्षेत्र की 32 बीघा कॉलोनी, साबिर एनक्लेव (सराय) और अजीतपुर गांव में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया। उपखंड अधिकारी जगजीतपुर रूपेश कुमार बताया कि सभी मामलों में नियमानुसार जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी इस प्रकार के चेकिंग अभियान जारी रहेंगे और बिजली चोरी में लिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में जेई वरुण पंवार, जेई संदीप सेमवाल व जेई प्रीति जिंटा सहित विद्युत विभाग की टीम शामिल रही। वहीं, अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी से विभाग को भारी राजस्व हानि होती है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## सूचना ( नाम परिवर्तन )

मेरी कक्षा 10 की अंकतालिका में नाम TOHSIBA दर्ज हो गया है, जो सहवन त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है, जबकि मेरे अन्य शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा सही व वास्तविक नाम TOSHIBA है। भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम TOHSIBA से जाना व पहचाना व पुकराय जाये। तोशिबा पत्नी दिलशाद, निवासी 338-35 ग्राम पदार्था उर्फ धनपुरा, थाना पथरी, तहसील व जिला हरिद्वार

## सीआईएसएफ कैंपस से लाखों का कॉपर वायर चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार, 14 रोल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने सीआईएसएफ कैंपस में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे करीब 2 लाख रुपये कीमत के कॉपर वायर के 14 रोल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को बीएचईएल रानीपुर स्थित सीआईएसएफ कैंपस के टावर नंबर-4 के पास एक संदिग्ध युवक को चोरी करते हुए पकड़ा गया। कोतवाली लाकर पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभिषेक पुत्र विपिन, निवासी बिजनौर उत्तर प्रदेश वर्तमान में सलेमपुर महदूद बताया है। रानीपुर कोतवाली वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन चौहान ने बताया कि बीएचईएल के वरिष्ठ अभियंता मनीष कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नितिन चौहान, हे.कां. मुकेश चंद, कां. अमन तोमर, सीआईएसएफ कर्मचारी शामिल रहे।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार । मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः– 1053 / वि0.वि0.ख0ज्वा0 / ह0 / शटडाउन / ई0ई0 / दिनांक– 05.02.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33 / 11 के वी0 उपसंस्थान, पथरी के क्षेत्रान्तर्गत विद्युत केबल परिवर्तित करने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लेखित तिथि व समय पर आंशिक / पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त पोषक। | 07.02.2026 / शनिवार एवं 09.02.2026 / सोमवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक | सराय, राजलोक कालोनी, हरिलोक कालोनी, सब्जी मण्डी क्षेत्र, जुर्स कंट्री, गायत्री विहार, दुर्गा विहार, ट्रांसपोर्ट नगर, इक्कड कलां, इक्कड खुर्द, दीनारपुर, नया गाँव, रघुनाथ मॉल, मैसर्स मनचन्दा हर्बल प्रोडक्ट्स प्रा0 लि0 तथा उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता । |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं'
Toll free No- 1800-419-0405
"राष्ट्रहित में विद्युत बचायें"


**न्यायालय श्रीमान द्वितीय अपर जिला जज महोदय, हरिद्वार।**

सिविल अपील संख्या 23 सन 2023

शिवकुमार पुत्र श्री ब्रह्म, निवासी ग्राम औरंगाबाद, परगना रुड़की, तहसील एवं जिला हरिद्वार।

.....वादी / अपीलार्थी

बनाम

1. नथीलाल पुत्र श्री श्यामू, निवासी ग्राम थल्लन, तहसील भटवाड़ी, जिला उत्तरकाशी, हाल निवासी दिव्य योग मन्दिर, कृपालु बाग कनखल, तहसील एवं जिला हरिद्वार। 2. श्यामलाल पुत्र श्री ब्रहम, 3. इश्कलाल पुत्र श्री ब्रहम, निवासीगण ग्राम औरंगाबाद, परगना रुड़की, तहसील एवं जिला हरिद्वार।

....प्रतिवादीगण / रेस्पॉन्डेंटगण

चूंकि उपर नामांकित शिवकुमार पुत्र श्री ब्रहम, निवासी ग्राम औरंगाबाद, परगना रुड़की, तहसील एवं जिला हरिद्वार ने सिविल अपील योजित की हुई है। अतः आपको सूचना दी जाती है कि यदि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतू दर्शित करना चाहते हैं तो तारीख 12.03.2026 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्यकरूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम
द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
हरिद्वार


हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# जन-जन की सरकार अभियान की डीएम ने की समीक्षा

**■ अधिकारियों से मांगा कार्यों का हिसाब, आयुष शिविरों में 2014 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण का ब्योरा तलब कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों ने रखी प्रगति रिपोर्ट, गोशाला निर्माण और मरम्मत कार्यों पर हुई चर्चा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत आयोजित किए गए शिवि. रों की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रशासन ने जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में किए गए प्रयासों का आकलन किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विकासखंडों और न्याय पंचायतों में लगाए गए शिविरों में प्राप्त हुए प्रस्तावों और जनसमस्याओं के निस्तारण की स्थिति को जांचना था, ताकि आम जनमानस को सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से मिल सके।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक करके सभी रेखीय विभागों की फाइलें खंगाली और अधिकारियों से जवाब-तलब किया। आयुष विभाग की समीक्षा करते हुए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सुभाष ने बताया कि अभियान के दौरान लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में कुल 2014 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने केवल मरीजों की संख्या पर संतोष न जताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिविरों में वितरित की गई दवाओं और अन्य चिकित्सा सुविधाओं का विस्तृत ब्यौरा भी प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

समीक्षा के क्रम में अन्य विभागों ने भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। लघु सिंचाई विभाग की ओर से अधिशासी अभियंता बृजेश गुप्ता ने शिविरों के माध्यम से प्राप्त हुई नहरों और सिंचाई गूलों के मरम्मत कार्यों की मांग के बारे में जानकारी दी। वहीं, पशुपालन विभाग का पक्ष रखते हुए जिला पशुचिकित्सा अधिकारी डी.के. शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से पशु सेवा केंद्रों की स्थापना की मांग प्रमुखता से उठी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई गौशालाओं के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिस पर प्रशासन ने गंभीरता से विचार करने का आश्वा. सन दिया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल और सहायक सांख्यिकी अधिकारी धारा सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शिविरों में आए हर आवेदन पर गंभीरता से कार्यवाही की जाएगी और लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंच सके।

# चकराता विधायक ने रा. इं. कॉ. ग्वासापुल के नव निर्मित भवन का किया लोकार्पण

**■ विद्यालय भवन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में होगा मील का पत्थर सिद्धः प्रीतम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के ग्वासापुल स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में उत्तराखंड शासन के विद्यालयी शिक्षा विभाग की क्लस्टर योजना के अंतर्गत निर्मित नए विद्यालय भवन का आज लोकार्पण चकराता विधायक प्रीतम सिंह द्वारा किया गया। लगभग 124. 69 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन से छात्र-छात्राओं को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि यह भवन शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से स्थानीय जनता एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा नए भवन की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। विधायक ने कहा कि शिक्षा समाज के समग्र विकास की मजबूत नींव है और जौनसार-बावर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत देहरादून के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने नव निर्मित भवन की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल शिक्षा स्तर में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा।

कार्यक्रम के अंत में राजकीय इंटर कॉलेज ग्वासापुल के प्रभारी प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतर सिंह, ठेकेदार बर्फ सिंह चौहान, माया सिंह चौहान, चौहान, राजेन्द्र सिंह, सुरेश, जगबीर सिंह, मात सिंह, अशाड़ सिंह, महेंद्रसिंह, रोहित चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शहर में धूमधाम से निकाली गई साई बाबा की शौभायात्रा



**■ रास्ते में अनेको जगहों पर मिष्ठान के साथ भक्तों का किया गया स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** श्री सांई मंदिर लाईन जीवनगढ़ विकासनगर में सांई बाबा के मन्दिर का स्थापना दिवस महोत्सव पर आज नगर में बाबा की भव्य पालकी शौभा यात्रा निकाली गयी। बड़ी संख्या में साई बाबा के भक्त शोभा यात्रा में शामिल हुए।

सांई बाबा मन्दिर समिति के नेतृत्व में मन्दिर का स्थापना दिवस महोत्सव धूमधाम मनाया जा रहा हैं, बताया पहले दिन आज सांईबाबा की मूर्ति को मन्दिर परिसर में सुबह 108 लीटर दूध से स्नान करा पूजा अर्चना कर, विकासनगर मंडी चौक से जलूस के रूप में मेन बाजार के गीता भवन चौक, लक्ष्मनपुर तिराहे से कालसी रोड से होते हुये मन्दिर तक भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गयी। बताया सात फरवरी को छप्पन भोग लगाकर अखण्ड भण्डारा खिलाया जायेगा। आज निकाली गयी श्री सांई बाबा की शौभायात्रा का रास्ते में अनेको जगहों पर मिष्ठान आदि के साथ भक्तों ने स्वागत किया।

# पुनर्वास भूखंड आवंटन में फर्जीवाड़े का खुलासा, चार नामजद समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज

**■ डोईवाला के जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर डीएम की जांच में खुली पोल, नई टिहरी कोतवाली में एफआईआर ,पारदर्शी व्यवस्था के दावे के बीच फर्जीवाड़े पर प्रशासन का कड़ा प्रहार, एडीएम की जांच के बाद हुई कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी कार्यप्रणाली को लेकर दिए गए निर्देशों का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। टिहरी गढ़वाल में पुनर्वास विभाग के अंतर्गत भूखंड आवंटन में चल रहे फर्जीवाड़े पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशन में चल रही पारदर्शी प्रक्रिया के दौरान एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है, जिसमें नियमों को ताक पर रखकर भूखंड आवंटित किए गए थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है और जांच के बाद चार नामजद व्यक्तियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है। यह कार्रवाई डोईवाला क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर अमल में लाई गई है।

मामले के अनुसार देहरादून जनपद के विकासखंड डोईवाला के अंतर्गत ग्राम प्रधान सिंराई और क्षेत्र पंचायत सदस्य सिंराई खदरी खड़कमाफ ने पुनर्वास निदेशालय में एक शिकायती पत्र सौंपा था। इसमें आरोप लगाया गया था कि पुनर्वास स्थल निर्मल ब्लॉक ए व बी तथा आमबाग में कुछ लोगों को गलत तरीके से भूखंडों का आवंटन किया गया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी और पुनर्वास निदेशक नितिका खण्डेलवाल ने तत्काल प्रभाव से अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया। समिति ने मामले की गहनता से छानबीन की जिसमें शिकायत सही पाई गई और आवंटन प्रक्रिया में अनियमितता की पुष्टि हुई।

जांच समिति की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर पुनर्वास विभाग ने कड़े कदम उठाए हैं। इस फर्जीवाड़े में संलिप्त पाए जाने पर ग्राम भल्डियाना निवासी सुरेश सिंह, नरेश सिंह और खेम सिंह (तीनों पुत्र महाबीर सिंह) तथा ग्राम पुन्साडा निवासी सुशीला देवी (पत्नी तेग सिंह) के अलावा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में विभाग द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2026 को नई टिहरी कोतवाली में सुसंगत धाराओं के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस अब मामले की विवेचना कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्यवाही की तैयारी है।

जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने स्पष्ट किया है कि पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए विभाग द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं और पूरी प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस कार्रवाई से फर्जी तरीके से सरकारी लाभ लेने वालों में हड़कंप मच गया है।

## एक नजर .......

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शंकरपुर में देशभक्ति का सशक्त संदेश

**विकासनगर।** सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के नेतृत्व में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के अंतर्गत आज पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, शंकरपुर में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग डेढ़ हजार छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को "राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम", "जय हिंद" और "वंदे मातरम' जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक संबोधित किया गया।

डॉ. अतुल कृष्ण ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि आज देश जिन चुनौतियों से जूझ रहा है, उनका समाधान सशक्त राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अनुशासन, सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाएं, ताकि भविष्य का भारत विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो सके। साथ ही उन्होंने अखंड भारत के संकल्प पर बल देते हुए कहा कि देश के प्रति सतत तत्परता ही सच्ची देशसेवा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदेश कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं, जो विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों और सामा. जिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान, जनपद देहरादून के निदेशक डॉ. रविंद्र कुमार सैनी, रघुनाथ सिंह तथा जगदीश गुप्ता की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत, जय हिन्द गीत ,राष्ट्रगान एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

### कालसी के न्याय पंचायत कोरूवा में बहुदेशीय शिविर का आयोजन



सहिया। 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' प्रशासन चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत कालसी ब्लाक अंतर्गत न्याय पंचायत कोरूवा में बहुदेशीय शिविर का आयोजन किया गया। बहुदेशीय शिविर में लगभग 25 विभागों द्वारा स्टाल लगाए जिसमें शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सभी विभागों की जानकारी दी गई। बहुदेशीय शिविर में उपस्थित बतौर नोडल अधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चकराता आईएएस डॉ हर्षिता सिंह ने सभी विभागों की स्टाल का निरीक्षण किया और बहुदेशीय शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। बहुदेशीय शिविर में सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 23, पेयजल विभाग की 5, लोनिवि व पीएमजीएसवाई की 5, शिक्षा विभाग की 2, व सिंचाई, उद्यान, विद्युत, दूर संचार, समाज कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग आदि से जुड़ी कुल 43 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित की जाएगी। बहुदेशीय शिविर में शिविर में खण्ड विकास अधिकारी कालसी जगत सिंह, ब्लाक प्रमुख सावित्री चौहान, तहसीलदार चकराता प्रदीप सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत धर्मपाल सिंह तेजवान सहित लगभग 70 विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एंव क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# औली विंटर कार्निवाल व राष्ट्रीय स्कीइंग चैम्पियनशिप को लेकर बैठक आयोजि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** औली में विंटर कार्निवाल और राष्ट्रीय स्कीइंग चौम्पियनशिप की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने आयोजन के भव्य और सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी अधिकारियों को आवास, पेयजल, विद्युत, सड़क सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की समय से तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने उप जिलाधिकारी जोशीमठ को आयोजन स्थल और हैलीपेड का स्थलीय निरीक्षण करने और स्थानीय होटल व्यवसायियों से बैठक कर आवासीय व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बीआरओ के अधिकारियों को आयोजन के दौरान यातायात सुचारु रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आयोजन में यातायात के सुचारू संचालन के लिए योजना बनाने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को आयोजन के दौरान औली में अस्थाई चिकित्सालय बनाने और जोशीमठ चिकित्सालय में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, आईटीबीपी के डीसी नानक चन्द ठाकुर, एसी विजेंद्र, सीएमओ डा. अभिषेक त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय एलटीएम प्रतियोगिता में डायट बड़कोट ने किया उत्कृष्ट प्रस्तुतिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशीः** राज्य स्तरीय नवसृजन एलटीएम मीटख्र2026 में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट, उत्तरकाशी के डीएलएड प्रशिक्षुओं ने एलटीएम (लर्निंग टीचिंग मटेरियल) पर उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रस्तुतीकरण से संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

डायट बागेश्वर में आयोजित राज्य स्तरीय नवसृजन एलटीएम प्रतियोगिता में डायट बड़कोट उत्तरकाशी को "सर्वश्रेष्ठ कम लागत उत्कृष्ट पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। डीएलएड प्रशिक्षुओं ने कम लागत में तैयार किए गए आकर्षक, नवाचारी एवं शिक्षण-उपयोगी एलटीएम को निर्णायक मंडल द्वारा अत्यंत सराहा गया। अंग्रेजी भाषा के एलटीएम की प्रतियोगिता में भी डायट बड़कोट उत्तरकाशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जो प्रशिक्षुओं की रचनात्मकता, नवाचार एवं शैक्षिक दक्षता का परिचायक है। गणित विषय में आधारभूत गणितीय संक्रियाओं पर बने कम लागत एलटीएम के प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए निर्णायकों ने कहा कि इस प्रकार के एलटीएम गणित में अमूर्त अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करने के साथ-साथ विषय को रुचिकर भी बनाते हैं। इसी आधार पर इसे राज्य स्तरीय नवसृजन टीएलएम प्रतियोगिता -2026 का सर्वश्रेष्ठ कम लागत उत्कृष्ट पुरस्कार से नावाजा गयाघ

इस प्रतियोगिता में डायट बड़कोट, उत्तरकाशी से मार्गदर्शक शिक्षक गोपाल सिंह राणा के नेतृत्व में डीएलएड प्रशिक्षु पवनेश सिंह, राहुल रावत, सुरेंद्र, सौरव सिंह एवं रचित सेमवाल ने प्रतिभाग किया। सभी प्रशिक्षुओं ने टीम भावना, रचनात्मक दृष्टिकोण एवं शिक्षण नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# सागर रत्ना फूड लवर्स के लिए बना आकर्षण का केंद्र

**देहरादूनः** कड़कड़ाती ठंड के इस मौसम में जब गरमा-गरम जायके की तलब होती है, तो दक्षिण भारतीय व्यंजनों से बेहतर भला और क्या हो सकता है? देहरादून के श्मॉल ऑफ देहरादूनश स्थित प्रसिद्ध रेस्टोरेंट श्सागर रत्नाश इन दिनों शहर के फूड लवर्स के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हाल ही में यहाँ के अनुभव ने यह साबित कर दिया कि बेहतरीन खाने और शानदार माहौल के लिए यह एकदम सही जगह है। सागर रत्ना न केवल अपने क्लासिक दही वड़ा, इडली सांभर, रवा डोसा और मसाला डोसा के लिए जाना जाता है, बल्कि इनके मेन्यू में कई ऐसी खास डिशेज हैं जो स्वाद के साथ-साथ आपकी जेब पर भी भारी नहीं पड़तीं।

# राशन कार्ड धारकों को बड़ी राहत, अब 15 फरवरी तक मिलेगा दिसंबर का बकाया चावल

**■ फोर्टिफाइड चावल की कमी के चलते बढ़ाई गई वितरण की तारीख, जिला पूर्ति अधिकारी ने दी जानक. ारी, बायोमेट्रिक मशीन से फरवरी अंत तक ले सकेंगे जनवरी और फरवरी का राशन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के राशन कार्ड धारकों के लिए एक राहत भरी खबर है। जिला प्रशासन ने खाद्यान्न वितरण की समय सीमा में बदलाव करते हुए उपभोक्ताओं को अपना राशन उठाने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल ने जानकारी देते हुए बताया कि फोर्टिफाइड चावल की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण कई कार्ड धारकों को दिसंबर 2025 के हिस्से का चावल वितरित नहीं किया जा सका था। इस समस्या का संज्ञान लेते हुए विभाग ने अब वितरण की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित न रहे।विभाग द्वारा जारी नई समय सारिणी के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं को दिसंबर 2025 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ है, वे अब यह राशन 15 फरवरी 2026 तक प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नए साल के कोटे का वितरण भी सुचारू रूप से जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जनवरी और फरवरी 2026 के लिए आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता अपनी दुकानों से नियमित रूप से राशन का वितरण सुनिश्चित करेंगे, जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर अपने नजदीकी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान पर जाकर अपना राशन प्राप्त कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि राशन वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी और यह अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन के माध्यम से ही संपन्न कराई जाएगी। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपना खाद्यान्न उठा लें ताकि सिस्टम पर अनावश्यक दबाव न पड़े और वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

# परिवहन विभाग ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** गुरुवार को परिवहन विभाग की टीम ने ओवरलोडिंग वाहनो की चेकिंग अभियान चलाकर कई वाहनो के चालान किए है। क्षेत्र में लगातार अभियान चलाने के बावजूद भी वाहनों में ओवरलोडिंग थमने का नाम नहीं ले रही। बीते दिनों हरिपुर कोटि क्वानू मोटर मार्ग पर एक बस हादसा भी हुआ था जिसमें 3 लोगों की मौत हुई थी। एआरटीओ विकासनगर एसके निरंजन ने बताया की क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को कालसी चकराता मोटर मार्ग पर अभियान चलाया गया जिसमें 25 वाहनों के चालान किए गए जबकि एक वाहन को सीज किया गया। बताया कि वाहनों की फिटनेस, डिएल, प्रदुषण आदि के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# डायट में शिक्षकों ने किया शास्त्रीय गायन का अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चड़ीगांव में आयोजित तीन दिवसीय संगीत कार्यशाला का समापन हो गया है। कार्यशाला में पौड़ी जिले के 15 विकासखंडों से आए 45 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारंभ डायट प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यशाला के कार्यक्रम समन्वयक विनय किमोठी ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य तोमर ने प्रतिभागियों से अपेक्षा व्यक्त की कि कार्यशाला में प्राप्त संगीत एवं कला संबंधी ज्ञान को वे विद्यालयों में विद्यार्थियों तक अवश्य पहुंचाए। कार्यशाला के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में विभिन्न संदर्भ दाताओं ने संगीत विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक डा. दिनेश पाठक ने शास्त्रीय गायन का इतिहास, स्वर परिचय, सप्तक, कंठ साधना, स्वरलिपि, राग यमन का आरोह-अवरोह आदि पर विस्तार से जानकारी दी तथा अभ्यास भी कराया। साथ ही कक्षा 6 में पढ़ाई जाने वाली संगीत की पाठ्यपुस्तक पर भी विस्तार से चर्चा की। लोक गायक धर्मेंद्र सिंह चौहान ने उत्तराखंड के लोकगीतों मांगल, न्योली, छपेली, चौफुला, बाजूबंद, चौमासा, बग्वाल गीत, जागर एवं जौनसारी गीतों की जानकारी दी तथा उनसे संबंधित गायन अभ्यास कराया। इसी दिन तृतीय सत्र में ख्याति प्राप्त तबला वादक हर्षवर्धन भट्ट ने तबले का इतिहास, विभिन्न तालों (तीनताल, दादरा, कहरवा, दीपचंदी) तथा बोल वर्ण, एकाक्षरी एवं संयुक्ताक्षरी वर्णों की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। चौथे सत्र में युवा गिटार वादक शिव मूर्ति राणा ने गिटार का इतिहास, प्रकार, ट्यूनिंग विधि, भागों के नाम, बजाने की तकनीक को समझाया। प्रसिद्ध नृत्यांगना निवेदिता जोशी ने कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, ओडिसी, भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम, सत्रीय एवं मणिपुरी नृत्य सहित विभिन्न शास्त्रीय एवं लोक नृत्यों की जानकारी दी। समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ममता राणा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक कार्यशाला में सीखी गई विधाओं को प्रार्थना सभा, सह-शैक्षणिक गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के माध्यम से लागू करें। इस अवसर पर डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता डा. धनेन्द्र लिगवाल, डा. जगमोहन पुंडीर, अनुजा मैठाणी, रेनू, जगमोहन कठैत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# क्रिकेट पिच पर धोखाधड़ी का 'खेल'

## पूर्व विधायक और यूपी टीम के मालिक को लगाया लाखों का चूना

- पार्टनर की मौत की बताकर रद किया मैच
- पूर्व विधायक और यूपी टीम के मालिक ने की एसएसपी से शिकायत
- होटल से भाग रहे आयोजक को पुलिस ने पकड़ा, पूछताछ जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गौलापार में 3 फरवरी से होने वाली एपिक विक्टरी क्रिकेट लीग टी-20 के आयोजन में हंगामा खड़ा हो गया। आयोजन से पहले ही आयोजक भाग खड़ा हुआ, और टीम मालिकों को भी झटका लगा। आयोजक पर पूर्व विधायक नारायण पाल और एक अन्य टीम मालिक हेमंत शर्मा ने लाखों रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। दोनों ने गुरुवार को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर सौंपी। आयोजक अचानक लीग रद कर भागने की फिराक में था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे होटल से धर-दबोचा। एसएसपी को पूर्व विधायक नारायण पाल और हेमंत शर्मा ने तहरीर सौंपते हुए कहा कि आयोजक ने उन्हें भारी रकम का लालच देकर टीम खरी. दवाए थे, लेकिन अब लीग का आयोजन रद्द कर दिया गया और आयोजक लाखों रुपये लेकर फरार हो गया। आयोजन के रद्द होने का कारण आयोजक ने यह बताया कि मुख्य आयोजक को हार्ट अटैक आ गया और उनकी मौत हो गई, इस लीग में कुल छह टीमें खेलने वाली थीं। उत्तराखंड सोल्जर्स के नाम से बनी टीम सितारगंज के पूर्व विधायक अंबिका विहार हल्द्वानी निवासी नारायण पाल ने खरीदी थी। जबकि यूपी वॉरियर्स की टीम को हरियाणा के शहीद पार्क झज्जर निवासी हेमंत शर्मा पुत्र रमेश चंद्र शर्मा ने खरीदी थी। गुरुवार की दोपहर दोनों टीमों मालिक एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के पास पहुंचे और अपने साथ ही हुई ठगी के बारे में बताया। लिखित तहरीर में पूर्व विधायक ने 9 लाख और हेमंत ने 23 लाख रुपए ठगने का आरोप लगाया है। वहीं हेमंत का कहना है कि इस लीग में कुल छह टीमें खेलने वाली थीं। उन्हें ऐन वक्त पर पता लगा कि आयोजन रद हो गया है। एसपी सिटी, मनोज कुमार कत्याल ने पुष्टि की है कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मुख्य आयोजक के मृत होने की सूचना की जांच बेंगलुरु पुलिस से कर रही है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने पीड़ितों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया और अन्य टीम मालिकों से अपील की है कि अगर उन्हें भी ठगी हुई है तो वह तहरीर दे सकते है।

### पोस्टर में इरफान का फोटो, उन्हें पता नहीं

**हल्द्वानी।** अद्भुत बात यह है कि इस मामले में पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान का नाम भी सामने आया है। शहरभर में लगे इस आयोजन के पोस्टरों में इरफान पठान और प्रवीण के फोटो लगे था। हेमंत शर्मा ने बताया कि जब वह गोवा में क्रिकेट लीग में हिस्सा ले रहे थे, तो वहां इरफान पठान से मुलाकात हुई। हेमंत ने इरफान से हल्द्वानी में मैच होने के बारे में पूछा, तो इरफान चौंक गए और कहा, मुझे तो इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसका मतलब साफ है कि इरफान पठान को आयोजक द्वारा उनकी मौजूदगी के बारे में भी नहीं बताया गया था।



### सवाल तो कई खड़े हो रहे

**हल्द्वानी।** अब एक बड़ा सवाल उठता है कि क्या वाकई मुख्य आयोजक की मृत्यु हुई है? चूंकि, कई कंपनियों में बड़े मालिकों की मौत के बाद भी कार्य बंद नहीं होते, तो ऐसे में आयोजक की मौत पर लीग को रद्द करना पुलिस के गले नहीं उतर रहा। खासकर जब लाखों रुपये का निवेश इस लीग में हुआ था।

### हल्द्वानी से प्रवीण के निकल लेने में 'सपा' का हाथ

**हल्द्वानी।** इस पूरे मामले में एक और हैरतअंगेज़ यह रहा कि भारत के लिए 65 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेल चुके गेंदबाज़ प्रवीण कुमार भी क्रिकेट खेलने हल्द्वानी पहुंचे थे। वह उत्तराखंड टीम में शामिल किए गए थे। प्रवीण शहर के चिरपरिचित सपा नेता के करीबी हैं। 3 तारीख को प्रवीण का मैच था, लेकिन वह 2 तारीख को ही अचानक शहर से चले गए। जाने से पहले वह अपने सपाई दोस्त से मिले, उनकी कार ली और इसी कार से वह निकल गए। प्रवीण आयोजक के मैच रद करने के प्लान से पहले क्यों गए, यह भी पुलिस जांच के दायरे में है।

# भरोसे की 'लूट', दो अरेस्ट

## देवभूमि बहुउद्देशीय स्वायत्त सहकारिता संस्था ने गबन करे 6.80 करोड़

**हल्द्वानी।** निवेश पर मोटा मुनाफा देने के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नैनीताल पुलिस ने देवभूमि बहुउद्देशीय स्वायत्त सहकारिता संस्था के अध्यक्ष और सचिव को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के बैंक खातों में 6.80 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन हुआ है। पुलिस अब इस पूरे आर्थिक नेटवर्क की गहन जांच कर रही है, ताकि अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का पता चल सके।

गुरूवार को बहुद्देशीय भवन में ठगी का खुलासा करते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 2023 में रामनगर और मुखानी थाने में इस संस्था के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन मुकदमे दर्ज हुए थे। देवभूमि बहुद्देशीय स्वायत्त सहकारिता संस्था की शाखाएं वर्ष 2017 से हल्द्वानी के मुखानी और रामनगर क्षेत्र में संचालित की जा रही थीं। संस्था संचालक उत्तराखंड सरकार से पंजीकरण का दावा करते हुए लोगों को अधिक ब्याज और निवेश सुरक्षित रहने का भरोसा देते थे। इस झांसे में कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत, ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जनपदों के 200 से अधिक निवेशक फंस गए। आरोपियों ने करीब 6 करोड़ 80 लाख रुपये की राशि एकत्र की।

रकम जुटाने के बाद हरिपुर नायक, कुसुमखेड़ा निवासी हेमचंद पंत (अध्यक्ष) और डहरिया, हल्द्वानी निवासी विकास दुर्गापाल (सचिव) अपने साथियों के साथ फरार हो गए। जांच में सामने आया कि दोनों शाखाएं करीब एक से डेढ़ वर्ष पहले ही बंद कर दी गई थीं। खातों की पड़ताल में करोड़ों रुपये के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। लालकुआं कोतवाली में तैनात एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार रात दोनों आरोपियों को लालकुआं क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों ठगों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया। टीम में लालकुआं एसएसआई दीपक बिष्ट, कांस्टेबल आनंदपुरी, जितेन्द्र बिष्ट मौजूद रहे।

### तीन राज्यों में दबिश, लालकुआं में धरे गए

आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से वारंट और कुर्की के आदेश जारी होने के बाद नैनीताल पुलिस की टीमें दिल्ली, हरियाणा और लखनऊ में लगातार दबिश देती रहीं। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि आरोपियों पर उत्तराखंड के अन्य जिलों में भी धोखाधड़ी और ठगी के मामले दर्ज हैं।

### एसएसपी ने लालकुआं पुलिस की पीठ थपथपाई

इस सफलता के बाद एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने लालकुआं कोतवाली के एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की और उन्हें 2500 रुपये का पुरस्कार घोषित किया। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी निवेश योजना में धन लगाने से पहले उसके पंजीकरण, वैधानिक स्थिति और विश्वसनीयता की पूरी जांच करें ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके। एसएसपी ने यह भी कहा कोई भी वित्तीय संस्था कम समय में रकम को दोगुना नहीं कर सकती। बैंकों पर विश्वास रखें और धोखाधड़ी से बचें।

# सेनेटरी नैपकिन वितरित किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोटरी क्लब हल्द्वानी ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए एसबीआई के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत पिछले 15 दिनों में हल्द्वानी क्षेत्र के 10 सरकारी विद्यालयों में छात्राओं को 2500 पुन: प्रयोग योग्य सेनेटरी नैपकिन वितरित किए।

यह वितरण अलग-अलग दिनों में विद्यालय प्रांगण में टीम भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को नैपकिन के सही उपयोग और मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए रोटरी क्लब ने विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षिका रेखा आर्या ने प्रत्येक विद्यालय में जाकर छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। नैपकिन वितरण से लाभान्वित विद्यालयों में राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, बनभूलपुरा राजकीय गर्ल्स हाईस्कूल, गांधीनगर, राजकीय गर्ल्स हाई स्कूल राजपुरा, राजकीय गर्ल्स हाईस्कूल, बमौरी, राजकीय गर्ल्स हाईस्कूल, जवाहर ज्योति, नगर निगम गर्ल्स इंटर कॉलेज काठगोदाम, राजकीय इंटर कॉलेज, लामाचौड़, राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़, राजकीय हाईस्कूल, छड़ैल, राजकीय हाईस्कूल मुखानी शामिल हैं।

विद्यालयों की ओर से सविता श्रीवास्तव, सुमन बिष्ट, ज्योति पंत, जया पांडे, शाइस्ता अबरार, आशा कनोजिया, कस्तूबा नंद लोहनी, आशीष शर्मा, गिरजा पाठक और मधु पांडे मौजूद रहे। जबकि एसबीआई की ओर से संतोष मिश्रा, हेमंत पुजारी, निहारिका कुमारी, वर्तिका राय, प्राची सिंह और मनोज बिष्ट व रोटरी क्लब की ओर से अध्यक्ष मनोज शाह, महामंत्री आशीष दुम्का, विनोद गड़कोटी और विजय शर्मा मौजूद रहे।

# निहारिका और मानसी ने रोशन किया प्रदेश का नाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लालकुआं स्थित चाइल्ड सैक्रेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राओं ने जूडो में उत्तराखंड और जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल की निहारिका जोशी 36 किग्रा वर्ग और मानसी रावत 70 किग्रा वर्ग ने मणिपुर के इम्फाल में गत माह आयोजित 69वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किए। नैनीताल जूडो एसोसिएशन के सचिव एवं विद्यालय कोच दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों बालिकाओं ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दमखम और तकनीक का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा, विद्यालय की अन्य छात्राएं डिंपल जोशी, अर्चना चौहान और खुशी जोशी ने भी राज्य स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की। इस सफलता ने न केवल छात्राओं के अथक परिश्रम और जज्बे को उजागर किया है। इस मौके पर उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बसंत पांडे, विद्यालय की एमडी सुनीता शर्मा पांडे, प्रधानाचार्य डा. प्रीति सिंह, सांसद अजय भट्ट, विधायक डा. मोहन बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गपाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का आदि लोगों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

## योग सेंटर को बंद करने की मांग, सीएम को ज्ञापन

**हल्द्वानी।** बहुचर्चित ज्योति मेर हत्याकांड के आरोपियों द्वारा संचालित योगा सेंटर को बंद करने की मांग को लेकर पहाड़ी आर्मी के प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को काठगोदाम सर्किट हाउस पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। सीएम को सौंपे गए ज्ञापन में संगठन ने बताया कि 30 जुलाई 2025 को हल्द्वानी के अजय योगा सेंटर में योगा ट्रेनर ज्योति मेर की हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि अजय यदुवंशी और अभय यदुवंशी ने ज्योति मेर की हत्या की और बाद में वह हत्या के आरोप में जेल गए। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने जनता को यह आश्वासन दिया था कि यह योगा सेंटर फिर से नहीं खुलेगा, लेकिन अब वह सेंटर फिर से खुले हुए हैं, जिससे जनता में गहरा आक्रोश उत्पन्न हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि योगा सेंटर को बंद कराया जाए।

## हेड कांस्टेबल बच्ची सिंह जग्गी का निधन

**हल्द्वानी।** पांच महीने पहले कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नत हुए बच्ची सिंह जग्गी (52) का निधन हो गया। वह चम्पावत जिले के तामली थाना में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे और हाल ही में रुद्रपुर स्थित 31 वाहनी पीएसी में ट्रेनिंग ले रहे थे। पुलिस के अनुसार बच्ची सिंह जग्गी बुधवार देर शाम अचानक बीमार हो गए। वह तीन दिन पहले ट्रेनिंग से छुट्टी पर घर आए थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्ची सिंह के तीन बच्चे हैं, और उनकी मौत पर परिवार में शोक की लहर है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारण का पता चलेगा। बच्ची सिंह की मौत के बाद पुलिस विभाग में भी शोक की लहर है। पुलिस का कहना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में मौत के असल कारण का पता चलेगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बेटे का नाम ध्रुव अग्रवाल से बदलकर दानिश अग्रवाल कर दिया है। अब से उसे नए नाम दानिश अग्रवाल से जाना जाएगा। भविष्य में किसी भी वाद या कानूनी विवाद की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी शपथकर्ता की होगी

**निष्ठा अग्रवाल, पत्नी अमित अग्रवाल, 29, सेरेन ग्रीन्स, बंशीवाला, देहरादून**

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मैंने अपना पुराना नाम **मरियम इंशा** (पुराना नाम) से बदलकर **शहाना** (नया नाम) रख लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं

**शहाना पत्नी मोहम्मद ताहिर पता:—मकान नंबर 14, अप्पर बाजार का निचला हिस्सा, वार्ड नंबर:—2, पुनार, रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्डं**

**नीलामी सूचना**

राजकीय प्राथमिक विद्यालय कालसी गेट कालसी देहरादून के निष्प्रयोज्य विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष / सामग्री की खुली नीलामी दिनांक 11.02.2026 बुधवार को विद्यालय प्रांगण में की जाएगीं पंजीकरण प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक जमानत राषि 10,000/— प्रति बोलीदाता के साथ होगां इच्छुक बोलीदाता 1:00 बजे उपस्थित होकर बोली लगाना सुनिश्चित करें नीलामी की समस्त षर्ते मौके पर लागू होगीं

**आज्ञा से**
**प्रधानाध्यापक**
**राजकीय प्राथमिक विद्यालय**
**कालसी गेट, कालसी, देहरादून**

**सार्वजनिक सूचना**

आधार कार्ड में मेरा नाम **मनीष अग्रवाल** दर्ज है। जबकि, कक्षा 10 के प्रमाण-पत्र में **मनीष कुमार अग्रवाल** अंकित है। **मनीष कुमार अग्रवाल** और **मनीष अग्रवाल** दोनों नाम मेरे ही हैं। सभी दस्तावेजों में सही नाम **मनीष अग्रवाल** दर्ज किया जाना है।

**मनीष अग्रवाल** पुत्र **स्व0 महेश कुमार अग्रवाल,**
निवासी- 04 मुखर्जी मार्ग,
ऋषिकेश, जिला देहरादून,
आधार कार्ड नं. 891025054269.

**न्यायालय जिला जज महोदय, पौडी गढवाल**
**प्र०दी०वा० सं०, 187 सन् 2025**
**प्रार्थिनी:—श्रीमती बीना रावत**
**बनाम**
**विपक्षी:—श्री अनुराग रावत आदि**
**नोटिस बनाम:—आम व खास**

**चूकि उपरोक्त प्रार्थिनी ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र मृतक स्व० श्री रबिन्द्र सिंह रावत निवासी हनुमान मन्दिर मार्ग श्रीनगर गढवाल के नाम के डाकघर श्रीनगर में पी.पी.एफ. खाता सं. 8359456071 में जमा रू. 8,23,825.00 व अर्जित ब्याज की रकम को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार का प्रमाण पत्र जारी किये जाने वावतं प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई हेतु दि० 11.03.26 को स्थान पौडी में नियत हैं**

**अत: आपको सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी के प्रार्थना पत्र पर कोई उज्र ऐतराज हो तो उपरोक्त नियत तिथि को स्वयम् या द्वारा अधिवक्ता इस न्यायालय के समक्ष हाजिर आकर प्रस्तुत करें यदि ऐसा करने में चूक की गई तो प्रार्थना पत्र पर एक पक्षीय सुनवाई कर दी जायेगीं**

**आज दि. 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारीं**

**आदेशानुसार**
**जिला जज, पौडी गढवाल**

**कार्यालय— भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तराखण्ड, गंगोत्री भवन, कक्ष सं० 16, जिला कार्यालय परिसर, उत्तरकाशी**

संख्या: 944 / भू०खनि०वि० उ०का० / हॉ०प्ला०—प्र० / 2025—26 दिनांक 05.02.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप चन्द पुत्र श्री अलेल चन्द, ग्राम मल्ली पटटी गमरी तहसील चिन्यालीसौड, जनपद उत्तरकाशी द्वारा ग्राम मल्ली, पट्टी गमरी, तहसील चिन्यालीसौड क्षेत्रान्तर्गत खसरा संख्या 2389 2390, 2417, 2422, 2423, 2428, 2429, 2430, 2431. 2432, कुल रकवा 0.472है० नाप भूमि पर हॉटमिक्स प्लान्ट स्थापित / संचालित किये जाने हेतु कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, जनपद उत्तरकाशी में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं

इस सम्बन्ध में यदि किसी स्थानीय व्यक्ति / संस्था / विभाग आदि जो प्रस्तावित प्लान्ट की निधर्धारित दूरी के अन्तर्गत आते हों तथा उपरोक्त हॉट मेक्स प्लान्ट एवं प्लान्ट परिसर की स्थापना / संचालन से प्रभावित हों अथवा उन्हें कोई आपत्ति हो, तो वे अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्तर्गत कार्यालय जिलाधिकारी अथवा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, गंगोत्री भवन, कक्ष सं० 16, जिला कार्यालय परिसर, उत्तरकाशी के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं

**(प्रदीप)**
**सहायक भूवैज्ञानिक /**
**प्र.खान अधिकारी, उत्तरकाशी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् डोईवाला, जनपद देहरादून**

पत्रांक 1341 / ई—निविदा / 2025—26 दिनांक 05.02.2025

**ई—निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद डोईवाला (देहरादून) द्वारा गठित आर०एफ०पी० एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली—2025 मे दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत Selection of successful bidder for Door-to-Door Waste Collection & Transportation (Primary & Secondary) and Operation of Existing MRF Plant for Processing and Disposal of waste for Nagar Palika Parishad Doiwala कार्य हेतु ई—निविदा वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं निविदा की Key-Dates निम्न प्रकार है—

| S. No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online Publication | 09.02.2026 | 10:00 |
| 2. | Documents Download Start Date | 09.02.2026 | 11:00 |
| 3. | Pre bid meeting | 12.02.2026 | 11:00 |
| 4 | Bid Submission Start Date | 14.02.2026 | 14:00 |
| 5. | Bid Submission End Date | 23.02.2026 | 17:00 |
| 6. | Original Copy of Document submission End Date. | 25.02.2026 | 16:00 |
| 7. | Bid opening date | 20.02.2026 | 15:00 |
| 8 | Financial bid opening date | Date and time will be communicated to Technical Qualified Bidders | |

**(एम.एल.षाह)** **अधिषासी अभियन्ता** **नगर पालिका परिशद् डोईवाला**

**(नरेन्द्र सिंह नेगी)** **अध्यक्ष** **नगर पालिका परिशद् डोईवाला**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् डोईवाला, देहरादून**

पत्रांक : 1340 / नि.सा. / 2025—26 दिनांक : 05.02.2026

**निष्प्रयोज्य सामग्री नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् डोईवाला में विभिन्न प्रकार की निष्प्रयोज्य सामग्रियों जो विभिन्न स्थलो पर एवं स्टोर में पडी है, की नीलामी करने का बोर्ड प्रस्ताव पारित किया गया हैं पारित प्रस्ताव के अनुपालन में कार्यालय द्वारा पुनः दिनांक 13.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी की दरें सीलबन्द लिफाफों में आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन दोपहर 2:00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोले जायेंगें कार्यालय की गठित समिति द्वारा निष्प्रयोज्य सामग्रियों का मूल्य रू. 4,70,750/— निर्धारित किया गया हैं इच्छुक व्यक्ति / फर्म / ऐजेन्सी उपरोक्त दिनांक को नीलामी में निम्नानुसार प्रतिभाग कर सकता हैं प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति / फर्म / ऐजेन्सी को जमानत धनराशि के रूप रु० 10,000/— की एफ०डी०आर० / डिमान्ड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् डोईवाला के नाम से बन्धक हो के साथ बोलीदाता को अपना पेन कार्ड, आधार कार्ड बोली की धनराशि अंको व शब्दों मे स्पष्ट लिखावट सहित देनी होगीं उत्तानुसार सीलबन्द लिफाफा निर्धारित समय तक पालिका कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स मे डालना होगां शर्ते एवं सामग्री का विवरण कार्यालय मे किसी भी कार्यदिवस में ज्ञात किया जा सकता हैं

**(एम०एल० शाह)** **अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद् डोईवाला**

**(नरेन्द्र सिंह नेगी)** **अध्यक्ष** **नगर पालिका परिषद् डोईवाला**

पावरग्रिड POWERGRID

**सूचना**

1. उपरोक्त नामित याचिकाकर्ता ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष याचिका—1: परिसंपत्ति: "उत्तरी क्षेत्र में 400/220/66केवी बवाना (डीटीएल) सबस्टेशन स्कीम पर 400/220केवी, 315 एमवीए आईसीटी—3 को 400/220केवी, 500 एमवीए आईसीटी के साथ बदलने" के अधीन 400/220/66केवी बवाना (डीटीएल) सबस्टेशन पर 400/220केवी, 500 एमवीए आईसीटी के लिए 2024—29 टैरिफ ब्लॉक हेतु ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण के लिए एक याचिका दायर की है।
2. ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (ङ) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (च) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ट) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ठ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ड) उत्तर मध्य रेलवे (ढ) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (ण) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (त) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (थ) दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड।

| विवरण | परिसंपत्ति—1 |
|---|---|
| परियोजना की स्वीकृत पूंजी लागत (लाख रुपये में) (एफआर) | 3016.00 |
| पूंजी लागत को मंजूरी देने वाला प्राधिकरण | सीएमडी द्वारा स्वीकृत |
| वाणिज्यिक परिचालन की निर्धारित तिथि | 21.09.2025 |
| वाणिज्यिक परिचालन की वास्तविक तिथि | 04.11.2025 (वास्तविक) |
| परिसंपत्ति पर पूंजी लागत (लाख रुपये में) | 3268.56 |

3. 2019—24 ब्लॉक और 2024—29 ब्लॉक के लिए टैरिफ का विवरण:

| परिसंपत्ति | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति—1 | 0.00 | 136.91 | 556.48 | 603.59 | 627.00 |

4. टैरिफ के निर्धारण के लिए दायर याचिका की एक प्रति वेबसाइट www.powergrid.in पर प्रकाशित की गई है।
5. याचिका में टैरिफ निर्धारित करने के प्रस्तावों पर कोई भी सुझाव और आपत्तियां, अगर कोई हों, तो कोई भी व्यक्ति जिसमें लाभार्थी भी शामिल है इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को एक प्रति के साथ आयोग के ई—फाइलिंग पोर्टल के ज़रिए दाखिल कर सकता है।

स्थान: गुड़गांव
तिथि: 06.02.2026

ज़फरुल हसन
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

PG/CC/NOTICE-81/Advt-101/2025-26/Quantum

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय : बी—9, कुतुब इंडस्ट्रियल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली—110016
केन्द्रीय कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर—29, गुरुग्राम, हरियाणा — 122 001
वेबसाइट: www.powergrid.in, सी.आई.एन.: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

AXIS BANK LTD.

**गिरवी रखी गई संपत्तियों, जिनमें सोने के आभूषण शामिल हैं, की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

उधारकर्ताओं को, विशेष रूप से और आम जनता को, यह सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित की जाएगी। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं ने बैंक के पक्ष में सोने के आभूषणों को गिरवी रखकर ('स्वर्ण ऋण सुविधा') एक्सिस बैंक लिमिटेड से ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। ऋण लेने वालों/गारंटरों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उनसे लिए गए स्वर्ण ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। चूंकि ऋण लेने वाले/गारंटर बकाया ऋण राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए बैंक को गिरवी का उपयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है और उसने गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है, जिसका विवरण नीचे दी गई संपत्ति की अनुसूची में दिया गया है। यह नीलामी 16.02.2026 को दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक 'जैसा है, जहां है', 'जैसा है वैसा ही', 'जो कुछ भी उपलब्ध है' और 'कोई सहारा नहीं' के आधार पर होगी।

**उधारकर्ताओं का विवरण और बकाया राशि**

| क्र0 सं0 | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि (रुपये में) | वापसी सूचना की तिथि | सकल भार | शुद्ध भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शाखा: बाजपुर (यूटी) | | | | | |
| 1 | मनमीत कौर | XXXXXXXXXXX1285 | ₹ 8,09,329.17 | 16-11-2025 | 136.700 | 127.700 |
| 2 | गुरसेवक सिंह | XXXXXXXXXXX7916 | ₹ 4,95,103.00 | 19-12-2025 | 87.700 | 84.000 |
| 3 | कुवरा | XXXXXXXXXXX2213 | ₹ 3,47,248.00 | 16-11-2025 | 67.600 | 64.200 |
| 4 | मोहम्मद आसिम | XXXXXXXXXXX6548 | ₹ 2,38,790.61 | 27-10-2025 | 44.900 | 42.200 |
| 5 | नादिर हुसैन | XXXXXXXXXXX4698 | ₹ 2,12,671.60 | 10-01-2026 | 46.400 | 43.500 |
| 6 | अफ़सर | XXXXXXXXXXX6330 | ₹ 1,45,235.00 | 06-11-2025 | 26.800 | 26.200 |
| 7 | मोहम्मद आसिम | XXXXXXXXXXX6038 | ₹ 1,03,424.00 | 10-12-2025 | 28.400 | 24.400 |
| | शाखा: देहरादून (यूटी) | | | | | |
| 8 | रॉबिन बेसनेट | XXXXXXXXXXX1697 | ₹ 12,55,600.00 | 25-11-2025 | 214.300 | 210.600 |
| | शाखा: गंगूवाला, उधा जेएसपी यूटी | | | | | |
| 9 | ममता रानी | XXXXXXXXXXX4654 | ₹ 7,68,638.34 | 01-11-2025 | 180.300 | 177.300 |
| | शाखा: जीएमएस रोड, देहरादून (यूटी) | | | | | |
| 10 | प्रशांत शर्मा | XXXXXXXXXXX8521 | ₹ 10,98,189.27 | 16-11-2025 | 182.620 | 175.510 |
| 11 | साकिब अंसारी | XXXXXXXXXXX4464 | ₹ 67,571.00 | 16-11-2025 | 10.340 | 10.000 |
| | शाखा: हरिद्वार (यूटी) | | | | | |
| 12 | खलील | XXXXXXXXXXX6793 | ₹ 2,11,131.22 | 16-06-2025 | 48.400 | 45.700 |
| 13 | रश्मी सिंह | XXXXXXXXXXX6248 | ₹ 1,23,421.00 | 10-12-2025 | 20.200 | 19.400 |
| 14 | रणवीर सिंह | XXXXXXXXXXX8591 | ₹ 72,192.00 | 27-10-2025 | 14.400 | 13.700 |
| | शाखा: काशीपुर (यूटी) | | | | | |
| 15 | याकूब | XXXXXXXXXXX7135 | ₹ 2,60,729.00 | 06-11-2025 | 50.300 | 48.800 |
| 16 | नूर हसन | XXXXXXXXXXX1452 | ₹ 2,31,179.00 | 16-11-2025 | 44.500 | 43.000 |
| 17 | विपिन कुमार | XXXXXXXXXXX5637 | ₹ 1,39,444.00 | 31-07-2025 | 27.200 | 26.500 |
| | शाखा: खटीमा, जिला केटीएम (यूटी) | | | | | |
| 18 | मोहम्मद जाहिद अंसारी | XXXXXXXXXXX5044 | ₹ 3,34,070.00 | 27-10-2025 | 54.900 | 52.900 |
| | शाखा: माखनपुर, महमो हर (यूटी) | | | | | |
| 19 | आमिल अली | XXXXXXXXXXX9126 | ₹ 1,56,245.00 | 10-01-2026 | 104.800 | 102.200 |
| | शाखा: पडरा (यूटा) | | | | | |
| 20 | मोहम्मद इमरान | XXXXXXXXXXX8351 | ₹ 2,43,999.00 | 19-12-2025 | 50.400 | 48.900 |
| 21 | मो साजिद | XXXXXXXXXXX0763 | ₹ 1,04,212.86 | 10-12-2025 | 17.400 | 16.800 |
| 22 | मोहम्मद इमरान | XXXXXXXXXXX0327 | ₹ 80,023.00 | 10-12-2025 | 50.400 | 48.900 |
| 23 | अमित कुमार | XXXXXXXXXXX2087 | ₹ 79,113.50 | 10-12-2025 | 10.100 | 9.800 |
| | शाखा: रुद्रपुर (यूटी) | | | | | |
| 24 | दिनेश कुमार | XXXXXXXXXXX1889 | ₹ 1,35,523.00 | 19-12-2025 | 21.500 | 20.300 |
| 25 | सोनिया साहनी | XXXXXXXXXXX5261 | ₹ 65,842.00 | 10-01-2026 | 12.200 | 11.500 |
| | शाखा: शिवलालपुर पांड नई (यूटी) | | | | | |
| 26 | सतविंदर सिंह कहलों | XXXXXXXXXXX2640 | ₹ 6,65,358.00 | 27-09-2025 | 459.330 | 442.990 |

**एक्सिस बैंक लिमिटेड** बिना किसी पूर्व सूचना के खाता बंद करने/नीलामी की तिथि बदलने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाइन **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** पर दोपहर **12:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे** के बीच आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, पया दी गई वेबसाइट **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** पर लॉग इन करें।
स्थान: उत्तराखंड, दिनांक: 06.02.2026 एसडी/- अधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बुधवार देर शाम एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार रामनगर के ग्राम पीरुमदारा के समीप साईं मंदिर के पास किराए के मकान में रहने वाले लेखराज के 21 वर्षीय पुत्र निशांत ने घर के अंदर पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।जब परिजन घर लौटे तो युवक को इस अवस्था में देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक के पिता लेखराज ने बताया कि उनका पुत्र नशे का आदी था। उन्होंने कई बार उसे नशे से दूर रहने को कहा लेकिन वह नहीं माना। परिजनों के अनुसार, इसी कारण घर में अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती थी। फिलहाल पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है और युवक द्वारा उठाए गए कदम के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।मृतक मूलरूप से बनियानला अफजलगढ़ जिला बिजनौर का रहने वाला था।वह मजदूरी करने का काम करता था।

# कहर बनकर पलटा भूसे का ट्रॉला

## कार चालक की मौके पर मौत, पत्नी व दो बच्चों के सिर से उठा सहारा

■ तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग बनी हादसे की वजह





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेशनल हाईवे-74 पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के समीप तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक लोड़ भूसे से भरा ट्रॉला अचानक अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे ग्राम कनौरा निवासी 30 वर्षीय नाजिम पुत्र आबिद हुसैन कार से कहीं जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वह दोराहा चौकी में तैनात एसआई सुनील कुमार की कार धुलवाने के लिए ले जा रहा था। इसी दौरान रुद्रपुर की ओर से दोराहा की तरफ आ रहा भूसे से लदा ट्रॉला मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के पास अचानक असंतुलित होकर कार के ऊपर पलट गया। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि नाजिम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल बाजपुर में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। नाजिम तीन भाइयों में बीच का था। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर दोराहा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं सीओ विभव सैनी, कोतवाल नरेश चौहान पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रॉला अत्यधिक ओवरलोड था। जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। लोगों ने ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

**एक नजर**

# दिनेश गुरुरानी का पौधारोपण अभियान 570 वें दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पौधारोपण अभियान के 570वें दिन विद्यालयों को पौधारोपण से जोड़ने के कार्यक्रम 'मेरा पौधा मेरा परिवार' के तहत आज डीडीहाट के प्राथमिक विद्यालय कुनिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेतार और राजकीय इंटर कॉलेज दूनाकोट में छात्र-छात्राओं व गुरुजनों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। साथ ही परिसर में पौधारोपण किया।



उद्यान विभाग डीडीहाट के सौजन्य से पूलम व आड़ू के दो पौधे प्रत्येक छात्र-छात्रा व गुरुजनों को दिए गए। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि 200 पौधों का वितरण किया गया। प्रत्येक छात्र-छात्रा इन पौधों को अपने घरों के परिसर में लगाएंगे व वृक्ष बनने तक इनका संरक्षण करेंगे। दिनेश गुरु रानी की इस मुहीम का सभी ने स्वागत किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुनिया के प्रधानाचार्य बलदेव प्रसाद, सहायक अध्यापक बलवंत सिंह कन्याल, भोजन माता बसंती चौहान ,राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेतार की सहायक अध्यापक नूतन खोलिया, हरपाल सिंह चौहान उपस्थित रहे।

राजकीय इंटर कॉलेज दूनाकोट में विद्यालय परिवार ने पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे दिनेश गुरु रानी का स्मृति चिन्ह व बुके देकर स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य निशा टोलिया ने कहा कि दिनेश गुरु रानी द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उद्यान विभाग के मनोज भट्ट , सहायक अध्यापक महेश चंद्र पाटनी ,चंद्र प्रकाश, पूरन उपाध्याय, संजय जोशी, सुरेंद्र सिंह ,रजनी, पूजा देउपा, दीपिका पानू, सलमा परवीन, सुनीता रावत ,भावना धामी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी के विद्यार्थियों का गणतंत्र दिवस परेड (दिल्ली) में प्रतिभाग करने के पश्चात विद्यालय लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का पल रहा। 78 यूके बटालियन एनसीसी, हल्द्वानी सब यूनिट के कैडेट अदिति थ्वाल, कैडेट हर्ष पालिवाल एवं कैडेट मनीषा उपाध्याय प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) सफलतापूर्वक पूर्ण कर विद्यालय लौटे। विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति, सम्मानित पूर्व सैनिकों तथा समस्त शिक्षकों द्वारा पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया। वहीं परिवार द्वारा कैडेट्स व उनके अभिभावकों को स्मृति चिह्न भी प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चन्द्र भट्ट ने कहा कि कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण एवं इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिवार को अत्यंत गर्व है। जिसने विद्यालय एवं संस्था का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट , प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, एनसीसी लेफ्टिनेंट दिगंबर भट्ट , सेकंड ऑफिसर कविता सामंत, डीआई महेश कलौनी, विशन सिंह कन्याल व समस्त विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# पर्यटकों के मोबाइलों पर लगाया प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट पार्क में गुरुवार को पर्यटकों के मोबाइलों को प्रतिबंध करने की तैयारियां पिछले एक सप्ताह से चल रही थी। बताया कि वन्यजीवों के दिखने पर पर्यटकों के फोटो खींचने के लिए करीब जाने व बाघ के दिखने पर दूसरे पर्यटकों को मोबाइल से जानकारी देने के कई मामले सामने आए थे। उन्होंने बताया कि बिजरानी, ढेला, झिरना, गर्जिया, ढिकाला, दुगादेवी आदि के प्रवेश द्वार पर अधिक लॉकर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि डे विजिट में जंगल सफारी करने वाले पर्यटक प्रवेश द्वार पर बनाए गए लॉकर में मोबाइल रखकर चाबी अपने साथ ले जाएंगे। जबकि रात्रि विश्राम के लिए जाने वाले पर्यटकों के मोबाइल को लकड़ी के बॉक्स में प्रवेश द्वार पर ही रखकर लॉक किया जाएगा।

# डीएम का सख्त एक्शन: अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार

■ डीएम भटगांई का शासकीय कार्यालयों में औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में शासकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं स्वच्छता व्यवस्था को परखने हेतु जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनेक कार्यालयों में अव्यवस्थाएं एवं अनियमितताएं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया गया, जहां कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की कमी, कई कार्मिकों के टेबल पर नाम पट्टिकाएं न होना तथा कुछ कार्मिकों का बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाया जाना सामने आया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों से स्पष्टीकरण तलब करने एवं उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला होमगार्ड कार्यालय के निरीक्षण में भी इसी प्रकार की कमियां पाई गईं। कार्मिकों के टेबल पर नाम पट्टिकाएं न होना, साफ-सफाई का अभाव एवं कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तत्पश्चात पशुपालन विभाग कार्यालय के निरीक्षण में नाम पट्टिकाओं का अभाव, साफ-सफाई की कमी तथा शिकायत पेटी में ताला न होना जैसी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जिलाधिकारी ने शिकायत निवारण व्यवस्था को पारदर्शी, सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला होमगार्ड कार्यालय एवं जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय के मध्य स्थित गली में कूड़ा-कचरा एवं सीढ़ियों में अत्यधिक धूल पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को शासन की ई-ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत अनिवार्य रूप से कार्य संपादन करने, प्रत्येक कार्मिक के टेबल पर नाम पट्टिका लगाने, अलमारियों पर सूची पट्टिका चस्पा करने, बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने, पंजिकाओं का नियमित संधारण करने तथा कार्यालयों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं अव्यवस्था किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

# राहुल गांधी के बयान के विरोध में पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर दिए गए बयान, जिसमें उन्होंने उन्हें गद्दार कहा, के विरोध में बाजपुर ग्रामीण मंडल में जोरदार आक्रोश देखने को मिला।

इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष कनु जोशी के नेतृत्व में गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान मंडल महामंत्री वीरेंद्र बिष्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पू रावत, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जाफर अली, महिला मोर्चा से जीत कौर, सरदार दलीप सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह, अक्षय शर्मा, सरदार बलदेव सिंह, सरदार अमरजीत सिंह रंधावा, कोमल सैनी एवं राजेंद्र सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के बयान को निंदनीय और देशविरोधी मानसिकता का परिचायक बताते हुए कहा कि इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान राष्ट्रहित में स्वीकार्य नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार के बयान दिए गए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# किसानों को सरकार हल्के में न ले: विक्की रंधावा

■ समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो होगा आंदोलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुगर फैक्ट्री पर गन्ने के बकाया भुगतान, धान का लंबित भुगतान,पंजाब की तर्ज पर ट्यूबवेल बिजली बिल माफ करने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर आक्रोशित किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के नेतृत्व में गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में कर्मचारी संदीप चौहान को दिया गया।

भाकियू के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा ने कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों की समस्याओं को हल्के में न लें। किसानों की जो भी समस्याएं हैं, उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार किसानों को गन्ने का मूल्य 485 रुपये प्रति कुंतल दे रही है, जबकि उत्तराखंड में किसानों को मात्र 405 रुपये प्रति कुंतल का भुगतान किया जा रहा है। यदि सरकार गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल नहीं करती है तो उत्तराखंड में किसान गन्ने की बुवाई नहीं करेंगे, जिसका सीधा असर चीनी मिलों पर पड़ेगा और मिलें बंद होने की कगार पर पहुंच सकती हैं। किसान नेता बिजेंद्र डोगरा ने कहा कि आरएफसी द्वारा वर्ष 2025 के धान का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं और अग्रिम खेती कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ग-5 की भूमि को सरकार द्वारा बंजर घोषित कर दिया गया है, जबकि किसान पिछले 70 वर्षों से उक्त भूमि पर काबिज होकर खेती करते आ रहे हैं। ऐसे किसानों को भूमिधर अधिकार दिए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पहले सरकार द्वारा राइस मिलों को 45 राइस चावल दिया जाता था, जिसे अब बंद कर दिया गया है, जिससे राइस मिल स्वामियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार जल्द 45 राइस चावल उपलब्ध कराए। किसान नेता प्रताप सिंह संधू ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा बाजपुर क्षेत्र के 20 गांवों की भूमि की खरीद-फरोख्त पर लगाया गया प्रतिबंध तत्काल हटाया जाए। किसान पिछले पांच वर्षों से इस मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। प्रतिबंध के कारण इन गांवों में रहने और खेती करने वाले लोग भयभीत और असमंजस की स्थिति में हैं। किसान नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे और यह आंदोलन आर-पार की लड़ाई होगा।

इस मौके पर हरप्रीत सिंह निज्जर, संदीप सिंह, नरेंद्रजीत सिंह, गगन सरना, प्रिंस ढिल्लों, हरपिंदर सिंह, राजू समरा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# शासन-प्रशासन के दबाव में मतगणना रोककर मतपेटियों को सीज करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** व्यापार मंडल चुनाव में बुधवार को शांतिपूर्ण चुनाव के बाद शाम को मतगणना के दौरान बीजेपी और कांग्रेस आमने-सामने आ गए। और जमकर बवाल काटा तथा हंगामा किया। वहीं एक दूसरे के खिलाफ जमकर नारे भी की गई। यह सिलसिला देर रात तक चला रहा। उसके बाद खटीमा एसडीएम तुषार सैनी, विधायक भुवन कापड़ी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, कोतवाल विजेंद्र शाह मौके पर पहुंचे। जहां प्रशासन ने कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था को बनाए रखने की बात कहते हुए मतगणना को रोककर मत पेटियों को सीज का सुरक्षित रखवा दिया।

इधर मतगणना के दौरान हुए घमासान को लेकर खटीमा विधायक व उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मतगणना के दौरान कांग्रेस के समर्थित प्रत्याशी अमन अरोड़ा की एक तरफा जीत को देखते हुए बौखलाए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौके पर जमकर हंगामा काटा और बवाल किया तथा

■ कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी की एक तरफा जीत से बौखलाए भाजपाइयों ने काटा हंगामा: कापड़ी

शासन प्रशासन से दबाव बनवाकर मतगणना को रोक कर मत पेटियों को सीज करा दिया, जबकि व्यापार मंडल चुनाव समिति और सभी व्यापारी मतगणना कराना चाहते थे। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि निष्पक्ष मतगणना कराकर जल्द से जल्द चुनाव परिणाम घोषित करें।

वही कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमन अरोड़ा ने भावुक होते हुए आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण मतदान हुआ, लेकिन मतगणना में बाहरी लोगों ने आकर मतगणना को प्रभावित किया, हंगामा काटा और गाली गलौज की। उन्होंने कहा कि मैने व्यापारियों के लिए हमेशा संघर्ष किया है, इसलिए व्यापारियों ने मुझे चुना है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द मतगणना कराकर चुनाव परिणाम घोषित करने की मांग की। इस मौके पर अमन अरोड़ा, बॉबी राठौर, मेहदी हसन तथा गुलफाम आढ़ती आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर में प्राथमिक कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के चौथे दिन राजकीय प्राथमिक विद्यालय, नौगवांठग्गू में एक महत्वपूर्ण प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला द्वारा किया गया।

यह कार्यशाला लायंस क्लब सिटी खटीमा, रेड क्रॉस सोसाइटी तथा एनसीसी के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यशाला में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विमल कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स एवं ग्रामीण जनों को प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेष रूप से सीपीआर की विधि को मॉडल के माध्यम से प्रयोगात्मक रूप में समझाया तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले जीवन रक्षक उपायों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर लायन विवेक अग्रवाल ने कहा कि समाज में इस प्रकार की जीवनरक्षक कार्यशालाएँ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब सिटी खटीमा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम प्रधान राखी राणा, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विमल कुमार, कार्यक्रम अधिकारी विवेक जोशी, प्रधानाचार्य संतोष कुमार तथा एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला को लायंस क्लब सिटी खटीमा द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय पंत, भैरव दत्त भट्ट, विवेक जोशी, नरेंद्र सिंह रौतेला, सचिन लायन, विवेक अग्रवाल, इकबाल, संदीप अग्रवाल, नरेंद्र डिगारी, महेंद्र धामी, मेवा राम, डॉ. बी.डी. पंत, रमेश लाल, राखी राणा, ममता फर्त्याल, सुरेश शर्मा, आलोक सिंह, डी.एस. राणा, हरीश सिंह, उमेद सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** बीआरसी लोहाघाट में आयोजित ज्ञान, बुद्धि, तत्परता एवं सम सामयिक विषयों पर आधारित विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं इस बात का प्रमाण हैं कि यदि सही मंच और सही दिशा मिले तो ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्र के विद्यार्थी भी किसी से कम नहीं।

खंड शिक्षा अधिकारी लोहाघाट घनश्याम भट्ट एवं मुख्य संयोजक भगवान जोशी के दिशा निर्देशन एवं शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के संचालन में सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी स्तर के छात्रों ने क्विज, भाषण, और वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों और निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में छात्रों की त्वरित सोच, सूझबूझ और टीम भावना साफ झलकती रही। समापन सत्र में मुख्य अतिथि व्यापार संघ अध्यक्ष मनीष जुकरिया, उपाध्यक्ष दानू सुतेड़ी, प्रधानाचार्य श्याम दत्त चौबे ने विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। भाषण प्रतियोगिता में राउमावि खूनाबोरा, वाद विवाद में राबाइका लोहाघाट तथा क्विज प्रतियोगिता में राईका लोहाघाट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सह संयोजक नवीन राम,जीवन राय, सीमा धामी आदि ने विशेष सहयोग दिया।



# पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बना चंपावत

■ 'फिरुल ब्रिकेट' यूनिट से जंगल सुरक्षित और महिलाओं को रोजगार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिले को मॉडल जिला बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिकल्पना अब धरातल पर साकार होती दिख रही है। पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में जिले ने एक नई पहचान बनाई है।

उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकोस्ट) को नोडल एजेंसी बनाकर भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) के सहयोग से लधियाघाटी के भिगराड़ा गांव में स्थापित फिरुल ब्रिकेट मार्केटिंग यूनिट ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस ट्रायल यूनिट की सफलता को देखते हुए अब जिले में दो नए स्थानों पर ऐसी ही यूनिट स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसके लिए आईआईपी द्वारा सर्वे कार्य आरंभ कर दिया गया है। आईआईपी के वैज्ञानिक डॉ. पंकज आर्या के अनुसार इस यूनिट में प्रतिदिन लगभग 10 कुंतल ब्रिकेट उत्पादन की क्षमता है। इससे 15 किलोमीटर के दायरे में जंगलों में आग की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी है।

फिरुल (चीड़ की सूखी पत्तियां) के संग्रह मूल्य में शासन द्वारा की गई बढ़ोतरी से ग्रामीणों की आय में भी इजाफा हुआ है। भिगराड़ा की ग्राम प्रधान गीता भट्ट के नेतृत्व में करीब 80 महिलाओं को इस परियोजना से सीधा रोजगार मिल रहा है। यही कारण है कि राष्ट्रीय स्तर पर किए गए सर्वेक्षण में इस अभिनव परियोजना को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'स्कॉच अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। महिलाओं के रोजगार और स्किल डेवलपमेंट में जुटी एपीडी बिम्मी जोशी ने कहा कि फिरुल ब्रिकेट का कारोबार ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन रहा है। डॉ. पंकज आर्य ने जानकारी दी कि जल्द ही रुद्रप्रयाग, पौड़ी, अल्मोड़ा और बागेश्वर जिलों में भी फिरुल ब्रिकेट निर्माण की यूनिटें स्थापित की जा रही हैं।

# ध्वस्तीकरण आदेश से सहमे कॉलोनी के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भूररानी स्थित श्री श्याम होम कॉलोनी के निवासियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि बिल्डर ने जानबूझकर विवादित भूमि पर निर्माण कराकर उन्हें मकान बेच दिए, जिसके कारण अब उनके घरों पर ध्वस्तीकरण का खतरा मंडरा रहा है।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि आरएएन स्कूल रोड के निकट पुखराज कॉलोनी के पास स्थित श्री श्याम होम कॉलोनी में लगभग 85 आवासीय भवन और एक खाली प्लॉट है। नियमानुसार दाखिल खारिज के बाद कई लोगों ने बैंक ऋण लेकर वर्ष 2019 के बाद से यहां रहना शुरू किया।बिल्डर ने भूमि को विवाद रहित बताया था, लेकिन 20 अगस्त 2025 को न्यायालय के आदेश पर ध्वस्तीकरण नोटिस चस्पा कर दिया गया। बताया कि वर्ष 2024 में वास्तविक भूमि स्वामी राजू रस्तोगी, बिल्डर और पीड़ितों के बीच 51 लाख रुपये का समझौता हुआ था, जिसमें से 24 लाख रुपये अभी शेष हैं। राशि जमा न होने पर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया दोबारा शुरू हो सकती है। फिलहाल मानवीय आधार पर कार्रवाई फरवरी 2026 तक स्थगित की गई है। निवासियों ने जिलाधिकारी से बिल्डर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, समझौते का तत्काल अनुपालन और ध्वस्तीकरण आदेश पर स्थायी रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में अंजू, संध्या कुमारी, अंशु देवी, चरणजीत कौर, सुधा शुक्ला, सुमन, धरमपाल, प्रदीप ठाकुर, दशमेश कौर, क्रिस्टीना अंजली आदि लोग शामिल रहे।

### केएलडीएवी शिक्षण संस्थान से मनोज सैनी के रिटायरमेंट के बाद

# सुरेश कुमार राय बने इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** केएल डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधान आचार्य पद से मनोज कुमार सैनी के रिटायरमेंट के बाद अब प्रबंधन ने वरिष्ठ अध्यापक सुरेश कुमार राय को प्रधानाचार्य पद की जिम्मेदारी सौंप दी है ।

प्रधानाचार्य पद की अहम जिम्मेदारी मिलने पर सुरेश कुमार राय ने प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो प्रबंधन द्वारा प्रधानाचार्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है वह उसे पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी से निभाएंगे व अपने कॉलेज का शैक्षिक माहौल और बेहतर करनेशिक्षा के स्तर को और सुधारने के लिए अपनी हर कोशिश करेंगे और ईमानदारी जिम्मेदारी के साथ शिक्षा के स्तर को और ऊंचा करने व कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को



अनुशासित .करने के साथ छात्र व संस्थान हित में काम करने के लिए भी लगातार काम करेंगे। अवगत करादे कि कन्हैया लाल डी.ए.वी.इंटर कॉलेज,रुड़की में संस्था के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सैनी ने अपनी शैक्षिक अधिवर्षता पूर्ण कर विगत 31 जनवरी 2025 को सेवा निवृत्ति ग्रहण की। तदुपरांत अभिषेक शुक्ला (प्रबंध संचालक) द्वारा संस्था के वरिष्ठतम प्रवक्ता सुरेश कुमार राय को कन्हैया लाल डी.ए.वी. इंटर कॉलेज,रुड़की का नया प्रधानाचार्य नियुक्त करते हुए पदभार ग्रहण कराया गया। नवनियुक्त प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय द्वारा सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक स्वर्गीय राय साहब कन्हैया लाल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा नवनियुक्त प्रधानाचार्य का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मान एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेश कुमार राय (प्रधानाचार्य) ने संस्था के विकास एवं छात्र हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

**❖संस्थान व छात्र हित में ईमानदारी व जिम्मेदारी से करूंगा काम : राय**

# इमलीखेड़ा नगर पंचायत ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाया

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत इमलीखेड़ा के वार्ड नंबर दो गुम्मावाला में नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को नगर पंचायत प्रशासन ने हटवा दिया। सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। इमलीखेड़ा नगर पंचायत की ईओ मंजू चौहान ने बताया कि क्षेत्र के ही एक व्यक्ति ने नगर पंचायत की करीब 17 बीघा भूमि पर पिछले लगभग आठ सालों से अवैध कब्जा किया हुआ था।इस भूमि पर फिहलाल आम का बाग है। नगर पंचायत की ओर से कई बार संबंधित व्यक्ति को भूमि खाली करने के लिए कहा गया था।लेकिन कब्जा नही हटाया गया। इसके बाद नगर पंचायत ने लेखपाल को मौके पर बुलाकर भूमि की पैमाइश कराई। पैमाइश के बाद पुलिस बल की मौजूदगी में नगर पंचायत अधिकारियों ने ट्रैक्टर चलवाकर अवैध कब्जा हटवाया और भूमि को कब्जा मुक्त कराया। ईओ मंजू चौहान ने बताया कि नगर पंचायत की सरकारी संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नही किया जाएगा। आगे भी नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी भूमि की पर अभियान जारी रहेगा।इस मौके पर इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी सहजाद अली, सभासद रोशनलाल ,साहब सिंह ,मनोज कुमार,आकाश सैनी,शुभम सैनी, शीशपाल आदि मौजूद रहें।

### एसएसपी ने थाने-कोतवालियों में किया फेरबदल

# प्रदीप विष्ट सिविल लाइन व मनीष भूषण को गंगनहर कोतवाली की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार कुल 15 पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान तैनाती स्थल से स्थानांतरित किया गया है। आदेश के तहत पुलिस लाइन, कोतवाली, थाना और विशेष शाखाओं में तैनात अधिकारियों को नए दायित्व सौंपे गए हैं। कई अधिकारियों को कोतवाली प्रभारी, थाना प्रभारी एवं विशेष शाखाओं में नियुक्त किया गया है।

**❖इंस्पेक्टर प्रवीण कोश्यारी लक्सर व राजीव रौथाण बने भगवानपुर के कोतवाल**

तबादला सूची के अनुसार प्रमुख बदलाव इस प्रकार हैं-निरीक्षक प्रवीण काश्यारी को पुलिस लाइन से कोतवाली लक्सर का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक राजीव रौथाण को कोतवाली लक्सर से कोतवाली भगवानपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। निरीक्षक मणि भूषण श्रीवास्तव को शाखा पुलिस कार्यालय से कोतवाली गंगनहर का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक मनोहर भंडारी को कोतवाली गंगनहर से थाना श्यामपुर की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक शांति कुमार को कोतवाली रानीपुर से शाखा पुखरियाल भेजा गया है। निरीक्षक मनीष उपाध्याय को कोतवाली रुड़की से वाचक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय हरिद्वार नियुक्त किया गया है। निरीक्षक प्रदीप बिष्ट को सीआईयू रुड़की से कोतवाली रुड़की का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत को वाचक कार्यालय से थाना कनखल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उपनिरीक्षक मनोज शर्मा को थाना श्यामपुर से पुलिस कार्यालय भेजा गया है। निरीक्षक दिगपाल कोहली को पीआरओ कार्यालय से थाना खानपुर का प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राठी को थाना खानपुर से शाखा पुलिस स्थानांतरित किया गया है। निरीक्षक विजय सिंह को सीसीटीएनएस/ट्रांजिट सेल से थाना बहादराबाद का प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक अंकुर शर्मा को थाना बहादराबाद से थाना भगवानपुर भेजा गया है। उपनिरीक्षक मनोहर सिंह रावत को थाना कनखल से शाखा पुखरियाल तैनात किया गया है। निरीक्षक आशुतोष राणा को फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन एंड क्राइम सेल से कोतवाली रानीपुर का प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर अनुपालन रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

### बीएसएम पीजी कॉलेज की एंट्री ड्रग सेल समिति ने

# छात्र-छात्राओं को किया नशे के प्रति जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम (पीजी) कॉलेज महाविद्यालय में एंटी ड्रग सेल समिति के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे से बचाव के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर जन जागरूकता बढ़ाने और नशे की समस्या की जड़ से समाप्ति पर जोर दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर गौतम वीर ने कहा कि नशा एक धीमी मौत है जो शारीरिक और मानसिक चेतना को नष्ट कर देता है। यह सुख का भ्रम देता है। नशे की लत से उभरने का सफर कठिन हो सकता है लेकिन हर दिन का संघर्ष आपको मजबूती देता है।"आज नशा जो खाता तू है,कल तुझको नशा ये खाएगा"। इस सच्चाई को समझें और आज ही इसे छोड़ने का संकल्प ले। नशा छोड़ने मतलब परिवार को खुशहाली वापस लौटना है। नशा मुक्ति एक स्वस्थ जिम्मेदार और सार्थक जीवन की ओर पहला कदम है। प्राचार्य ने कहा कि नशा सिर्फ एक बुरी लत नहीं, बल्कि एक जानलेवा बीमारी है जो तन-मन-धन तीनों को बर्बाद कर देती है। इससे दूर रहकर ही एक स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन का आनंद लिया जा सकता है, अत: नशे को छोड़े और जीवन को अपनाए। एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि राष्ट्र के विकास के लिए नशा एक बड़ी बाधा है। युवाओं को इससे दूर



रहकर जागरूक जीवन जीना चाहिए। जो व्यक्ति नशा करता है वह अपने असली लक्षण से भटक सकता है और बुरे मार्ग पर जा सकता है, अत: हमें इससे बचना चाहिए। महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल समिति के सदस्य डॉक्टर सुनीता कुमारी डॉक्टर सुरजीत सिंह ने भी अपने विचारों से छात्र-छात्राओं को नशे का हानिकारक प्रभाव बताते हुए कहा कि नशे का सेवन करने से व्यक्ति की सोच और व्यवहार नकारात्मक हो जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉक्टर रीमा सिन्हा, डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर शिखा जैन, डॉक्टर सुरजीत सिंह, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर इंदु अरोड़ा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के शमा मलिक, सपना, रश्मि, गौरव ,संगम, समीर, रिहान, कृष्णा ,निशु ,सानिया, गुलनाज, आराधना आदि छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

# महमूदपुर नदी में रात-दिन अवैध खनन से ग्रामीणों में आक्रोश

**पिरान कलियर।** महमूदपुर नदी में लंबे समय से चल रहे अवैध खनन ने लोगो की नींद उड़ा दी है। खनन माफियाओं द्वारा दिन-रत नदी को छलनी किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक मूकदर्शक बने हुए हैं। इससे आक्रोशित स्थानीय लोगो ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को प्रार्थना पत्र सौंपकर अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।कलियर महमूदपुर निवासी जिल्ल्हू नम्बरदार ने पत्र के माध्यम से बताया कि रात के अंधेरे में डंपरों की कतार लगाकर नदी से अवैध खनन किया जा रहा है।

# विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विधायक हाजी फुरकान अहमद ने ब्रस्पतिवार को रांघड़वाला में राज्य योजना के तहत बनने वाली सड़क का फीता काटकर शिलान्यास किया। लगभग 400 मीटर लंबी इस सड़क के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी।विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनका लक्ष्य है, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।इस अवसर पर विधायक ने राज्य प्राथमिक विद्यालय का भी दौरा किया और विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान जयवीर, विनीत, सुभाष, राजवीर, समय सिंह, रणवीर, गोवर्धन, अशोक, मुस्तफा, कवरपाल, गामा,



नफीस, बिट्टू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# झबरेड़ा में शिव चौक के पास स्पीड ब्रेकर न होने से आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे मैं स्थित शिव चौक के पास मुख्य मार्ग पर एक भी स्पीड ब्रेकर नहीं होने से यहां पर प्रतिदिन दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। कस्बे वासियों ने शिव चौक के दोनों और स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग नगर पंचायत झबरेड़ा से की है।

कस्बा निवासी राजपाल सिंह बिट्टू चौधरी सुरेंद्र कुमार यशवीर सिंह शमशाद अहमद भोला सिंह जमशेद मलिक कुंवर पाल नीटु गुप्ता आदि का कहना है कि कस्बे मैं स्थित शिव चौक के दोनो ओर से मुख्य मार्ग निकलते हैं। शिव चौक के एक और से जहाँ गुरुकुल मार्ग तथा दूसरी ओर से झबरेड़ा मंगलौर मार्ग निकलता है। यहां दोनों मार्गों पर एक भी स्पीड ब्रेकर नहीं होने से प्रतिदिन कोई ना कोई सड़क दुर्घटना होनी आम बात हो गई है। यहां पर सड़क चौड़ी होने के कारण यहां से होकर जाने वाले बाइक सवार तथा अन्य वाहन स्पीड कम करने के बजाय वाहन की स्पीड को और बढ़ा देते हैं। वाहनों की तेज रफ्तार होने के कारण दुर्घटना होती रहती है।

**सड़क किनारे बड़े वाहन खड़े करने से बढ़ रहे हैं हादसे**-सड़क किनारे ट्रक डंपर आदि बड़े वाहन सड़क किनारे खड़े नहीं करने के उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद भी कुछ ट्रक चालको पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। कस्बे में सड़क किनारे अक्सर कहीं भी ट्रक व डंपर खड़े देखे जा सकते हैं। जिससे सड़क दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है ।कस्बे व क्षेत्र वासियों द्वारा सड़क किनारे कोई भी बड़ा वहान नही खड़े करने की मांग शासन प्रशासन से की है। घना कोहरा पड़ने से सड़क किनारे खड़े वाहनों में कार व दो पहिया वाहनों की कई बार टक्कर होने से बड़े हादसे होते रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे वाहनों का खड़ा होना खतरे से खाली नहीं रहता।

## खेडाजट्ट गोलीकांड :तमंचे सहित एक दबोचा

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर क्षेत्र के ग्राम खेडाजट्ट में हुए सनसनीखेज गोलीकांड में हरिद्वार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पुलिस ने इस मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के मात्र 48 घंटे के भीतर अब तक कुल तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें से दो को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।तीसरे आरोपी शिव चौधरी पुत्र उधम सिंह,निवासी: ग्राम खेडाजट्ट को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अवगत कराने की तीन फरवरी की सायं ग्राम खेडाजट्ट में दो पक्षों के अराजक तत्वों के बीच आपसी विवाद के दौरान फायरिंग की घटना हुई थी, जिसमें दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

## कंपनी के जहरीले पानी से फसलें तबाह

**पिरान कलियर।** बेडपुर क्षेत्र के किसानों ने सिल्वर क्राउन फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से निकलने वाले गंदे व जहरीले पानी से फसलों को हो रहे नुकसान को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को शिकायत पत्र सौंपा है। किसानों ने कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। बेडपुर के किसान अहसान, दीपक कुमार, अनुज कुमार, अजय सैनी, राजेश कुमार, साजिद, गुलाम साबिर, नोशाद व इरफान ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ को दिए गए पत्र में बताया कि सिल्वर क्राउन फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से निकलने वाला दूषित पानी उनके खेतों में जा रहा है। इससे फसलें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं और किसानों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।किसानों का कहना है कि वे कई बार कंपनी के अधिकारियों से पानी की सप्लाई बंद करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन उनकी शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया गया।

# बिनारसी हत्याकांड : पुलिस ने दोनों पक्षों के 11 आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ग्राम बिनारासी में एक फरवरी को हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में भगवानपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 11 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मुख्य आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार रविदास जयंती शोभायात्रा के सकुशल संपन्न होने के बाद शाम करीब पांच बजे पुरानी रंजिश के चलते आरोपी विशाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव के युवक आनंद को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित आनंद पक्ष के लोगों ने विशाल के चाचा मांगेराम की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी।

इस दौरान विशाल पक्ष के घरों में आगजनी और तोड़फोड़ भी की गई, जिससे क्षेत्र में तनाव फैल गया। दोनों पक्षों की तहरीर पर भगवानपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए। मृतक मांगेराम के पुत्र जोनी की तहरीर पर अनुज समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ, जबकि मृतक आनंद के पिता लक्ष्मीचंद की तहरीर पर विशाल व अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने गांव में पुलिस बल तैनात कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए और कुछ पुलिस कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की। साथ ही विशेष टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए गए। पुलिस टीम ने चार फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर मुकदमा 65/2026 में हुस्नलाल, अक्षय, सुनील, भूपेंद्र, टिकू, रोहित, असकेन्द्र और अवनेश उर्फ हनुमान को गिरफ्तार किया। वहीं विशाल, हिमांशु और निखिल को पकड़ा गया।

# लंढौरा क्षेत्र में विजिलेंस की छापेमारी, 14 जगहों पर पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** विजिलेंस व विधुत विभाग की टीम ने मुंडलाना बिजलीघर क्षेत्र के दो गांवों में छापेमारी करते हुए 14 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी है। विभागीय अधिकारी पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे है।

मुंडलाना बिजलीघर क्षेत्र के अकबरपुर ढाढेध्की व निजामपुर गांव में लंबे समय से बिजली चोरी को लेकर मिल रही शिकायतों की रोकथाम को लेकर वीरवार को लंढौरा विधुत उप स्टेशन के एसडीओ गुलशन बुलानी के नेतृत्व में विजिलेंस व उर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। एसडीओ गुलशन कुमार बुलानी ने बताया कि टीम द्वारा 3 दर्जन से अधिक जगहों पर जांच की गई जिसमें 2 दर्जन से अधिक घरों में बिजली चोरी होती पाई गई है। पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर आगे भी अभियान जारी रहने की बात कही। उर्जा निगम द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी से बिजली चोरों में दिन भर हडकंप मचा रहा। टीम में विजिलेंस के सहायक अभियंता धनंजय सिंह, सहायक अभियंता विकास कुमार व मुंडलाना बिजलीघर की अवर अभियंता संजना सिंह व लाइन स्टाफ मौजूद रहे।

# प्लाट दिलाने के नाम पर महिला से 22 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षेत्र के सलेमपुर राजपुतान निवासी कुसुम देवी ने तहरीर में बताया कि लक्सर के हरिद्वार मार्ग निवासी राधेश्याम और उनकी पत्नी दीपा सैनी के साथ उनकी रिश्तेदारी है। 13 जून 2025 को वह अपने पुत्र आदित्य सैनी व परिवार के मदनपाल व बेबी के साथ उनके घर आए और परेशानी बताते हुए उनसे 14 लाख रुपये उधार लिए। 24 जून को वह दोबारा उनके घर आए और पैसे वापस करने की बात कहते हुए उन्हें लक्सर स्थित अपना एक प्लॉट बेचने की बात कही। उन्होंने इसपर हामी भर दी। लक्सर के गोवर्धनपुर मार्ग पर प्रोविजन स्टोर चलाने वाले दिवाकर ने उन्हें प्लॉट दिखाया। सौदा तय होने पर उन्होंने 4 लाख रुपये तत्काल टोकन मनी के तौर पर आदित्य सैनी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद किस्तों ने आरोपियों ने उनसे 22.80 लाख की रकम ले ली। अक्तूबर माह में प्लॉट की रजिस्ट्री होनी थी। 16 अक्तूबर को वह अपने पुत्र और पुत्रवधू के साथ लक्सर तहसील पहुंची। यहां पहुंचकर उन्हें पता लगा कि जिस प्लॉट का सौदा उनके साथ किया गया है। आरोपी इस प्लॉट का 14 जनवरी को ही किसी अन्य महिला के नाम इकरारनामा कर चुके हैं। उन्होंने आरोपियों से इसकी शिकायत करते हुए पैसे वापस करने को कहा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पैसे वापस करने से इन्कार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी आदित्य सैनी, दीपा सैनी, राधेश्याम, मदनपाल, बेबी और दिवाकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# सीडीओ व दर्जामंत्री ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा की अध्यक्षता में विकासखंड विकासखंड रुड़की के न्याय पंचायत खंजरपुर पंचायत घर टोडा कल्याणपुर अहतमाल में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 2251 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 1245 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, इस शिविर में 5238 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग।

आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 66 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 46 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर)देशराज कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है तथा उनकी समस्याओं का त्वरित गति से समाधान सुनिश्चित करना है। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न



विभागों से संबंधित कुल 66 समस्याएं दर्ज कराई गईं, जिनमें से 46 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को भरपूर लाभ हो रहा है। राज्य मंत्री एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री/भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्रवासियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। शिविर में विधायक उमेश कुमार शर्मा,ग्राम प्रधान वाजिद अली,जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, खंड विकास अधिकारी सुमन कोटियाल सहित क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण, अधिकारी व कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**आवश्यक सूचना**

**ऋण रिकवरी अपिलीय अधिकरण इलाहाबाद**

डायरी सव-1343-वर्ष 2023

प्रतिवादी संख्या 02-मेसर्स दी लिकर शॉप रजिवऑफिस G-19 रेस कोर्स देहरादून, पेनकार्ड नव-AAGFT0268 प्रतिवादी संख्या 3-रामसागर जायसवाल पुत्र शिव प्रसाद निवासी नेहरू कॉलोनी देहरादून, हाल निवासी शक्तिनगर कनखल पोस्ट व शांतिपुरम कॉलोनी निकट फुटबाल ग्राउंड जगजीतपुर थाना कनखल जिला हरिद्वार प्रतिवादी संख्या 5-अनीता जायसवाल पुत्री राजकिशन पत्नी रामकुमार जायसवाल निवासी E-12 नेहरू कॉलोनी देहरादून, हाल निवासी G-19 रेस कोर्स देहरादून थाना नेहरू कॉलोनी देहरादून आपको सूचित किया जाता है की अपीलकर्ता कुलदीप सिंह द्वारा एक अपील कुलदीप सिंह बनाम पंजाब नेशनल बैंक गुरुकुल काँगड़ी हरिद्वार आदि, ऋण रिकवरी अपिलीय अधिकरण इलाहाबाद में की गई है जिसकी डायरी संख्या 1343 वर्ष 2023 व अध्यक्ष श्रीमान आर डी खरे है अत: आप प्रतिवादी संख्या 2, 3 व 5, 17/03/2026 को अपीलय अधिकरण के समक्ष स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना सुनिश्चित करे

**अध्यक्ष**
**श्रीमान आर डी खरे**

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 6 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम की सुरक्षा

गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने सदन में पीएम की सुरक्षा को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ लोकसभा में बड़ी घटना हो सकती है। इसलिए बुधवार की शाम पांच बजे होने वाली पीएम मोदी की स्पीच टालनी पड़ी। उनके अनुसार पीएम सदन में मौजूद थे, उन्होंने ही उन्हें न आने का आग्रह किया था। गुरुवार को पीएम मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोले जरूर, लेकिन हंगामा बढ़ता देख उनका भाषण पूरा नहीं हो सका। लोकसभा स्पीकर का यह भी कहना था कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय में जो हुआ वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। ओम बिडला का यह भी कहना था कि जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद पीएम की सीट के पास पहुंच गए थे, विपक्ष की कई महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची। यह बिल्कुल संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। गुरुवार को पीएम मोदी के भाषण के समय लोकसभा स्पीकर ने पहली बार 65 सेकेंड में, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। विपक्षी मांग कर रहे थे कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात नहीं रखने दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा। इस तरह बजट सत्र के सातवें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया और 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव पीएम के भाषण के बिना पास हुआ। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी सदन में यह कहने से नहीं चूके कि विपक्ष चाहे कुछ भी कहे, लेकिन उनकी विकास यात्रा को नहीं रोक सकता। उन्होंने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी गलतियों को ठीक करने में जा रही है। पीएम मोदी का कहना था कि देश का हर व्यक्ति महसूस कर रहा है कि अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि आज विकसित देश भारत के साथ ट्रेड समझौते कर रहा है। यह काम भारत अपनी शर्तों पर कर रहा है, लेकिन विपक्ष को यह सब रास नहीं आ रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि जब वह 2014 में आए थे तो भारत अर्थव्यवस्था में विश्व पर छठें नंबर पर था। आज तीसरे नंबर पर आने को आतुर है। अच्छा होता कि सदन में चर्चा के लिए वातावरण बनाया गया होता। अगर सरकार सच में इतनी आवश्वस्त है और उसके फैसले भारत के पूरी तरह हित में हैं, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है, तो यह तो और भी जरूरी हो जाता है कि सरकार इस सच को देश के सामने रखे। इससे सरकार को ही लाभ होगा और बिना वजह का संदेह भी समाप्त होगा, लेकिन हो इसके उलट रहा है। सरकार भी नहीं चाहती कि सदन के भीतर कोई स्वस्थ चर्चा हो।

## सरकार और किसान एआई पर काम कर रहे



डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिये किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उप्र इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

# आर्थिक लाभ या जोखिम





रजनीश कपूर

केंद्रीय बजट के बाद जिस तरह से सोने-चांदी में भारी गिरावट दिखाई दी, उससे निवेशक अभी संभले ही नहीं थे कि हाल ही में घोषित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ने वैश्विक व्यापार जगत को हिला दिया है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ को शून्य करने और रूसी तेल खरीद कम करने का वादा किया है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मिश्रित परिणाम ला सकता है, जहां निर्यात को बढ़ावा मिलेगा लेकिन कृषि प्रधान देश भारत में, कृषि के क्षेत्र में चुनौतियां अवश्य सामने आएंगी।

माना जाता है कि यह समझौता जुलाई 2025 से चले टैरिफ युद्ध का परिणाम है, जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ लगाया था। इस समझौते के बाद अब कुल प्रभावी टैरिफ 18 प्रतिशत रहेगा, जो वियतनाम (20 प्रतिशत) और चीन (34 प्रतिशत) से बेहतर है। समझौते के दावों के अनुसार भारत ने अमेरिकी ऊर्जा, रक्षा, कृषि उत्पादों पर 500 अरब डॉलर की खरीद का वचन दिया है, जिसमें पेट्रोलियम, डेयरी और नट्स शामिल हैं। हालांकि, पूर्ण विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, केवल सोशल मीडिया पोस्ट और अधिकारियों के बयानों पर ही तमाम खब्बरें और विश्लेषण आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि यह समझौता भारत के निर्यात को बढ़ावा अवश्य दे सकता है। खासकर वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग उत्पादों में। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अमेरिकी बाजार में प्रवेश से भारत की जीडीपी में 0.6 प्रतिशत वृद्धि से 7.4 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। सीईए वी। अनंता नागेश्वरन के अनुसार यह समझौता निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा और रुपये को स्थिर भी कर सकेगा। हालांकि, अमेरिकी आयात बढ़ने से व्यापार अधिशेष कम हो सकता है और ऊर्जा आयात बिल बढ़ सकता है क्योंकि रूसी तेल सस्ता था। कुल मिलाकर, लघु अवधि में सकारात्मक लेकिन दीर्घकालिक असंतुलन का खतरा हो सकता है। फिलहाल सरकार ने इस समझौते को लेकर किसी भी तरह की औपचारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की, जिससे सवाल उठे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की, जबकि पीएम मोदी ने केवल धन्यवाद दिया। विपक्ष का आरोप है कि संवेदनशील रियायतें, जैसे कि कृषि बाजार खोलना, छिपाई जा रही हैं ताकि किसान आंदोलन न भड़के। यह पारदर्शिता की कमी राष्ट्रीय हितों पर सवाल खड़े करती है, क्योंकि व्यापार संधियों में आमतौर पर पूर्ण खुला-सा किया जाता है। जानकारों के अनुसार, यह रणनीतिक गोपनीयता लगती है लेकिन वहीं ए लोकतांत्रिक जवाबदेही को कमजोर करती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे 'सरेंडर 2.0' कहा और आरोप लगाया कि मोदी सरकार दबाव में झुकी और किसानों के हित बेचे। उन्होंने संसद में चर्चा रोकने का आरोप लगाया, जबकि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्ष पर हंगामा करने का इल्जाम लगाया। विपक्ष का मुख्य मुद्दा असमानता है। अमेरिका 18 प्रतिशत टैरिफ रखे, भारत शून्य दे। यह साफ तौर पर 'ट्रंप-निरभरता' है। राजनीतिक रूप से देखा जाए तो यह मौजूदा बजट सत्र में सरकार को घेरने का हथियार है, लेकिन मूल चिंता कृषि और ऊर्जा सुरक्षा की है।

जानकार मानते हैं कि इस समझौते के कुछ संकेत स्पष्ट हैं। 2025 में 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत के निर्यात में गिरावट आई। अगस्त में 6.86 अरब डॉलर से अक्टूबर में 6.30 अरब। ट्रंप की 'आर्थिक ब्लैकमेल' नीति ने रूसी तेल खरीद को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारी कीमत चुकाने को तैयार' कहा था। सेवानिवृत अफसरों ने सलाह दी कि बुरा समझौता न करें। यह दबाव रणनीतिक था, चीन के विकल्प के रूप में भारत को मजबूत करना तो ठीक था, लेकिन भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर सवाल भी उठने लगे। अगर शर्तें एकतरफा हों तो समझौता न करना ही बेहतर था। वहीं इस समझौते को लेकर अर्थशास्त्री विभाजित हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, निर्यात 64 प्रतिशत बढ़ सकता है, लेकिन अगर समझौता विफल होता है तो जीडीपी पर 0.7 प्रतिशत नुकसान संभव है।

आशावादी अर्थशास्त्रियों का मानना है किजीडीपी 7.4 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। लेकिन वजाहत हबीब जैसे विशेषज्ञ असमानता पर सवाल उठाते हैं- 0 बनाम 18 प्रतिशत टैरिफ, किस दृष्टि से सही है? एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि डेयरी को 1.03 लाख करोड़ का नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विनिर्माण को फायदा लेकिन कृषि को खतरा संभव है इसलिए संतुलित सुधार जरूरी हैं। गौरतलब है कि भारत जैसे देश में कृषि क्षेत्र सबसे संवेदनशील है। समझौते के मुताबिक अमेरिका बादाम, सोयाबीन तेल, कपास और डेयरी निर्यात बढ़ाएगा। डेयरी में, वर्तमान 60 प्रतिशत टैरिफ कम होने से कीमतें 15 प्रतिशत गिर सकती हैं, जिससे किसानों को 1.03 लाख करोड़ का वार्षिक नुकसान हो सकता है। आयात 25 मिलियन टन बढ़ सकता है, 1-2 गाय वाले छोटे किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। अमूल जैसे कोऑपरेटिव भी प्रभावित होंगे। पूर्व व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि इससे किसान का विरोध भड़क सकता है। वहीं सकारात्मक पक्ष इस बात का दावा भी कर रहे हैं कि प्रोसेस्ड एग्री निर्यात बढ़ सकता है, लेकिन इस क्षेत्र में संरक्षण जरूरी है। यह आम नागरिकों की आजीविका को जोखिम में डालता सकता है, जहां 80 प्रतिशत कृषि छोटे किसानों पर निर्भर। भू-रणनीतिक की दृष्टि से यह समझौता जरूरी था, क्योंकि चीन के मुकाबले भारत को मजबूत करना, एक अच्छी रणनीति अवश्य है लेकिन यह आर्थिक रूप से असंतुलित है। एक ओर टेक्सटाइल और फार्मा आदि क्षेत्रों में निर्यात अवश्य बढ़ेगा, लेकिन 'बाय अमेरिकन' की नीति से घरेलू उद्योग अवश्य दब सकते हैं। कृषि में अमेरिकी सब्सिडी उत्पाद सस्ते आयात से ग्रामीण संकट बढ़ा सकते हैं। ऐसे में पारदर्शिता की कमी जनता के बीच विश्वास घटाती है। आत्मनिर्भर भारत के लिए यह अवसर अवश्य हो सकता है लेकिन ध्यान रहे कि देश की आर्थिक नीति की सुरक्षा के लिए सावधानी अवश्य बरतनी होगी, कोई भी देश सर्वोच्च नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कितना सेहतमंद है बोतलबंद पानी

**स्पष्ट है कि शुद्ध और स्वच्छ जल के नाम पर बिकने वाला बोतलबंद पानी लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। साथ ही प्लास्टिक की बोतल के निर्माण के दौरान होने वाली अतिरिक्त जल की बर्बादी से भूजल स्तर में कमी हो रही है। पेयजल का कोई सुरक्षित विकल्प खोजना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।**



भारत में पानी की गुणवत्ता का हमारे स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। यदि पेय जल प्रदूषित हो तो यह जहर के समान हो जाता है। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण इस हद तक बढ़ गया है कि ज्यादातर जल स्रोत प्रदूषित हो गए हैं। समूचा विश्व जल संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में सभी लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल मिल पाना अपने आप में एक चुनौती हो गई है।

कुछ सालों पहले से बोतलबंद पानी दुनिया भर के बाजारों में बिकना शुरू हुआ। जिसे कंपनियों ने यह कहकर बेचना शुरू किया था कि यह स्वच्छ, शुद्ध और खनिज युक्त है। जिसे वास्तविकता मान कर लोग इसे धड़ल्ले से खरीदने लगे हैं, पर क्या वास्तव में बोतलबंद पानी खनिज युक्त होता है और क्या यह हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है? पहले तो यह स्पष्ट करते चलें कि बाजार में बिकने वाला हर बोतलबंद पानी मिनरल वॉटर नहीं होता है। मिनरल वॉटर वह पानी होता है जो ऐसे प्राकृतिक स्रोतों से भरा जाता है जहां के पानी में कई लाभदायक खनिज तत्व पाए जाते हैं। यह स्वास्थ्यवर्धक लवणों, खनिजों से भरपूर और ऑक्सीजन युक्त होता है। जो स्वाद में अच्छा और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। बाजार में उपलब्ध अधिकतर बोतलबंद पानी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर होता है। पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर नल से आने वाला सामान्य पानी होता है जिसे फिल्टर से छान कर, रिवर्स ऑस्मोसिस, ओजोन ट्रीटमेंट आदि से साफ करके पैक कर दिया जाता है। इसी प्रकार, लोगों में आरओ सिस्टम को लेकर भ्रांति है कि इससे नितांत शुद्ध व स्वच्छ जल मिलता है, किंतु वास्तव में आरओ सिस्टम से गुजरा हुआ पानी भी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। कारण, क्योंकि आरओ सिस्टम में लगे फिल्टर कुछ दिनों बाद ही पानी को साधारण तरीके से फिल्टर करने लगते है। बोतलबंद पानी को लेकर अमेरिका में हुई रिसर्च से पता चला है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के खतरनाक कण मिल रहे हैं। अमेरिकी संस्था नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल के अनुसार बोतल बनाने में एन्टिमनी का उपयोग किया जाता है। इस वजह से बोतलबंद पानी को अधिक समय तक रखने पर उसमें एन्टिमनी की मात्रा घुलती जाती है। इस रसायन युक्त पानी को पीने से कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में बोतलबंद पानी पर शोध कर बताया है कि भारत सहित दुनियाभर में मिलने वाले बोतलबंद पानी में 93 फीसदी तक प्लास्टिक के महीन कण देखे गए हैं। इसके अतिरिक्त जिन प्लास्टिक की बोतलों में मिनरल या फिल्टर वॉटर बिकता है वे पॉलीएथिलीन टेरीथेलेट PET की बनी होती हैं।

# नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी



यशोदा श्रीवास्तव



नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। यूं कहें तो नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वहीं पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की .ष्टि से जरूर देख रहे हैं। नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है। लेकिन इसका भी कोई क्लीयर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है लेकिन समस्याएं जस की तस है। बेरोजगारी, पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है, यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है परिणाम चौंकाने वाला हो। लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहें हैं। इनका टीवी टाक शो नेपाल में काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे। हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के के भरोसे है।

काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह जब मेयर थे तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनके राजनीति का केंद्र बिंदु यही है तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है। यह चुनाव शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म ष्हामी नेपालष के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थे के यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी। आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमेकर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसाई द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाणी को लेकर वे सुर्खियों में थे।अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। नेपाल के चुनाव में इस बार मधेश मुद्दा गायब है। लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी है। ए लोग खुद को भारत के करीब जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों। लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सकता। नए सीमांकन का नतीजा यह हुआ कि मधेशी उम्मीदवारों को पहाड़ के वोटरों पर निर्भर रहना मजबूरी हो गया। इसी तरह पहाड़ी उम्मीदवार को मधेश के वोटरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसा हो जाने से पहाड़ और मधेश का भेद जरूर समाप्त हो गया लेकिन मधेश के नेताओं और मधेश आधारित राजनीतिक दलों का अस्तित्व भी समाप्त हो गया।राजशाही खत्म होने के बाद ढेर सारे मधेशी दलों का उदय हो गया था। ये दलें मधेशी समस्याओं के समाधान के नाम पर चुनाव जीतते रहे और इसी आधार पर भारत से भी निकटता बनाए रहे। मधेशी दलों ने मधेश और यहां के नागरिकों के भलाई के लिए तो कुछ नहीं किया, हां सत्ता की मलाई काटने के लिए वैचारिक रूप से अपने विरोधी दलों की सरकारों में मंत्री और अन्य उच्च पद जरूर हासिल करते रहे। नेपाल के विकास में मधेश का भी उतना ही योगदान है जितना पहाड़ी समाज का लेकिन सरकारी तौर पर इनकी उपेक्षा हर क्षेत्र में होती रही। राजशाही के जमाने से आज की लोकतांत्रिक सरकार में भी। मधेश के लोगों को लोकतंत्र और संविधान से काफी अपेक्षाएं थीं लेकिन इन्हें परिवर्तन की जरा भी अनुभूति नहीं हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



परिचम बंगाल। नादिया में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई के दौरान दस्तावेज की व्यवस्था करते लोग।

## न्यूजीलैंड में अंतर्राष्ट्रीय अभियान में 4.2 टन की कोकीन जब्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार की एजेंसियों ने फ्रांस के अधिकारियों के साथ मिलकर फ्रेंच पोलिनेशिया में एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अभियान के तहत 4.24 टन कोकीन जब्त की है। न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा, न्यूजीलैंड रक्षा दल (एनजेडडीएफ) और सरकारी संचार सुरक्षा ब्यूरो (जीसीएसबी) ने अमेरिका की ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी (डीईए) की सहायता से फ्रांसिसी अधिकारियों के साथ समन्वय कर सोमवार को एक जहाज को रोका और उस पर मौजूद 4-24 टन कोकीन को जब्त किया।

## अमेरिका के तीन जनवरी के हमले की जांच कर रहा वेनेजुएला

**काराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह की या किस स्तर की है लेकिन उन्होंने यह इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था। लोपेज ने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रीय गरिमा दिवस पर दिया।

# भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस

### कहा: इसमें कुछ भी गलत नहीं, भारत ने तेल खरीद रोकने की आधिकारिक जानकारी नहीं दी

**मास्को।** रूस ने कहा कि भारत किसी भी देश से क्रूड आयल खरीदने के लिए पूरी तरह आजाद है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कभी भी भारत का एकमात्र एनर्जी पार्टनर नहीं रहा है। अगर भारत तेल की खरीद किसी और देश से करता है, तो इसे गलत नहीं माना जाना चाहिए।

पेस्कोव ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने एक दिन पहले भी यही बात कही थी कि नई दिल्ली से ऐसा कोई मैसेज नहीं आया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीद रोकने को तैयार हो गया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बदले में भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से



■ भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई

जुड़ी टैरिफ की रुकावटें भी कम करेगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को रूस और भारत के बीच हाइड्रोकार्बन व्यापार जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा भारत की रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है। हम अपने भारतीय साझेदारों के साथ निकट सहयोग जारी रखने के लिए तैयार हैं। इस बीच रूस के एनर्जी एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के लिए रूसी तेल को पूरी तरह छोड़कर किसी और देश का तेल लेना आसान नहीं है। नेशनल एनर्जी सिक्योरिटी फंड के विशेषज्ञ इगोर युशकोव ने बताया कि अमेरिका जो तेल बेचता है, वह हल्का होता है, जबकि रूस, भारत को भारी और सल्फर वाला यूराल्स क्रूड सप्लाई करता है जिसका इस्तेमाल भारतीय रिफाइनरियां करती हैं।

उन्होंने कहा कि अगर भारत अमेरिका से हल्का तेल खरीदेगा, तो उसे दूसरे तेलों के साथ ब्लेंड (मिक्स) करना पड़ेगा, ताकि मशीनें ठीक से चल सकें। ऐसा करने पर भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ जाएगी। यानी कि भारत को अमेरिकी तेल खरीदना ज्यादा महंगा पड़ेगा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है। भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। वहीं भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और तेल खरीद से जुड़े सभी फैसले राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार के लिए 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना मेन टारगेट है।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार नहीं डालेंगे फिलिस्तीन के विरोधी गुट

**गाजा।** फलस्तीन के विरोधी गुटों ने इजरायल की मांग के बावजूद अपने हथियार अपने पास रखने का फैसला किया है। पीआईजे ने बुधवार को यह जानकारी देते कहा सभी विरोधी गुटों के बीच सहमति है कि वे फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास ही रखेंगे। पीआईजे के उप-महासचिव मोहम्मद अल-हिन्दी ने एक बयान में कहा कि विरोधी गुटों के बीच आम सहमति है कि हम फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास रखेंगे। हमने इन हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में मध्यस्थों के साथ अपना लचीलापन साझा किया है।

### नाइजर की सेना ने एक हफ्ते में मारे 47 आतंकवादी

**नियामे।** नाइजर के रक्षा और सुरक्षा बलों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने 26 जनवरी से एक फरवरी के बीच पूरे देश में लक्षित हवाई हमलों और लगातार जमीनी अभियानों के जरिए 47 आतंकवादियों को ढेर किया और 21 अन्य को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रीय टेलीविजन टेली साहेल पर प्रसारित एक साप्ताहिक सूचना बुलेटिन के अनुसार, इन अभियानों के दौरान बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद किए गए, जिनमें हथियार, गोला-बारूद, वाहन और ईंधन शामिल हैं।

### ताइवान की सीमा के नजदीक दिखे चीनी सैन्य जहाज और विमान

ताइपे। ताइवान के वायु क्षेत्र के पास गुरुवार को 12 चीनी विमान उघन भरते नजर आए जबकि क्षेत्रीय जलक्षेत्र के पास सात नौसैनिक जहाजों को देखा गया। ताइवान की रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि गुरुवार की सुबह छह बजे तक तक 12 उड़ानों को देखा गया, जिनमें से 11 ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। मंत्रालय ने कहा कि हमने स्थिति की निगरानी की और इसका जवाब दिया है।

# डोभाल की बैकडोर वार्ता के बाद अमेरिकी ट्रेड डील

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने स्पष्ट किया था भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितम्बर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल को वाशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति



■ भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे

डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है। पीएम मोदी पिछले साल सितम्बर में चीन दौरे पर गए थे, वहां उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रम्प और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते दोबारा पटरी पर आ सकें। उस वक्त भारत ट्रम्प के बयानों से नाराज था, क्योंकि अगस्त में ट्रम्प ने भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैक्स लगा दिया था। ट्रम्प ने भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड' (मरी हुई) कहा था और आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में मदद कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल की इस बातचीत के कुछ ही दिनों बाद हालात बदलते दिखने लगे। 16 सितम्बर को ट्रम्प ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन किया और उनके काम की तारीफ की। इसके बाद साल के अंत तक दोनों नेताओं के बीच चार बार और फोन पर बातचीत हुई। इसी दौरान दोनों देश टैक्स कम करने वाले समझौते की तरफ बढ़ते रहे। ट्रम्प ने सोमवार यानी 2 फरवरी को अचानक सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की है और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो गई है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि इसके बदले भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदेगा, वेनेजुएला से तेल लेगा और अमेरिकी सामान पर टैक्स पूरी तरह खत्म करेगा। हालांकि भारत सरकार ने इन बातों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और कोई लिखित समझौता भी सामने नहीं आया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐलान से नई दिल्ली में कई बड़े अधिकारी भी चौंक गए। यहां तक कि जो लोग ट्रेड बातचीत में शामिल थे, उन्हें भी उस दिन मोदी और ट्रम्प की काल के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अमेरिका से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा था।

## रूस, यूक्रेन और अमेरिका के बीच 314 कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति

**अबू धाबी।** रूस, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने 314 युद्धबंदियों की अदला-बदली करने पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने गुरुवार को यह महत्वपूर्ण घोषणा की। पिछले पांच महीनों में दोनों देशों के बीच यह अपनी तरह का पहला कैदी विनिमय समझौता है। अबू धाबी में इन दिनों चल रही शांति वार्ता का एक बड़ा परिणाम माना जा रहा है। विटकोफ ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता दो दिनों तक चली 'विस्तृत और उत्पादक' शांति वार्ता के बाद हासिल हुई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हालांकि यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पूर्ण शांति की दिशा में अभी भी 'महत्वपूर्ण कार्य' किया जाना शेष है। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी हफ्तों में और अधिक प्रगति की उम्मीद है और चर्चा जारी रहेगी। गौरतलब है कि अबू धाबी में अमेरिका की मध्यस्थता में चल रही इस वार्ता का दूसरा दौर बुधवार को शुरू हुआ था। इससे पहले 24 जनवरी को आयोजित पहले दौर की बैठक बिना किसी ठोस समझौते या संयुक्त बयान के समाप्त हो गई थी।

# अमेरिका राजी, मस्कट में शुक्रवार को होगी ईरान से बैठक

**काहिरा।** ईरान और अमेरिका के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच दोनों देश शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता करने पर सहमत हो गए हैं। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कुछ दिनों से वार्ता के स्थान और एजेंडे को लेकर दोनों पक्षों में सार्वजनिक मतभेद सामने आ रहे थे, जिससे आपसी गहरे मतभेद उजागर हुए थे। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि वार्ता शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे मस्कट में होगी।

उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए ओमान का आभार भी जताया। इसके तुरंत बाद कई पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने बताया कि कम से कम नौ पश्चिम एशियाई देशों के हस्तक्षेप और आग्रह के बाद अमेरिका ने ओमान में वार्ता के लिए सहमति दे दी है। इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को तुर्की के इस्तांबुल में बैठक करने पर सहमति बनी थी, जिसमें कुछ पश्चिम एशियाई देशों को पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होना

■ इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है

था। ईरान ने मंगलवार को कथित तौर पर प्रस्ताव दिया था कि वार्ता को ओमान स्थानांतरित किया जाए और इसे केवल परमाणु मुद्दों पर केंद्रित द्विपक्षीय प्रारूप में आयोजित किया जाए। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सिओस ने दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि अमेरिका ने ईरान की इस शर्त को खारिज कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हमने उनसे कहा कि या तो मूल व्यवस्था पर बात होगी या फिर कुछ नहीं, और उन्होंने कहा कि फिर कुछ नहीं। अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि ईरान मूल व्यवस्था पर लौटता है तो अमेरिका आने वाले दिनों में वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन चेतावनी दी कि यदि किसी समझौते तक नहीं पहुंचा गया तो अमेरिका अन्य विकल्पों पर विचार कर सकता है, जिनमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल है। इस नाजुक कूटनीतिक प्रयास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र में सैन्य तनाव भी तेजी से बढ़ा है।

## अमेरिका अखबार में छंटनी: शशि थरूर के बेटे की नौकरी गई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को 800 पत्रकारों में से 300 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। इसमें सीनियर कालमिस्ट ईशान थरूर भी शामिल हैं।

वे कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे हैं। ईशान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि वाशिंगटन पोस्ट ने इंटरनेशनल टीम के कई शानदार पत्रकारों के साथ उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया है। यह न्यूज रूम के लिए बेहद दुखद दिन है। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने बताया कि जेफ बेजोस की कंपनी पिछले कई सालों से घाटे में चल रही थी। इस छंटनी में स्पोर्ट्स सेक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, हालांकि कुछ रिपोर्टर फीचर्स डिपार्टमेंट में

■ वाशिंगटन पोस्ट ने 300 स्टाफ को निकाला, स्पोर्ट्स सेक्शन बंद, भारत में पूरी टीम खत्म

शिफ्ट होकर स्पोर्ट्स की कल्चर कवरेज जारी रखेंगे। लोकल न्यूज सेक्शन छोटा हो जाएगा, बुक्स सेक्शन बंद हो जाएगा और डेली न्यूज पाडकास्ट 'पोस्ट रिपोर्ट्स' भी खत्म हो जाएगा। वाशिंगटन पोस्ट ने मिडिल ईस्ट, इंडिया और आस्ट्रेलिया से भी रिपोर्टर और एडिटर निकाल दिए हैं। ईशान थरूर ने एक पोस्ट में खाली पड़े न्यूज रूम की तस्वीर साझा करते हुए छंटनी को बुरा दिन बताया। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने कर्मचारियों से कहा कि अखबार पाठकों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है।

# बलूचिस्तान में पाक सेना का ऑपरेशन खत्म

### 216 लड़ाके ढेर करने का दावा, 50 से ज्यादा नागरिक-सैनिक हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को जानकारी दी कि अशांत बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोहियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 216 विद्रोही मारे गए हैं। हालांकि, कई दिनों तक चले इस खूनी संघर्ष में 36 आम नागरिकों और सेना के 22 जवानों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी।

सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान दावा किया कि 26 जनवरी को शुरू किया गया 'रद-उल-फितना-1' नाम का यह आपरेशन अब सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। सेना ने बताया कि पंजगुर और हरनाई जिले के बाहरी इलाकों में विद्रोहियों के छिपे होने की पक्की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने

■ इसके बाद सुरक्षा बलों ने वहां कार्रवाई शुरू की

वहां कार्रवाई शुरू की। सेना ने विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला बोला, जिसमें शुरुआत में 41 विद्रोही मारे गए। बाद में सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई और सफाई अभियान के दौरान कुल 216 विद्रोहियों को मार गिराया गया। सेना का दावा है कि इस कार्रवाई से विद्रोही नेटवर्क के नेतृत्व, उनके कमांड स्ट्रक्चर और काम करने की क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता मुहम्मद काशिफ ने बताया कि पांच दिनों तक बंद रहने के बाद बलूचिस्तान में रेल सेवा फिर से बहाल कर दी गई है। हमलों के दौरान कई जगहों पर रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा था, जिससे सुरक्षा कारणों से क्वेटा से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई थी। अब मरम्मत के बाद यातायात सामान्य हो रहा है। उधर, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया। इसमें सरकार से मांग की गई कि वह विद्रोही और उसे मदद देने वालों के खिलाफ एक सख्त और आक्रामक राष्ट्रीय रणनीति अपनाए। गौरतलब है कि ईरान और अफगानिस्तान सीमा से सटा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसा का केंद्र रहा है। यहां बलूच विद्रोही अक्सर 60 अरब डालर वाले चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सी-पैक) प्रोजेक्ट्स को निशाना बनाते हैं।

### पाक के डिप्टी स्पीकर रहे कासिम सूरी यूएस में चला रहे टैक्सी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पीटीआई के वरिष्ठ नेता कासिम खान सूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। कभी पाकिस्तानी संसद के सत्र की अध्यक्षता करने वाले सूरी ने खुलासा किया है कि वे अपना पेट भरने के लिए इन दिनों अमेरिका में उबर टैक्सी चला रहे हैं। हाल ही में पीटीआई की अमेरिकी शाखा के साझा किए गए एक वीडियो में सूरी ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा है। सूरी का आरोप है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन करने की वजह से उन्हें राजनीतिक उत्पीड़न झेलना पड़ा।

## अमेरिकी कोर्ट का फैसला ओरेगन में बिना वारंट अप्रवासी को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे आईसीई ऐजेंट

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में एक फेडरल जज ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि ओरेगन में अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंटों को बिना वारंट के अप्रवासी लोगों को गिरफ्तार करना बंद करना होगा, जब तक कि उनके भागने की संभावना न हो। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने इस मामले में शुरुआती रोक लगा दी है। यह फैसला एक प्रस्तावित क्लास-एक्शन मुकदमे के बाद आया है। यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के उस तरीके के खिलाफ था, जिसमें वे अप्रवासी को देखते ही पकड़ लेते थे। आलोचकों ने इसे 'पहले गिरफ्तार करो, बाद में सही ठहराओ' वाली नीति बताया है।

# अमेरिका रूस के परमाणु हथियारों पर कोई सीमा नहीं

### ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत: एंटोनियों गुटेरेस

नई दिल्ली। पांच फरवरी की आधी रात न्यू स्टार्ट संधि की समाप्ति अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर क्षण है जो शीत युद्ध के बाद पहली बार अमेरिका और रूस के बीच एक अनियंत्रित परमाणु हथियारों की शृंखला या होड़ की संभावना को जन्म देती है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि आधी सदी से भी अधिक समय में पहली बार, हम एक ऐसी दुनिया का सामना कर रहे हैं, जहां रूसी संघ और अमेरिका के सामरिक परमाणु शस्त्रागार पर कोई भी बाध्यकारी सीमा लागू नहीं है। ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत है। पांच दशकों से ज्यादा समय में पहली बार, दुनिया की दो परमाणु महाशक्ति के पास मौजूद लंबी दूरी के परमाणु हथियारों पर कोई आधिकारिक सीमा नहीं है। यह स्थिति 1972 के बाद से



■ इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका

नहीं देखी गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और सोवियत नेता लियोनिद ब्रेझनेव ने मॉस्को में ऐतिहासिक हथियार नियंत्रण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। शस्त्र नियंत्रण के दशकों के प्रयासों पर विचार करते हुए गुटेरेस ने कहा कि शीत युद्ध के दौरान और उसके बाद के समय में इन सरकारों के बीच परमाणु शस्त्र नियंत्रण ने तबाही रोकने में मदद की। इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने राष्ट्रीय शस्त्रागारों से हजारों परमाणु हथियारों की कटौती को सुगम बनाया। महासचिव ने अमेरिका-रूस से राजनयिक बातचीत करने की अपील की, ताकि बिना रोक-टोक के दुनिया में परमाणु विस्तार की वापसी रोकी जा सके। अनिश्चितता के इस समय में भी हमें उम्मीद ढूंढ़नी चाहिए। यह तेजी से बदलते माहौल के लिए एक शस्त्र नियंत्रण प्रणाली को पुर्नस्थापित करने और बनाने का मौका है। रूस ने कुछ समय के लिए मौजूदा स्थिति बनाए रखने की इच्छा जताई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संधि खत्म होने के बाद एक और साल तक 'न्यू स्टार्ट' की सीमाओं का पालन करने को तैयार हैं, बशर्ते अमेरिका भी ऐसा करे। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 29 जनवरी को कहा कि अमेरिका ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है। गुटेरेस ने आखिर में कहा कि दुनिया अब रूसी गणराज्य और अमेरिका से उम्मीद कर रही है कि वे अपनी बातों को कार्रवाई में बदलें। गुटेरेस ने आगे कहा कि मैं दोनों देशों से आग्रह करता हूं कि वे बिना किसी देरी के बातचीत की मेज पर लौटें और एक ऐसे ढांचे पर सहमत हों जो सत्यापन योग्य सीमाओं को बहाल करे, जोखिमों को कम करे और हमारी साझा सुरक्षा को मजबूत करे। चीन ने अमेरिका से बातचीत की अपील की है।

